# विद्युत बॉक्स खुले मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




दीपावली मेला की व्यवस्थाओं को देखते हुए शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने परिक्रमा मार्ग सहित पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तैयारियों का निरीक्षण कर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग के भ्रमण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को अच्छी तरह से साफ-सफाई एवं डस्टबिन रखवाने के निर्देश दिए। कहा कि कंट्रोल रूम की रंगाई-पुताई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए। चोपड़ा तालाब के सामने की खाली पड़ी जमीन की भी साफ-सफाई कराए तथा ढलान पर कारपेट की व्यवस्था करें ताकि तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा न हो। परिक्रमा मार्ग पर उत्तर प्रदेश सीमा में स्थित बार्डर गेट में लगे साइन बोर्ड में स्वागत स्लोगन लिखवाएं। साथ ही अस्थाई दुकानों को भी हटवाएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद परिक्रमा मार्ग में स्थित जर्जर खंबे तथा विद्युत बॉक्स खुले हुए पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्य कराने को कहा। यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग के टूटे हुए पत्थरों को तत्काल बदलवाया जाए तथा परिक्रमा की दीवारों पर पौराणिक थीम पर वाल पेंटिंग भी कराई जाए। डीएम ने रानीपुर भट्ट एवं गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय के पास बनाई गई पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को पार्किंग स्थल की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोनिवि को बेड़ी पुलिया से रामघाट, यूपीटी परिक्रमा मार्ग की तरफ जाने वाले रास्ता के डिवाइडर की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराकर रंगाई-पुताई करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डी के सत्संगी, लोक निर्माण विभाग संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन में किन्हीं कारणों के चलते महिला ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना मायके पक्ष को दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन निवासी रामकुमार की 30 वर्षीय पत्नी ज्योति किन्हीं कारणों से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की खबर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और मृतका के मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। वहीं घटना की वजह के पीछे घरेलू कलह बताई जा रही है, फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दीपदान मेले की तैयारियों का कमिश्नर और डीआईजी ने लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




कमिश्नर एवं डीआईजी बांदा ने शनिवार को आगामी दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा एवं परिक्रमा मार्ग का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिस लाइन में बने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन चित्रकूट में बने शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अधिकारियों ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ आगामी दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा एवं परिक्रमा मार्ग का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाये रखने के लिए वाहन स्टैण्ड तथा रामघाट पर घाटों की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्मोही अखाड़ा के बगल में बने नाले की सफाई कराने तथा पास में बैरिकेडिंग लगवाए, जिससे मेला क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को गिरने से बचाया जा सके। साथ ही मेला में क्षेत्र अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण टैम्पो स्टैण्ड, बस स्टैण्ड आदि चार पहिया वाहनों के खड़े करने के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डी के सत्संगी, लोक निर्माण विभाग के संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नवविवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी में जहरीला पदार्थ खाने से नवविवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालयों पर अतिरिक्त दहेज की खातिर जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी निवासी पूजा देवी 24 वर्ष पत्नी रामकेश उर्फ नितिन कुमार ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।नवविवाहिता पुत्र वधू की हालत बिगड़ते देख परिजनो में हड़कंप मच गया और वह उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झासी रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मामले में मृतिका के चाचा श्याम बाबू निवासी बैरई ने बताया कि 2022 में उन्होंने अपनी समर्थ के अनुसार 12 लाख रुपए नगद और दान दहेज देकर हिन्दू रीति रिवाज से धूमधाम से शादी की थी। विवाह के बाद से उसका पति ससुर सौतेली सास ननद देवर देवरानी सहित ससुरालीजन दहेज में 8 लाख की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे परेशान करते थे। मृतिका के चाचा का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालयों ने उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# 12 हेक्टेयर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय ने भूमि का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद न्यायालय के लिए बनाड़ी और गढ़ीवा गांव में चयनित की गई भूमि का निरीक्षण शनिवार को विधि एवं न्याय प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत ने किया। इस दौरान उन्होंने नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक 80 प्रतिशत काश्तकारों की भूमि का बैनामा कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए।

जिला मुख्यालय में वर्तमान समय में सदर ब्लाक परिसर के समीप जनपद न्यायालय में न्यायिक कार्य संचालित किया जा रहा है। अब देवांगना हवाई पट्टी मार्ग में बनाड़ी और गढ़ीवा गांव की 12 हेक्टेयर जमीन पर इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाए जाने की योजना है। जिसमें कोई भी आवास नहीं रहेगा। यहां न्यायालयों और न्यायालय से सम्बन्धित कार्यालयों की स्थापना की जानी है। प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण शनिवार को विधि एवं न्याय प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत ने किया। उन्होंने जिला जज विकास कुमार प्रथम एवं परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव से योजना के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही कहा कि इस जमीन पर प्रस्तावित निर्माण का मानचित्र बनवाकर उपलब्ध कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि न्यायालय निर्माण के लिए 102 किसानों की जमीन ली जानी है। 12 हेक्टेयर की जमीन के एवज में 27,76,62,000 रुपये का भुगतान किसानों को किया जाना है। नियमित रूप से किसानों के बैनामे कराएं जा रहे है। इस पर प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय ने निर्देश दिए कि नवंबर माह के प्रथम सप्ताह तक 80 प्रतिशत से अधिक काश्तकारों की जमीनों का बैनामा कराकर भुगतान कर दिया जाए। साथ ही उन्हें भी अवगत करा दिया जाए ताकि आगे निर्माण की प्रक्रिया शुरु कराई जा सके।

# पर्यावरण के प्रति मैजिक शो के माध्यम से किया जागरुक

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**

ममता हेल्थ इंस्टीटूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट जागृति कार्यक्रम के तहत ब्लाक मानिकपुर के गाँवों गडचपा, सीतलपुर, करौहा, पिकौरा माफी अन्य गांवों के लोगो को पर्यावरण बिषय पर जादूगर द्वारा वायु प्रदूषण, घरेलु वायु प्रदूषण, सूखे और गीले कचड़े का प्रथक्करण, निस्तारण और प्लास्टिक के उपयोग कम करने को लेकर जादू के माध्यम से समुदाय के लोगो को लगातार जागरूक किया गया।

ममता हेल्थ इंस्टीटूट फॉर मदर एंड चाइल्ड जाग्रति परियोजना से आये जादूगर ने जादू के माध्यम से बताया कि कैसे प्रदूषण हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने लोगों को प्रदूषण के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने घरेलु वायु प्रदूषण कारण, प्लास्टिक से बनी चीजो का इस्तेमाल न करने व उनके उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में भी बताया। बताया कि सल्फर डाईऑक्साइड, नाईट्रोजन डाईऑक्साइड, कार्बनमोनोऑक्साइड जैसे विषैली गैसों के संपर्क में रहने से घातक बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। गर्भवती महिलाओ के लिए यह अत्यंत खरतनाक है। इससे उनके स्वास्थ्य व बच्चो पर बुरा असर पड़ सकता है। जादूगर ने जादू शो के माध्यम से लोगो को प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरुक किया।

# डीएम-एसपी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से की जा रही निगरानी को भी देखा और आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरा और लगाए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान वन स्टाफ सेंटर में तीन बालक दो बालिकाऐं व महिला आवासित पायी गई इन पीड़ित महिलाओं व बालक बालिकाओं से डीएम ने वार्ता की। इसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन को निर्देशित किया कि इन महिलाओं की बेहतर काउंसलिंग कर पारिवारिक पुनर्वासन का प्रयास करें ताकि यह समाज के मुख्य धरा से जुड़ सके। डीएम ने निर्देशित किया की सर्दी के मौसम की तैयारी कर ली जाए। ताकि केंद्र पर आने वाली पीड़ित महिलाओं को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। सुरक्षा के दृष्टिगत वहां पर तैनात महिला पुलिस कार्मिकों को एसपी ने निर्देशित किया कि कोई भी बाहरी तत्व आसपास न आने पाएं जाएं इसकी निगरानी करें और चौकस रहकर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें। डीएम ने वन स्टॉप सेंटर के प्रथम स्थल पर संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन का भी निरीक्षण किया तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि ऊपर बाउंड्री वॉल तथा शौचालय के निर्माण का आंकणन तैयार कर प्रस्तुत करें,व विभाग को भिजवाएं ताकि बजट प्राप्त होते हीं ऊपरी तल पर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टाफ केंद्र की केंद्र प्रबंधक अंजना, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीणा, एमटीएस जितेंद्र तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह, प्रिंसी तिवारी, आदर्श खरे व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## भतीजी ने चाचा चाची पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप, सीओ से शिकायत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** रामपुरा के मोहल्ला संकट मोचन निवासी महिला ने सीओ को शिकायती पत्र दिया। जिसमें चाचा पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। बल्कि विरोध करने पर मारपीट करने को पर उतारू होने की बात कही है। सीओ ने मामले की जांच थाना प्रभारी को सौंप दी हैं।रामपुरा क्षेत्र के मोहल्ला संकट मोचक निवासी महिला पूजा ने सीओ राम सिंह को शिकायत दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम अंगदेंला की मढ़ैया में उसका मायका हैं। बताया कि दो साल की उम्र में माता पिता का निधन हो गया था। पिता रामगोपाल के एकलौती संतान होने से पांच बीघा जमीन पीड़िता के नाम हो गई थी। 20 अक्टूबर को वह मायके गई थी। जहां पर चाचा बीर सिंह, भतीजा अमर सिंह, चाची करिश्मा स्टांप पेपर लेकर आई और हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर गाली-गलौज के साथ-साथ मारपीट करने लगे और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ ने एसओ सजींव कटियार को मामले जांच सौंप दी और पीड़िता को जांच पड़ताल कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# गठन के बाद इको क्लब के सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में शनिवार को इको क्लब के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बच्चों को इको क्लब के गठन, महत्त्व तथा जीवन में उसके लाभ के बारे में बताया गया।

बीएसए बी के शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास की सीढ़ी है, वहां पर सबको जाना चाहिए। जो मेहनत करेगा, वहीं आगे बढ़ेगा। कहा कि छात्रों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो अवगत कराएं। वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने बच्चों को कड़ी से कड़ी मेहनत करके आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि जो बच्चे आज पुरस्कार पाएं वह और आगे बढ़ें तथा जो किसी कारण वश पीछे रह गए है वह और मेहनत करके आगे बढ़ें। शिक्षक विद्या सागर सिंह ने विद्यालय के प्रगति के बारे मे बताया कि अभावों मे भी यह स्कूल क्षेत्र में स्थित है तथा शिक्षा की रोशनी बिखेर रहा है, जहां गरीबों के बच्चो को गुडवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस दौरान बच्चों को टाई-बेल्ट, बैच एवं परिचय पत्र वितरित किया गया। साथ ही विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए प्रत्येक कक्षा से एक बालक एवं एक बालिका को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हुई खेलकूद प्रतियोंगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय में फल वाले वृक्षों का रोपण किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने प्रत्येक कक्षा निरीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन रचना यादव ने किया। प्रधानाध्यापिका ऊषा रानी त्रिपाठी ने बीएसए को भगवान कामतानाथ कि मूर्ति भेंट की तथा शिक्षक विद्यासागर सिंह ने पेन एवं डायरी देकर सम्मान किया।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह, जिला एमडीएम प्रभारी ज्ञानेंद्र मिश्रा, दानिश, राज द्विवेदी, कमला देवी, संजय साहू, ममता देवी, रंजना सिंह चंदेल, गीतांजलि सिंह, दीपा देवी, सोनू गौतम, सरला देवी, गरिमा सिंह, प्रियंका द्विवेदी, सियाराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द निवासी विक्रम कुशवाहा 32 वर्ष ने शुक्रवार की रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह उसके शव को लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोसियों के अलावा गांव के लोग मौके पर पहुंच गए, और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस को छानबीन में पता चला की विक्रम पानी पूरी का काम करता था और दो दिन पहले उसकी पत्नी क्रांति मायके गई हुई थी। जिसे लेकर उसका मोबाइल पर पत्नी से झगड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# नशा मुक्ति के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के नामित सदस्य एवं सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे ने कहा कि जनपद मे बढ़ रही घरेलू हिंसा नशे की लत लगे परिवारों में अधिक हो रहे हैं, जिससे पूरा परिवार प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि इसके दुष्प्रभाव से आर्थिक शारीरिक मांनसिक छति तो पहुंचती ही है साथ ही बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य सामाजिक सम्मान भी दांव पर लग जाते हैं। नशे के कारण व्यक्ति निरंतरता और सामाजिक दूरी महसूस करता है।नशे के सेवन से कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां होती हैं जैसे मुंह का कैंसर लीवर का खराब होना फेफड़े का कैंसर दिल का कैंसर इत्यादि ।नशा मुक्ति के लिए शिक्षा जागरूकता और सही दिशा निर्देशन की आवश्यकता है । नशा मुक्ति के लिए शिक्षा जागरूकता और सही दिशा निर्देशन की आवश्यकता है । हम अपने संगठन के माध्यम से नशा मुक्ति भारत अभियान के द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु अपने छोटे-छोटे प्रयासों से सहमत सुरक्षा और सामाजिक ताकत को बढ़ावा देने हेतु अभी तक अनेको आयामो के द्वारा निरंतर कार्यक्रमों को संचालित करते रहते हैं ।नशा मुक्ति भारत अभियान का यह सेवा भारती द्वारा चैथा कार्यक्रम है। पूर्व में राजकीय बालिका विद्यालय, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय डिग्री कॉलेज, जिला चिकित्सालय चित्रकूट में किए जा चुके हैं। अब गांव गांव जाकर इस अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने हेतु आज पहाड़ी ब्लाक के अरछा बरेठी गांव में किया गया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया ने नशा मुक्ति भारत अभियान के लिए गांव के सभी नवयुवक युवतियों बुजुर्गों को शपथ दिलाकर नशा मुक्त गांव का संकल्प कराया। वृद्धा पेंशन के लिए विस्तार से लोगों को जानकारी दी गरीब जरूरतमंद आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों के बच्चों को मुक्त आवासी शिक्षा दिलाने जाने के विषय में विस्तार से बताते हुए हर संभव प्रयास करने हेतु भरोसा दिलाया। जिला प्रमोशन अधिकारी पंकज मिश्रा के द्वारा गांव में विधवा महिलाओं बिना अभिभावक के बच्चों को पेंशन स्कॉलरशिप आज की जानकारी विस्तार पूर्वक देकर हर संभव मदद करने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती द्वारा गांव के दलित शोषित वंचित पिछड़ों जरूरतमंद 111 परिवारों के घरों हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सबसे बड़े हिंदू महापर्व दीपावली के दीपों से घर को रोशन करने हेतु दिए और प्रसाद के किट (लाई, इलायची दाना, दिये, बाती, तेल, अगरबत्ती, बच्चों के लिए बिस्किट, फ्रूट जूस, एवं किसानों के लिए प्याज के बीज) बनाकर वितरण किए गये। जिला प्रचारक लोकेंद्र ने कहा कि सेवा भारती का जनपद चित्रकूट में किए जाने वाले सभी पुण्य कर अनुकरणीय है।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला प्रचारक लोकेंद्र सिंह, विकास पथ सेवा संस्थान के निदेशक डॉ प्रभाकर सिंह, जिला अध्यक्ष सेवा भारती गुरु प्रकाश शुक्ला, जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, सभासद शंकर यादव मौजूद रहे।

## छात्रों के आर्थिक शोषण को लेकर भीम आर्मी ने खोला मोर्चा


**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भीम आर्मी एकता मिशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें शैक्षिक संस्थान द्वारा छात्रों के आर्थिक शोषण किए जाने की शिकायत की गई। भीम आर्मी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने बताया कि सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलिज में प्रधानाचार्य व संचालन समिति द्वारा छात्र-छात्राओं से अवैध शुल्क की वसूली की जाती है। टेस्ट, परीक्षा फार्म, प्रवेश फार्म, कॉलिज मरम्मत कार्य के नाम पर शासन के निर्देशों के विपरीत शुल्क उगाही की जाती है। इसके अलावा विद्यालय में अभिभावक संघ का चुनाव भी नहीं करवाया जाता है। ऐसे में निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूलने की उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। साथ ही दोषी पाए जाने वालों खिलाफ कार्यवाही भी की जानी चाहिए।

# डीएम एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने कोतवाली उरई में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतो को गंभीरता पूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण को पंजिकाओं में दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पूर्व में निस्तारित की गई शिकायतों व आईजीआरएस पंजिका का भी अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिए कि अवैध रूप से कब्जाई सरकारी संपत्ति, रास्ता व तालाब चारागाह आदि को अभियान चलाकर कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग के समस्त लेखपालों, कानूनगो व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यों को गम्भीरता पूर्वक समयबद्ध पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवादित सम्बंधित मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त रूप से टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करें। संतुष्ट व असंतुष्ट फीडबैक का अलग-अलग रजिस्टर बनाए जाएं। थाना प्रभारी स्वयं इसका अवलोकन कर निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित किया जाए। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि फरियादियों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। इस दौरान पर क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष अजय ब्रह्म दत्त तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**ईरान पर इजराइल का 100 मिसाइलों...**

इजराइल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भी हमला हुआ है। पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ समेत प्रदेश के 6 जिलों में 'स्पेशल एजुकेशन जोन' तैयार करेगी योगी सरकार

- लखनऊ में 785 एकड़ में प्रदेश के पहले स्पेशल एजुकेशन जोन का होगा विकास: योगेंद्र उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मॉडर्न व एडवांस्ड एजुकेशन हब के तौर पर विकसित करने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में अब योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए लखनऊ समेत प्रदेश के छह जिलों में 'स्पेशल एजुकेशन जोन' विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड शामिल हैं। खास बात यह है कि इन स्पेशल एजुकेशन जोन एसईजेड में विभिन्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना के जरिए जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा दी जाएगी। प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एजुकेशन सेक्टर का भी बड़ा योगदान होगा। एजुकेशन सेक्टर को बाकायदा इंडस्ट्री के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। इस इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को भी कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसे में प्रदेश को वर्ल्ड क्लास क्वॉलिटी एजुकेशन का हब बनाने और 'एक मंडल एक विश्वविद्यालय' के बाद अब 'एक जिला एक विश्वविद्यालय' के लक्ष्य पर फोकस किया जा रहा है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में एसईजेड की स्थापना को लेकर बनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, लखनऊ के मोहान रोड पर प्रदेश के पहले एसईजेड की स्थापना होगी। यहां 785 एकड़ क्षेत्र में एजुकेशन सिटी का विकास किया जाएगा और विभिन्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना होगी। इसमें से 103 एकड़ क्षेत्र में विकास प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट ईओआई जारी हो चुका है। यह एसईजेड एक मॉडल की तरह कार्य करेगा जिसकी तर्ज पर प्रदेश के अन्य 5 जिलों में भी एसईजेड की स्थापना होगी। अयोध्या में आचार्य नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी, आगरा में आरबीएस कॉलेज तथा गौतम बुद्ध नगर में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी की अनयूज्ड लैंड पार्सल को उपयोग में लाया जाएगा। गोरखपुर व बुंदेलखंड में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। एसईजेड में प्रत्येक में अधिकतम 8 तथा 40 एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।उत्तर प्रदेश को क्वॉलिटी एजुकेशन के आधुनिक हब के तौर पर विकसित करने की दिशा में नई उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को कैबिनेट की स्वीकृति मिल चुकी है। अब योगी सरकार प्रदेश में 6एक जिला एक विश्वविद्यालय' के लक्ष्य को पूरा करने पर फोकस कर रही है। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के अभाव वाले जिले और विशेषतौर पर आकांक्षात्मक जिलों में 42 विश्वविद्यालयों व टॉप एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना हो सकेगी। इन्हें नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 एनईपी के अनुसारबहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय एमईआरयू के तौर पर विकसित किया जाएगा। वहीं, प्रदेश में एनआईआरएफ रैंकिंग वाले टॉप-50 तथा प्रख्यात विदेशी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट, पूंजीगत अनुदान समेत विभिन्न प्रकार की सहूलियतें उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संस्थानों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश में उच्च शिक्षा व अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

## भाई की आंखों देखी, वह पानी मांग रहा था... किसी ने नहीं पिलाया, तड़पकर तोड़ा दम



**पानी मांग रहा था मोहित... लेकिन नहीं मिला**

बताया कि लॉकअप में भाई ने हमने से बताया था कि उसे पीटा गया है। काफी टॉर्चर किया गया है। इसे प्यास लगा थी। वह पानी मांग रहा था। लेकिन, किसी ने उसे पानी नहीं पिलाया। इसके बाद तड़पकर हमारे की भाई की मौत हो गई।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में पुलिस ने शुक्रवार रात दो सगे भाइयों को घर से उठाया था। शनिवार की सुबह हिरासत में एक की मौत हो गई। हवालात में साथ बंद दूसरे भाई ने हकीकत बताई। कहा कि भाई प्यासा था। वह पानी मांग रहा था। लेकिन, किसी उसे पानी तक नहीं पिलाया। उसे टॉर्चर किया गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह तड़पकर उसकी जान निकली होगी। मामला चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित अपट्रान इलाके का है। यहां से शुक्रवार रात पुलिस दो भाइयों मोहित पांडेय और शोभाराम पांडेय को झगड़े के एक मामले में घर से उठाकर ले गई थी। शनिवार को मोहित पांडेय (32) की मौत हो गई।

### घरवालों ने किया हंगामा

भाई की मौत के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने दूसरे भाई को तत्काल छोड़ दिया। खबर मिली तो रोते बिलखते घरवाले पहुंचे। घरवालों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### चीखता रहा भाई

भाई शोभाराम पांडेय ने बताया कि हवालात में रात को भाई की तबीयत खराब हो गई। हमने दरवाजा खोलने के लिए कहा तो पुलिसवालों ने गाली दी। लेकिन, दरवाजा नहीं खोला। अंदर बहुत अधिक गंदगी थी। भाई का पेट दर्द हो रहा था। उसे लैट्रिन जाना था। फिर भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। हम चीखते रहे, लेकिन दरवाजा नहीं खोला।

## एक्सप्रेस खबरें...

### संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का उद्घाटन आज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आज यहां संस्थान परिसर में संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का उद्घाटन प्रातः 10:30 बजे किया गया। प्रातः 11:00 बजे स्वास्थ्य समग्र विकास पर प्रख्यात चिकित्सक डॉ पंकज भारती द्वारा कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की गयी। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कल दिनांक 27 अक्टूबर को संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रदेश के 300 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। यह संस्कृत प्रतियोगिता 11 विधाओं संस्कृत गीत, संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान, श्लोकान्त्याक्षरी, अष्टाध्यायी कण्ठस्थ पाठ, अमरकोष कण्ठस्थ पाठ, लघुसिद्धान्त कौमुदी कण्ठस्थ पाठ, तर्कसंग्रह कण्ठस्थ पाठ, संस्कृत भाषण एवं श्रुतुलेखन में आयोजित कर विजयी छात्रों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्त्वना पुस्कार से सम्मानित किया जायेगा तथा सायं 05:30 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पर आधारित 02 दिवसीय रामलीला 'श्री राम चरितम्' का मंचन किया जायेगा।

### गोवर्धन पूजा पर गो आश्रय स्थलों व केन्द्रों में होगा गोपूजन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश में गोवर्धन पूजा के अवसर पर गो आश्रय स्थलों व केन्द्रों में समारोहपूर्वक गोपूजन किया जायेगा। प्रमुख सचिव, पशुधन के रविन्द्र नायक द्वारा गोपूजन के सबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भेजे गये हैं।परिपत्र में उल्लेख किया गया है कि अस्थायी गो आश्रय स्थलों, गोसंरक्षण केन्द्रों, कान्हा गौशाला एवं कांजी हाउस जहाँ निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, उन स्थलों पर साफ सफाई, स्वच्छता, प्रकाश, स्वच्छ पेय जल एवं भरण-पोषण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। गो-आश्रय स्थलों पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर विधि विधान से गोपूजन किया जाय तथा सांसद, विधायक और मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित किया जाय। इसके अतिरिक्त गाय के गोबर से बने दीपों, मूर्तियों आदि के उपयोग हेतु जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय और इन उत्पादों के विपणन हेतु बाजारों में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। दीपावली के दृष्टिगत बाजार एवं मण्डी के निकट नगरीय क्षेत्रों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जाय। समस्त निराश्रित गोवंशों को गो आश्रय स्थलों व केन्द्रों में संरक्षित किया जाय, जिससे निराश्रित गोवंश राष्ट्रीय राजकीय राजमार्गों, बाजारों हाटों आदि में विचरण करते न पाए जाएं। त्यौहारों के दृष्टिगत नगर आयुक्त एवं अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिकाओं नगर पंचायतों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जाय। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक गो आश्रय स्थल कान्हा गोशाला में एक सुयोग्य केयर टेकर एक सप्ताह में तैनात किया जाय, जिसके द्वारा उक्त स्थलों का लेखा-जोखा तैयार कर संरक्षित करते हुए आश्रय स्थल पर रात्रि विश्राम भी किया जाय। पुलिस प्रशासन द्वारा गो आश्रय स्थलों की पेट्रोलिंग बीट के कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित करायी जाय।

### भाजपा ने किया विश्वकर्मा समाज का अपमान: राम आसरे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** सपा राष्ट्रीय सचिव पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने फूलपर विधानसभा के गांव नीबीकला में विश्वकर्मा समाज की चौपाल में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी के पक्ष में वोट मांगे और भारी मतों से जिताने की अपील की। पूर्वमंत्री ने कहा,फूलपुर विधानसभा उपचुनाव के जीत जाने से प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का रास्ता साफ होगा। भाजपा ने विश्वकर्मा समाज का अपमान किया। विश्वकर्मा पूजा की सरकारी छुट्टी को निरस्त किया।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना केवल विश्वकर्मा लोगों को मजदूरी कराने वाली योजना है इसलिए टूल किट्स दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्कीम में लोहार बढ़ई सोनार नाई कुम्हार कहार माली दर्जी मोची सहित 18 प्रजा जातियों को टूल किट्स देकर उन्हें मजदूर बनाने की योजना है। इन समाज के लड़के कब पढ़ेंगे और कब अधिकारी बनेंगे। सरकार इन्हें डाक्टर इंजीनियर आइएएस पीसीएस क्यों नहीं बनाना चाहती। भाजपा ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ों को सरकारी नौकरियों में जाने से रोकने का काम किया। समाजवादी पार्टी की सरकार में अखिलेश यादव ने पिछड़े वर्गों दलितों नौजवानों किसानों सभी को आरक्षण सम्मान और नौकरी दिया। सभी का विकास किया।पिछड़े वर्ग के सभी लोग भाजपा को हरायें और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमन्त्री बनाने का रास्ता प्रशस्त करें।

### जारी होने से पहले ही खत्म हो गई डीएल की वैधता, जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** आरटीओ से ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करने में हो रहीं गलतियां वाहन मालिकों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। वर्ष 2024 में जारी डीएल की वैधता वर्ष 2023 में खत्म हो चुकी है। मामले की शिकायत ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पास पहुंचने पर जांच के आदेश दिए गए हैं। मामला चरगांवा, गोरखपुर आरटीओ का है। गोरखपुर में रेलवे के स्टोर विभाग में सीनियर क्लर्क कौशल कुमार तिवारी को छह अगस्त 2024 को डीएल जारी किया गया। इस पर वैधता खत्म होने की तिथि 30 जून 2023 अंकित है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस डीएल को वर्ष 2024 में जारी किया गया, उसकी वैधता एक साल पहले कैसे खत्म हो गई। उन्होंने डीएल की इस गलती को ठीक करवाने के लिए आरटीओ को शिकायती पत्र दिया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्हें करीब दो महीने तक टरकाया जाता रहा। तब उन्होंने लखनऊ स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय में परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह को इस संबंध में पत्र लिखा। इस पर परिवहन आयुक्त ने मामले की जांच और आवेदक की समस्या को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

**विधायक के भाई के डीएल में भी की थी गलती:** इससे पूर्व लखनऊ आरटीओ कार्यालय से भी ऐसी ही गलती हुई थी। विधायक नीरज बोरा के चचेरे भाई सुनील कुमार बोरा के डीएल जारी होने की तारीख 12 अगस्त 2024 से पहले 12 अगस्त 2023 को ही वैधता खत्म कर दी गई थी। सितंबर में यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एनआईसी के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की बात बताई गई और सुधार के लिए एनआईसी को पत्र लिखा गया है।

# चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन राज्य सूचना आयुक्त ने प्रदान की ट्रॉफी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




चौक स्टेडियम में 21 अक्टूबर से चल रहे चैंपियन ट्रॉफी टूर्नामेंट का आज समापन हुआ। समापन समारोह में राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चौक स्टेडिया के कोच राहुल गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में चौक स्टेडियम की 4 टीमे व के डी सिंह की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया था! चैंपियन ट्राफी के फ़ाइनल मुकाबले चौक चैंपियन और चौक लायन के बीच खेला गया जिसमे टॉस जीत कर चौक लायन ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 125 रन बनाये जिसमे सुजीत कुमार ने 47 रन बनाये आयुष के भी 21 रन चौक चैंपियान से विवेक यादव ने 3 व प्रिया वर्मा 3 विकेट लिए चौक चैंपियन से ऋषि ने 48 रन व अमन ने 22 रन बनाये चौक लायन से अरबाज ने 2 विकेट और सुजीत कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किये इस तरह चौक चैंपियन ने इस प्रतियोगिता को 2 विकेट से जीत लिया है! समारोह में राज्य सूचना आयुक्त ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और कौशल विकास भी आवश्यक है। खेल से आत्मानुशासन,टीम भावना,स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का भाव जागृत होता है। श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए यह सभी तत्व आवश्यक होते है। इस अवसर पर अंनु भईया पार्षद, डीईओ अरविन्द कुशवाहा, क्रिकेट कोच चौक स्टेडियम राहुल गुप्ता, अकील आमिल समशी, कुमार आसिफ उपस्थित रहे।

# बांके बिहारी जी के दर्शन कर श्रीराम कथा के लिए संतों को आमंत्रित किया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मोती महल लान, लखनऊ में 25 दिसम्बर से 02 जनवरी तक जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित होने वाली श्रीराम कथा में सन्त सम्मेलन हेतु कार्यक्रम संयोजक आचार्य डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने वृन्दावन में श्री बांके बिहारी जी के दर्शन कर सन्तों को आमन्त्रित किया। सन्त समागम हरि कथा तुलसी दुर्लभ दोय हरिकथा आयोजन में सन्तों के समागम के लिए विशेष रूप से सन्त धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के प्रशिष्य समर्थ श्री त्र्यम्बकेश्वर चैतन्य जी महाराज, विश्व विश्रुत सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता श्रीकृष्ण चन्द्र ठाकुर जी, युवा धर्मोपदेशक असंख्य वृद्धजनों के जीवनाधार श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से भेंट कर लखनऊ पधारने की प्रार्थना की। महामण्डलेश्वर स्वामी श्री प्रखर जी महाराज, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री वासुदेवाचार्य जी महाराज, डॉ गुण प्रकाश चैतन्य जी महाराज आदि सन्तों का समागम होना सुनिश्चित है। सन्त जनों का दर्शन लाभ उनकी सुविधानुसार भी होगा। विराट सन्त सम्मेलन 02 जनवरी 2025 को श्रीराम कथा महोत्सव महायज्ञ की पूर्णाहुति और भण्डारे के साथ सम्पन्न होगा। श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ 25 दिसम्बर को विश्व विख्यात आचार्य अजय याग्निक जी द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ से होना सुनिश्चित है।

*बिनु सत्संग विवेक न होई*
*राम कृपा बिनु सुलभ न सोई*

# हाइवे पर लोडर डाला का टायर फटने से एक की मौत, छह घायल




- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, तीन लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती, इलाज जारी
- बीकेटी के आदया लॉन के पास हुआ हादसा, पुलिस की अच्छी कार्यशैली से औरों की बची जान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाईवे आदया लॉन के सामने शनिवार सुबह 6 बजे हादसा हो गया। बता दें कि सीतापुर से लखनऊ फूल मंडी जा रहा लोडर डाला का पिछला टायर फटने से डाला अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर पर पलट गया और डाला पर पीछे बैठे सात व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गये। वहीं एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। आपको बता दें कि शनिवार सुबह 6 बजे बीकेटी थाना क्षेत्र के आदया लॉन के सामने लोडर डाला का पिछला टायर फटने से डाला अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। जिसमें पर बैठे सीतापुर जिले के डाले में सवार सात लोग सुनील पुत्र लालजी इन्द्रकुमार पुत्र मनोहरलाल दिनबन्धु पुत्र मथुरा सूरज पुत्र मनोहरलाल राजू पुत्र दिलवाग रामखिलावन पुत्र अशर्फी महेश पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम दतूनी थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को चोटे आयीं। जिनको बीकेटी पुलिस द्वारा एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी रामसागर मिश्र शौ सैय्या अस्पताल बीकेटी में ईलाज हेतु पहुंचाया गया। जिसमें इलाज के दौरान दिनबन्धु पुत्र मथुरा की मृत्यु हो गई तथा राजू, रामखिलावन, महेश कों डॉ ने ईलाज के लिए ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफ़र कर दिया जहां का इलाज किया जा रहा है अन्य सुनील, इन्द्रकुमार, सूरज को मामूली चोट लगने के कारण शौ सैय्या अस्पताल बीकेटी में इलाज किया गया। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी ने बताया की पुलिस ने मृतक दिनबन्धु का पंचायतनामा की कार्यवाहीं कर शव पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया गया हैं आगे की कार्यवाहीं की जा रही हैं। वहीं मानपुर टोल कर्मचारी श्यामू तिवारी व आनंद मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर लोडर डाला को हाईवे सड़क से हटवाया और आवागमन चालू करवाया।

# घर से कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को बहला फुसलाकर युवक ले गये लखनऊ, परिजन ने पुलिस से की शिकायत

- छात्रा का गांव के ही दो युवकों द्वारा बहला-फुसलाकर गलत काम करने का मामला सामने आया है

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत घर से कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा का दो युवकों ने पहले फुसलाकर लखनऊ लिए चले गए। बता दें कि इटौंजा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई इस घटना की इटौंजा थाना में छात्रा के परिजनों ने लिखित शिकायत की हैं। इटौंजा थाना क्षेत्र के खानीपुर गांव में घर से कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा का गांव के ही दो युवकों द्वारा बहला-फुसलाकर गलत काम करने का मामला सामने आया है। वहीं युवक द्वारा छात्रा की मां को फोन कर बताया गया कि वह उसकी बेटी को घर छोड़ देगा तभी युवक छात्रा को रात में लखनऊ के आलमबाग बस स्टैण्ड पर छोड़कर भाग गये। छात्रा ने वहां मौजूद पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी। पुलिस ने इसकी सूचना छात्रा के परिजनों को दी, वहीं परिजनों ने इसकी लिखित शिकायत इटौंजा थाना में दी हैं। जिसमें लिखा है कि उसकी बेटी को कुछ सुंघाकर बेहोश करके कानपुर ले गए थे। जहां मेरी बेटी ने बताया कि युवकों द्वारा गलत काम किया है तथा विरोध करने पर परिजनों को मारने की धमकी दीं गई। इस सम्बन्ध में एसीपी बीकेटी ने परिजनों से जानकारी ली हैं, उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में आरोपियों को शीघ्र पकड़कर कार्रवाई की जायेंगी।

# उपचुनाव में बीजेपी और सपा में वर्चस्व की जंग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने जा रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी अकेले उतर रही है। बीजेपी और सपा दोनों समीकरण फिट करने की जुगत लड़ा रहे हैं। यूपी में बीजेपी और सपा में वर्चस्व की जंग है। सपा की घोषणा ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की जबकि कांग्रेस ने त्रिकोणीय मुकाबले से बाहर रहने और इंडिया गठबंधन का समर्थन करने का विकल्प चुना है। कांग्रेस नेताओं ने घोषणा की है कि इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उपचुनाव में उतरेगा। सपा ने दो शेष सीट गाजियाबाद और अलीगढ़ में खैर - के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की।पार्टी ने इनपर कांग्रेस के लिए उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया था। यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय के मुताबिक कहा,हम चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन उपचुनाव में सपा का समर्थन करेंगे। इंडिया गठबंधन एकजुट है। कांग्रेस ये चुनाव नहीं लड़ रही है, लेकिन सपा का समर्थन करेगी, जिसके उम्मीदवार सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उधर भाजपा ने मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट अपने सहयोगी रालोद के लिए छोड़ दी है।उसने पूर्व विधायक मिथिलेश पाल को मैदान में उतारा। 2022 के चुनावों में रालोद ने यह सीट जीती थी।भाजपा ने आठ सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, जो उसके अन्य सहयोगी निषाद पार्टी के लिए एक जबरदस्त धक्का है।निषाद पार्टी ने दो सीटों मिर्जापुर में मझवां और आंबेडकरनगर में कटेहरी पर दावा किया था। ये वे सीटें थीं, जिन पर निषाद पार्टी ने 2022 के उप्र चुनावों में भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था और मझवां में जीत हासिल की थी, जबकि कटेहरी में वह हार गई थी।निषाद पार्टी के मैदान में न होने से मझवां में भाजपा की सुचिस्मिता मौर्य का मुकाबला समाजवादी पार्टी के डॉ. ज्योति बिंद और बसपा के दीपक तिवारी से होगा, जबकि कटेहरी में भाजपा के धर्मराज निषाद, शोभावती वर्मा सपा और अमित वर्मा बसपा के बीच मुकाबला होगा।

# काश, दलित बस्तियों में रहने वाले हर बच्चे के नसीब में होती ऐसी दीपावली !

- प्रयागराज की दलित बस्तियों के बच्चों का लखनऊ में मस्ती और धमाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी और प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ तीन दिवसीय दीपावली उत्सव के लिए प्रयागराज से लखनऊ पहुंचे प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 59 दलित बस्तियों और झुग्गी झोपड़ियों के बच्चों ने मस्ती के साथ जमकर धमाल मचाया।

पहली बार देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस से प्रयागराज से लखनऊ की यात्रा, यात्रा के दौरान तरह-तरह के व्यंजन का आनन्द, लग्जरी बस का सफर, फाईव स्टॉर रिजॉर्ट के लग्जरी रूम में रूकना और वहां डिनर, ब्रेकफास्ट और लंच के साथ डीजे नाइट का आनन्द और फिर अगले दिन कैबिनेट मंत्री के साथ वाटर पार्क में जमकर मस्ती और धमाल। दलित बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए यह आनन्द किसी सपने से कम नहीं है। लेकिन मंत्री नन्दी ने बच्चों के इस सपने जैसे आनन्द को धरातल पर उतारा और खुशियां बांटने का प्रयास किया।वंदे भारत एक्सप्रेस और लग्जरी बसों से प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के 59 दलित बस्तियों और झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले करीब 800 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शुक्रवार की शाम लखनऊ पहुंचे। लखनऊ पहुंचने के साथ दीपावली उत्सव शुरू हो गया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर ढोल तासा के साथ बिल्कुल इलाहाबादी अंदाज में बच्चों का स्वागत हुआ। फिर लग्जरी बसों से करीब 30 किलोमीटर दूर कानपुर रोड स्थित आनन्दी वाटर पार्क के लिए प्रस्थान हुआ। आनन्दी वाटर पार्क पहुंचने पर मंत्री नन्दी और उनकी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया।आनन्दी वाटर पार्क के रिजॉर्ट में बने सैकड़ों लग्जरी रूम बच्चों के लिए बुक कराए गए थे। जिसे बच्चों को दिया गया। रूम में थोड़ी देर रूकने के बाद शुक्रवार की रात बच्चों ने मंत्री नन्दी द्वारा बनवाए गए शुद्ध इलाहाबादी भोजन का आनन्द लिया और भोजन के बाद डीजे नाइट में जमकर धमाल मचाया। मंत्री नन्दी, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी और उनकी पुत्री जान्हवी ने भी डीजे नाइट में बच्चों का पूरा साथ दिया। लग्जरी रूम में रात्रि विश्राम के बाद उमंग और उत्साह के साथ बच्चों की मस्ती का सवेरा हुआ। कई एकड़ क्षेत्र में फैले आनन्दी वाटर पार्क में बच्चों ने जमकर मस्ती की। तरह-तरह के वाटर फॉल में नहाने के साथ ही अलग-अलग स्लाइडिंग और वाटर वेव का भी आनन्द लिया। औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने बच्चों की इस मस्ती में उनका पूरा साथ दिया और उत्साहवर्धन किया। वाटर पार्क में डीजे भी बज रहा था, जिसका बच्चों ने पूरा आनन्द लिया। बच्चों की खुशी और आनन्द को देख कर मंत्री नन्दी कई बार भावुक हो उठे। उन्हें अपना पुराना जीवन याद आ गया जब वे भी इन्हीं बच्चों की तरह दीपावली जैसे त्यौहार पर छोटी-छोटी खुशियों के लिए तरसते थे।

# आगामी त्योहारों के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

- त्योहारों को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए: डीएम
- अति संवेदनशील स्थलों पर रखे कड़ी नजर: पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में धनतेरस, हनुमान जयन्ती / नरक चतुर्दशी (छोटी दीपावली), दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज / चित्रगुप्त जयन्ती, छठपूजा, देवोत्थान एकादशी, कार्तिक पूर्णिमा / गुरूनानक जयन्ती, वीरागंना ऊदादेवी शहीद दिवस आदि त्यौहार / पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों व धर्मगुरूओं, मौलाना, मुतवल्ली, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, गंगा स्नान घाट के प्रमुख के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।
जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे,परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। उत्सव के दौरान आने जाने वाले मार्गो को ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। खाद्य विभाग लगातार प्रवर्तन अभियान चलाकर खाद्य पदार्थ की सैंपलिंग करता रहे। फूड सेफ्टी वहान भी लगाया जाए जिससे व्यापारी अपने खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग करवा सकें। अग्निशमन विभाग की गाड़ियां तैयार रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग एमरजैंसी वार्डों में पर्याप्त कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए।बिजली विभाग अनियमित विद्युत तारों को व्यवस्थित कर ले। ट्रांसफार्मरो की रिपेयरिंग त्योहारों से पहले ही कर ली जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। किसी भी बड़े आयोजन को कराते समय जिला प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए।
पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि अति संवेदनशील स्थलों पर त्योहारों के दौरान कड़ी नजर रखी जाए। छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लिया जाए। सम्मानित नागरिकों के साथ बैठक करा ली जाए। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। आबकारी विभाग लगातार प्रवर्तन अभियान चलता रहे। शराब की दुकानों और ठेकों पर अवैध शराब पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक और बाजारों में महिला पुलिसकर्मी तैनात रहें। व्यापारी अपने व्यापारिक संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए। त्योहारों के दौरान जुआ खेलने वालों पर भी नजर रखी जाए। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाऊड स्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्लकुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्र) सिद्धार्थ,मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, पीस शांति समिति के सदस्य विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु,मौलवी, मोअज्जिम, संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम (प्रशा0) की अध्यक्षता में टी.डी.एस. सेमिनार का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिले के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी/सम्बंधित अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी, रायबरेली के साथ श्रोत पर कटौती/संग्रहण (टी.डी.एस.) एवं टी.डी.एस. के सम्बन्ध में सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बृजेश राजौरिया, आयकर अधिकारी (टी.डी.एस.), सुलतानपुर, प्रशांत कुमार, आयकर अधिकारी, रायबरेली, प्रतीक कुमार, कर सहायक एवं मो. काशिफ अंसारी, कर सहायक द्वारा आयकर की कटौती कर समय पर जमा करना, त्रैमासिक टी.डी.एस. स्टेटमेंट्स को सावधानी पूर्वक समय से दाखिल करना इत्यादि के बारे में बताया गया और एसा न करने पर आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत लगने वाली शास्त्रियों, अभियोजन के बारे में भी बताया गया।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। दौरान निरीक्षण बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। दौरान निरीक्षण जेलर हिमाशुं रौतेला, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव सिंह, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिंल विपिन कुमार व उपकारापाल धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस के दौरान डीएम एवं एसपी ने सुनी जन समस्याएं

- शिकायतें लंबित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कठोर कार्यवाही: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पीड़ित की समस्याओं के समुचित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कमरौली थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त डीएम ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली।तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं,उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं, चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे,सरकारी भूमि पर कब्जे,तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए।उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया।इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, तहसीलदार मुसाफिरखाना व थानाध्यक्ष कमरौली सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# खतौनी एवं आधार कार्ड के आधार पर किसानों को समुचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध: मित्रसेन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन वर्मा ने बताया कि समितियों में समुचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराई जा रही है।जिसे लेकर शनिवार को बी-पैक्स दरपीपुर एवं पीसीएफ गोदाम गौरीगंज समितियों का औचक निरीक्षण सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी गौरीगंज के साथ संयुक्त रूप से किया गया।बी-पैक्स दरपीपुर में अद्यतन उपलब्ध तीन सौ बोरी डीएपी में से निरीक्षण के समय तक अट्ठाइस किसानों को 48 बोरी डीएपी का वितरण किया गया।एवं 252 बोरी डीएपी समिति पर अवशेष पायी गयी।बी-पैक्स पीसीएफ गोदाम गौरीगंज में सेम्भुई को प्रेषित किए जाने हेतु तीन सौ बोरी डीएपी ट्रक में लोड की जा रही थी। जिला प्रबन्धक पीसीएफ द्वारा बताया गया कि शनिवार सुबह पीसीएफ बफर में प्री पोजिशनिंग स्टाक 1088 मैट्रिक टन डीएपी अवशेष था।जिसमें से निरीक्षण के समय तक पांच समितियों को पचहत्तर मैट्रिक टन डीएपी भेजी जा चुकी है।तथा शाम तक पांच अन्य समितियों को डीएपी भेजी जाएगी। समितियों में खतौनी एवं आधार लेकर उर्वरक का वितरण किया जाना पाया गया।तथा सम्बन्धित सचिव को समिति में कृषकों के बैठने की व्यवस्था करने एवं टोकन देकर खतौनी एवं आधार कार्ड के आधार पर संस्तुत मात्रा में दिये गये निर्देशानुसार उर्वरक वितरित करने का निर्देश दिया गया।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह वैश्विक क्षत्रिय महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उदयपुर राजस्थान में सम्मिलित हुए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार दिनेश प्रताप सिंह वैश्विक क्षत्रिय महासम्मेलन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उदयपुर राजस्थान में सम्मिलित हुए माननीय मंत्री जी विवेकानंद सभागार मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर राजस्थान में समस्त क्षत्रिय संगठनों के मध्य पारस्परिक समन्वय एवं सहयोग से सामाजिक विकास के उद्देश्य से आयोजित वैश्विक क्षत्रिय महासम्मेलन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उपस्थित हुए तत्पश्चात राजकुमार मेवाड़ श्री विश्वराज सिंह युवरानी महिमा कुमारी के साथ चेतक के प्रतिरूप अश्व पूजन किया और क्षत्रिय धर्म के अनुरूप भगवान श्री राम जी महाराणा प्रताप जी के आदर्शो पर चले समाज के गौरवशाली इतिहास को आने वाली पीढ़ियां अंगीकार करें इसके प्रयास किए जाने चाहिए जैसे सुझाव दिया कार्यक्रम में संपूर्ण देश से क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे व अपने-अपने राज्यों के क्षत्रिय बंधुओ का प्रतिनिधित्व किया इस कार्यक्रम में आए हुए सभी सम्मानित साथियों का कार्यक्रम को सफल बनाने व मुझे इतना मान सम्मान देने के लिए आए हुए लोगों का मंत्री जी ने धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

## रोटरी क्लब द्वारा जी.जी. आई .सी बच्चों की क्लास के लिए विद्यालय को 25 सीलिंग फैन दिया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रोटरी क्लब रायबरेली द्वारा स्थानीय श्री के.बी. सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवानंदपुर रायबरेली में अपने उद्देश्य मानव सेवा ही सच्ची सेवा को चरितार्थ करते हुए बच्चों की क्लास के लिए विद्यालय को 25 सीलिंग फैन भेंट में दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रोटरी क्लब रायबरेली के अध्यक्ष रो. विकास दीक्षित ने उपस्थित सभी रोटेरियन प्रधानाचार्या श्रीमती बरखा सिंह विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस मानवता की सेवा के कार्य लिए रो. उमेश सिकरिया ने बहुत ही सराहनीय प्रयास किया और मात्र एक दिन में सभी सदस्यों के सहयोग से विद्यालय के लिए 25 पंखों की व्यवस्था कीकार्यक्रम में रोटरी क्लब रायबरेली के पूर्व अध्यक्ष एवं स्वर्ण जयंती वर्ष के प्रभारी रो. राजेश शर्मा ने बताया की रोटरी क्लब रायबरेली ने सेवा के 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं एवं इस स्वर्ण जयंती वर्ष में रोटरी क्लब सेवा के विभिन्न कार्यों को और बढ़-चढ़ के कर रहा है। उन्होंने बताया इसी क्रम में रोटरी क्लब रायबरेली अन्य सेवा कार्य विभिन्न स्थानों पर करता रहेगा।विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बरखा सिंह ने अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब रायबरेली के इस सराहनीय प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रोटरी क्लब रायबरेली के प्रयासों से अब सभी कमरों में फैन लग जाने से शिक्षण कार्य को व बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने की दिशा में और गति प्रदान होगी साथ ही अच्छा वातावरण भी मिल सकेगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब रायबरेली के वरिष्ठ सदस्य रो. आर. के.सोनी रो. वी. एन. गुप्ता रो. अरविन्दश्रीवास्तव रो.अजय त्रिवेदी रो.संजय जीवनानी रो.संदीप जैन रो राकेश पाण्डेय रो.गणेश गुप्ता रो. गोविन्द खन्ना रो.विवेक सिंह आदि उपस्थित थे।

# मोदनवाल महासभा द्वारा उत्तर प्रदेश के हलवाई समाज ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेशीय श्री कान्यकुब्ज वैश्य (हलवाई) मोदनवाल महासभा द्वारा रमेश मोदनवाल की अध्यक्षता में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विनम्रता पूर्वक सादर अनुरोध किया कि नमूने एव अनुज्ञप्ति के नाम पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा मिष्ठान एवं अन्य व्यापारियों का दोहन किया जा रहा है। जिससे सम्पूर्ण व्यापारी समाज आर्थिक प मानसिक रूप से तनाव में है। आपसे निवेदन है कि व्यापारी हितों कि रक्षा करे साथ ही हम व्यापारी (मिष्ठान आदि) एवं अन्य व्यापारी बन्धु निम्न विन्दुओं पर आपका ध्यानाकर्षण कर रहे है जैसे कि
नमूने एवं अनुज्ञप्ति के नाम पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा छोटे-छोटे व्यापारियो (मिष्ठान आदि) पर वास्तविक बिक्री से अधिक के श्रेणी का अनुज्ञा पत्र बनवाने हेतु दबाव बनाकर उत्पीडन किया जा रहा है,
नगर निगम, पालिका परिषद एवं नगर पंचायत आदि में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की हर घर को स्वच्छ नल से पानी पहुँचाने की योजना है। खाद्य विभाग के अनुज्ञा के आवेदन प्रपत्र में प्रयोगशाला द्वारा पानी की जांच की अनिवार्यता समाप्त की जाये। वस्तु स्थिति यह है कि पानी स्वच्छ एवं शुद्ध उक्त संस्थाओं द्वारा पूर्ति ही किया जाता है, किन्तु जांच के नाम पर छोटे-छोटे व्यापारियों (मिष्ठान आदि) का उत्पीड़न हो रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि नगर निगम एवं नगर पालिका आदि में पानीके जांचकी अनिवार्यतासमाप्त किया जाये,प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर एक प्रयोगशाला का निर्माण किया जाये, जिसमें आवश्यक शुल्क जमा करके अपने उत्पाद की गुणवत्ता की जाच व्यवसायी स्वयं करा सके और खाद्य विभाग के नियमों के अनुकुल उच्च गुणवता के उत्पाद स्वतः संज्ञान लेते हुए समाज में उपलब्ध कराये। अभी तक के नियमों में नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेजने का प्रावधान हैजनपद मुख्यालाय पर एक सभागार का निर्माण किया जाये। जिसमे वस्तु एवं सेवा कर, खाद्य सुरक्षा कानून, श्रम विभाग, अग्निशमन विभाग एवं बाट-माप विभाग आदि से सम्बन्धित अधिकारियो के संरक्षण में उक्त विषयों की जानकारी शत्र लगाकर दी जाये, जिससे आत्मनिर्भर भारत कौशल विकास जैसी योजनाओं के परिणाम गुणात्मक मिलेगे और विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से व्यापारी समाज बच सकेंगा,
हमारा समाज सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़ा है. उसको संबल प्रदान करने हेतु राज्यसभा, विधान परिषद एवं विभिन्न निगमों में समायोजन आदि में आपके सरक्षण की महती आवश्यकता है
अत: उक्त के क्रम में श्रीमान जी से विनययत् अनुरोध है कि हम व्यापारियों (मिष्ठान आदि) के हितों की रक्षा कर अनुग्रहित करे, जिसके लिए समाज आपका सदा अभारी रहेगा इस अवसर मोदनवाल व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में संपन्न हुआ अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर चर्चा के लिए वर्ष का प्रथम अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी और विज्ञान प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया । विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों के प्रदर्शन हेतु आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान बच्चों के माता-पिता को उनके प्रगति की जानकारी दी गयी और विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा एवं उनके शैक्षिक प्रगति पर भी चर्चा की गयी बैठक में जहां एक ओर अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा के बारे में अपनी चिंताओं और सवालों को शिक्षकों के साथ साझा किया तो वहीं दूसरी ओर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं उनके सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए विचार विमर्श भी किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया किअभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का उद्देश्य शिक्षक,माता पिता एवं बच्चों के बीच विद्यालय में सहज वातावरण का निर्माण करने के लिए किया जाता है। बैठक में माता-पिता एवं अभिभावक विद्यालय के साथ मिलकर छात्रों के सीखने की प्रक्रिया में सहयोग तथा शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों के लर्निंग गैप को कम करने की योजना पर विचार गया दीपावली से पूर्व आयोजित अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में अभिभावकों ने आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी में बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों और वस्तुओं का अवलोकन किया एवं विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों की सराहना की इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, रामदेव, अजय सिंह, राकेश अवस्थी, कामरान, शशेंद्र, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राम मंदिर का परकोटा फंसाएगा पेंच, सबसे अंत में पूरा हो पाएगा निर्माण, अब तक आधा ही बना

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्रमिकों की संख्या पर्याप्त होने और मौसम अनुकूल रहने से रामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन विभिन्न प्रकल्पों का कार्य द्रुत गति से चल रहा, लेकिन परिसर के चारों ओर निर्मित हो रहे आयताकार परकोटे का निर्माण अपेक्षाकृत शिथिल है। कारण यह है कि इसी परकोटे के मध्य में देवी-देवताओं के छह मंदिरों का निर्माण हो रहा है। जब तक मंदिर नहीं बनेंगे, तब तक परकोटा पूर्ण नहीं हो सकेगा। ऐसे में निश्चित समयावधि के भीतर परकोटे का निर्माण संभव नहीं प्रतीत हो रहा। राम मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालु रामलला के दर्शन के उपरांत अपने आराध्य की परिक्रमा भी कर सकें, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से परकोटे (कारिडोर) का निर्माण कराया जा रहा है। आयताकार परकोटे की कुल लंबाई 790 मीटर है और चौड़ाई 14 फीट है। इसी के चारों कोण और उत्तरी व दक्षिणी भुजा के मध्य पर देवी-देवताओं के मंदिरों का निर्माण हो रहा है। कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने परकोटे का निर्माण तीन माह पूर्व ही शुरू करा दिया था, लेकिन यह आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इसका कारण मंदिरों का निर्माण पूरा न हो पाना है। सूत्रों का कहना है कि मंदिर बनने में अभी लगभग डेढ़-दो माह लग सकते हैं। सभी छह मंदिर बन जाने के बाद ही पूरा परकोटा बन सकेगा। यद्यपि मंदिरों के मध्य के खाली स्थान पर कार्यदायी संस्था परकोटे का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा बनवा रही है, लेकिन अब तक 50 प्रतिशत कार्य भी नहीं पूरा हुआ है। निर्माण से जुड़े अभियंताओं का कहना है कि अभी पहली प्राथमिकता राम मंदिर का मुख्य शिखर और सभी उप मंदिरों का समय पर निर्माण है।

# दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापेमारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है।खाद्य सुरक्षा विभाग के निशाने पर शनिवार को गौरीगंज और जायस बाजार में खाद्य तेल के बड़े थोक व्यवसायी रहे।गौरीगंज स्थित पवन अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर टीम को तीन सौ लीटर एक्सपायर्ड तेल मिला।जिसे बायोडीज़ल बनाने वाली फर्म को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में आपूर्ति किये जाने के उद्देश्य से सुरक्षित रखने के निर्देश खाद्य कारोबारी को दिए गया।इसके बाद टीम ने जायस बाजार में केडिया स्टोर पर छापा मारा और नेपाल से इम्पोर्ट किये जा रहे पशुपति ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना जाँच हेतु लेकर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।निरीक्षण टीम द्वारा जायस में केडिया स्टोर पर करीब 350000रुपए मूल्य का लगभग 170 टीन खाद्य तेल भी सीज कर दिया गया।टीम ने जायस बाजार में ही चीनी के खिलौने बनाने वाले एक कारखाने का निरीक्षण किया।मौके पर साधारण चीनी से खिलौने बनते मिले जबकि पिछले वर्ष इसी कारखाने पर टीम द्वारा रंगीन खिलौने बनाने पर कार्यवाही करते हुए लगभग एक कुंतल खिलौने नष्ट कराये थे।मौके पर सुधार देख कर टीम के सदस्यों द्वारा खाद्य कारोबारी को भविष्य में भी कभी रंगीन खिलौने न बनाने की हिदायत दी गई।इसके बाद टीम द्वारा अकेलवा स्थित एक ढाबे पर छापा मारा गया जहाँ ढाबे पर कारोबारी को पनीर निर्माण करते हुए पाया। मौके पर टीम ने पनीर का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने शंकरगंज स्थित ध्रुव डेयरी पर छापा मार कर खोया और पनीर का एक एक नमूना लिया। इसके बाद टीम राजा फत्तेपुर स्थित एक मिठाई कारखाने पर पहुँची।जहाँ से जनपद की मिठाई की दुकानों पर मिल्क केक, डोडा बर्फी और कलाकंद सप्लाई किया जा रहा था।टीम ने यहाँ से मिल्क केक,डोडा बर्फी और कलाकंद का एक एक नमूना लेकर जाँच हेतु खाद्यविश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।टीम ओझा का पुरवा स्थित एक खोया भट्टी पर पहुंची।और वहां से खोये का नमूना लिया।रामगंज स्थित एक डेयरी पर छापा मारा गया तो इक्कीस बोरियों में लगभग सवा पाँच कुंतल मिल्क पाउडर मौके पर मिला।खाद्य कारोबारी मौके पर न तो कोई बिल दिखा सका।ना ही मिल्क पाउडर के आपूर्तिकर्ता के विषय में कोई साक्ष्य दिखा सका।जिससे मौके पर इक्कीस बोरियों में रखा लगभग 165000/रुपए मूल्य का सवा पाँच कुंतल मिल्क पाउडर टीम द्वारा सीज कर दिया गया।टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिल्क पाउडर, खोया और पनीर का नमूना लेकर जाँच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया।
टीम द्वारा सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्थित खोया भट्ठीयों को भी नहीं छोड़ा गया।कमासिन पूरे उपाध्याय का पुरवा स्थित खुशबू डेयरी एन्ड मिल्क प्रोडक्ट पर टीम द्वारा छापा मारने पर मौके पर यह कहते हुए कि चाभी घर पर नहीं है। और खाद्य कारोबारी अपने साथ लेकर कानपुर गए हुए हैं।टीम को निरीक्षण नहीं करने दिया गया। जबकि दो कमरों में डीप फ्रीज़र खिड़कियों से ही साफ रखे हुए नजर आ रहे थे।मौके पर खाद्य कारोबारी की अनुपस्थिति के कारण टीम ने तालों को सील कर नियमानुसार निरीक्षण कराने के लिए नोटिस चस्पा कर दिया।टीम द्वारा सुदूर ग्रामीण इलाकों स्थित ऐसी खोया निर्माण इकाईयों को लक्ष्य बनाकर कार्यवाही की गयी।जिनसे जनपद में मिठाई बनाने वाले ज्यादातर कारोबारियों को खोये की आपूर्ति की जाती है।सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने अपील किया है कि मिलावट रोकने में जनता भी खाद्य सुरक्षा विभाग का सहयोग करे।और यदि कहीं मिलावट खोरी से सम्बंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो मोबा. नंबर 9044086790 अथवा 8172830056 पर सूचित करे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024





**बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा...**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा के परिक्षेत्र के ग्राम लठिया में शरदकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया... शेष पेज 07 पर...

# मोबाइल चोर कहने पर छात्रा ने मौत को लगाया गले

- सरसौल चौकी इंचार्ज ने कहां परिवार के द्वारा दी गई थी गई तहरीर के बाद होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





पड़ोसी द्वारा मोबाइल चोरी का आरोप लगाए जाने के बाद 11वीं की छात्रा ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। छात्रों पर आरोप लगाए जाने के बाद दोनों परिवारों के बीच जमकर झगड़ा भी हो गया। हुआ यूं कि जहां छात्रा रहती थी उसके पड़ोस के घर में मोबाइल चोरी की घटना हो गई। दोनों परिवारों के बीच में झगड़ा होता देख छात्र यह को सब कुछ सह नहीं सकी। और घटना के 16 घंटे बाद शनिवार की सुबह 9ः00 बजे छात्रा ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

सूत्रों के मुताबिक पूरा मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत का बताया जा रहा है। सूरज दीन पासवान की सबसे छोटी बेटी शारदा जीजीआईसी कॉलेज नवल में पढ़ती थी। सूरज दीन ने बताया कि उसके चार बेटियां और एक बेटा है। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। सूरज दीन पेशे से मजदूर है और किसी तरह मजदूरी करके वह अपने परिवार का पेट पाल रहा था। सूरज दीन की पत्नी माया देवी मजदूरी में हाथ बात कर परिवार को पालने में सूरज दीन की मदद करती थी। माया देवी ने बताया कि उसके मकान से कुछ ही दूरी पर नंदू का मकान है। नंदू की करीब 6 साल पहले मौत हो चुकी है। 25 अक्टूबर की शाम करीब 4ः00 बजे नंदू की पत्नी ने मोबाइल चोरी को लेकर मोहल्ले में हंगामा शुरू कर दिया था। माया देवी ने यह भी बताया की नंदू की पत्नी ने आप मेरी सबसे छोटी बेटी शारदा पर लगाया था।

इतना ही नहीं नंदू की पत्नी ने मोहल्ले के सभी लोगों के सामने मेरी छोटी बेटी शारदा को मोबाइल चोर भी कहा था।

इतना सब हो जाने के बाद शारदा जब घर लौटी तो वह बहुत उदास थी। परिवार के सभी सदस्यों ने शारदा को काफी समझाया लेकिन इस घटना से शारदा उभर ही नहीं पाई।

### स्कूल चली जाती तो बच जाती जान

सूरज दीन की पत्नी मायावती ने बताया कि शनिवार की सुबह जब उन्होंने शारदा को स्कूल जाने के लिए कहा तो शारदा ने स्कूल जाने से मना कर दिया। इसके बाद सूरज दीन और उसके बेटा मजदूरी करने चला गया। मां मायावती भी खेत पर काम करने चली गई। 9ः00 बजे मां जब खेतों से काम करके वापस लौटी तो उसने शारदा को स्कूल जाने को कहा शारदा बोली मुझे रोज फीस के लिए कहा जाता है मेरी फीस भी नहीं जमा है। जिस पर मां ने कहा ठीक है फीस लेकर विद्यालय चली जाना। इसके बाद मां नहाने चली गई नहा कर वापस लौटी तो अपनी सबसे छोटी बेटी को कमरे के गुंडे के सहारे फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से फांसी के फंदे से उतर कर डॉक्टर के पास ले गए। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### पुलिस ने नंदू के घर से मोबाइल किया बरामद

जिस मोबाइल के चोरी होने की बात कह कर नंदू की पत्नी ने शारदा पर झूठा आरोप लगाया था वह मोबाइल पुलिस द्वारा छानबीन किए जाने के बाद नंदू के घर से ही बरामद हुआ है। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल को बरामद किया है। उधर सरसौल चौकी प्रभारी धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि अभी तक मृतका के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी की 134वीं जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल में पत्रकार शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की 134 वीं जयंती के साथ ही प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हामिद खान ताऊजी की 124 वीं जयंती के पावन अवसर पर दोनों ही महापुरुषों के तैल चित्रों पर श्रद्धावनत हो माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने गणेश शंकर विद्यार्थी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का विलक्षण महारथी, देशभक्त, कर्मयोगी एवं निर्भीक पत्रकार बताते हुए कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए महायोद्धा बताते हुए अपने श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय हमीद खां ताऊजी जिन्होंने कानपुर देहात के छोटे से गांव में पैदा होकर महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अंगीकार कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद कर अल्प आयु में ही सन 1920 से 1942 तक सभी आंदोलन में जुझारू भूमिका निभाई बल्कि अपने पूरे जीवन में 13 साल तक जेल यात्राएं भी सही इतना ही नहीं सन 1952 में विधायक बनने के बाद भी कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में रहकर जन सेवा करते रहे।

कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर आरके जगत जी ने व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दादा शंकर दत्त मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री मदन मोहन शुक्ला, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, श्याम देव सिंह, डॉक्टर हलीमुल्लाह खां, पवन गुप्ता, राजेश गौतम, पदम मोहन मिश्रा, रामगोपाल उत्तम, दीपक त्रिवेदी, अवनीश ठाकुर, महेंद्र भदौरिया, बैतुल खा मेवाती, राजू कश्यप, मनोज दुबे पिंकू, आतिफ रहमान, चंद्र मणि मिश्रा, राधेश्याम कश्यप, राजेश सोनकर, राजेंद्र बाल्मीकि, मनु पांडे, संदीप निषाद, जितेंद्र ब्रह्म, अमिताभ मिश्रा, फुज़ैल अहमद अंसारी आदि ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# राणी सती दादी परिवार मंगल समिति ने 4 स्ट्रेचर किये भेंट



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग में राणी सती दादी परिवार मंगल समिति के तत्वावधान में रोगी हित में 4 स्ट्रेचर प्रमुख अधीक्षक डॉ आर के सिंह , बल रोग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय कटियार एवं विभागाध्यक्ष डॉ ए के आर्या की उपस्थिति में भेंट स्वरूप दिया है। इस अवसर पर एसआईसी डॉ आर के सिंह ने मदन गांधी व समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से नर्सिंग अधीक्षका निर्मला सिंह, सिस्टर इंचार्ज समेत समस्त संकाय सदस्य मौजूद रहे।

इस सराहनीय कार्य के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशासा की गई।

# दीवार बाजपेई बने अध्यक्ष तो महामंत्री का पद अमित सिंह की झोली में





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर बार एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद इंदीवार बाजपेई 2067 बोट पाकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए हैं, वही मंत्री पद के लिए अमित सिंह 1293 वोट पाकर अपनी जीत दर्ज की है। आपको बताते चलें अध्यक्ष पद के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। दिनेश शुक्ला को 1534, सर्वेश कुशवाहा को 625, संदीप सिंह को 517, सुरेंद्र कुशवाहा को 196, रामेंद्र सिंह कटियार को 167, प्राणनाथ मिश्रा को 55 तो ब्रजकिशोर शुक्ला को मंत्र 13 वोट ही मिल सके हैं। इसके अलावा मंत्री पद के लिए भी आठ उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में हुंकार भरी थी। लेकिन इनमें से विनय मिश्रा को 1257, सुशील कुमार सिंह को 1103, प्रशांत कुमार को 521, राम जी दुबे को 509 हमेंद्र को 343, श्रीकांत मिश्रा को 92, चंद्रशेखर तिवारी को 51, वोट मिल सकें है। इसके अतिरिक्त 35 फुट अवैध मिले हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी में खुशी की लहर है।

# कानपुर मंडल रेलवे प्रशासन ने रेल यात्री का रुपए व जेवर से भरा बैग प्लेटफार्म से किया बरामद

- 20 लाख रुपए तक के जेवर व कैश बैग में हुआ बरामद, यात्री ने की प्रशंसा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



अक्सर यह सुनने को मिलता है कि स्टेशन पर बैग छूट गया या चोरी हो गया। लेकिन कभी भी छूटा हुआ सामान नहीं मिलता है। लेकिन बीते दिन शनिवार को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष प्रयागराज से सूचना प्राप्त हुई कि, गाडी संख्या 14038 सिलचर पूर्वोत्तर सम्पर्क क्रांति के कोच संख्या बी-06 बर्थ संख्या 49 पर यात्रारत यात्री अनिल कुमार गोलछा (पी.एन. आर. 2552073391) के पत्नी का काले रंग का लेडिस पर्स कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गायब है। जिसमें 03 सोने की चैन, 04 अंगुठी, 02 सोने का कड़ा, 01 आईफोन व लगभग 20,000 हजार रूश है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षक क्राइम विंग (ष्ठ×ढ्ढ) कानपुर अजीत तिवारी के निर्देशन में स0उ0नि0 अजयपाल सिंह, हे0 कॉ0 धर्मेन्द्र कुमार, हे0कॉ0 शैलेश कुमार व रे0सु0ब0 पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल से उ0नि0 आरती कुमारी, स0 उ0नि0 सुनीता, स0उ0नि0 मो. अहमद, हे0कॉ0 दयानन्द भारती, हे0कॉ0 अशोक यादव की सयुक्त टीम गठित की गयी। गठित टीम के द्वारा उपरोक्त प्रकरण में कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर सघन चेकिंग व खोजबीन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरपीएफ टीम को एक लावारिस काले रंग का लेडिस बैग प्लेटफार्म नम्बर 07 हावडा एंड प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर रेल लाईन के किनारे मिला। जिस पर मौके पर शशांक प्रजापति पुत्र अनिल कुमार अनुबंधित रेलवे सर्विस सेंगर सिक्यूरिटी एण्ड लेबर सर्विस के सुपरवाईजर स्वातंत्र गवाह को बुलाकर उक्त बैग को चेक किया गया।

### छूटे हुए बैग में रेल प्रशासन को मिली यह चीजें

1-23300 रु0 नगद
2-एक छोटे लाल पर्स में सफेद धातु की दो जोडी पायल
3-एक सफेद धातु की मोती की पायल
4-दो सफेद धातु की अंगूठी
5-तीन ब्रेसलेट पीली धातु
6-एक लॉकेट चैन पीली धातु
7-दो पीली धातु के कंगन
8-एक चैन पीली धातु
9-एक रूद्राक्ष चैन पीली धातु
10-एक घडी पीली धातु
11-एक लॉकेट चैन पीली धातु
12-छः अगूठी पीली धातु
13-दो जोडी टॉप्स पीली धातु
14-तीन काले मोती के ब्रेसलेट
15-एक सफेद धातु का सिक्का
16-एक आई फोन-12
17-एक चाभी गुच्छा
18-मेकअप के सामान।

### बरामद सामान की अनुमानित कीमत 2000000(बीस लाख) रु0 है

सामान को रे0सु0ब0 पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल लाकर यात्री को अवगत कराया गया। सूचना पाकर यात्री अनिल कुमार गोलछा पुत्र स्व. आईदान गोलछा उम्र 53 वर्ष पता-09/68 महावीर चौक, नौखा बीकानेर राजस्थान मो.नं. 9435171327 रेश्सु0ब0 पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल पर उपस्थित हुए। जिनके द्वारा अपना पहचान पत्र, यात्रा संबंधी रेल टिकट, सामान सुपुदर्गी संबंधी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर उपरोक्त यात्री को उपरोक्त बैग में रखे हुए सामान को चेक करा कर पूर्णतः संतुष्ट होने पर, पूरा सामान पाने पर समक्ष गवाहन बजरिये सुपुर्दगीनामा सुपुर्द किया गया। मौके पर सुपुर्दगी की विडिओग्राफी करायी गईं । यात्री के द्वारा आर.पी.एफ. की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# ऊन से सिर्फ कपड़े ही नहीं जूते व पर्स भी बनाकर करें कमाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भेड़ से मिलने वाले ऊन के बारे में सभी जानते हैं। लोगों को लगता है कि वह ऊन मोटा होता है। उससे हम सिर्फ कपड़े ही बना सकते हैं। ये सोच अब बदलने का समय आ गया है। अब कपड़ों के अलावा हैंडीक्राफ्ट पेंटिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और रग्स व कार्पेट बना सकते हैं।

रबर के साथ इस्तेमाल करने पर इससे अच्छे पर्स और जूते बनाए जा सकते हैं। ये बातें आईसीएमआर के सेंट्रल शीप एंड वूल रिसर्च इंडस्ट्री,राजस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोद कदंब ने शनिवार को वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

डॉ. विनोद ने कहा कि दुनियाभर में भेड़ की एक हजार से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। वर्ष 2023 की गणना के अनुसार इनकी आबादी 1.29 बिलियन से अधिक है। संख्या के मामले में भारत चाइना के बाद दूसरे स्थान पर है।

ऐसे में भेड़ से मिलने वाले ऊन का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

इस ऊन से बने बैग का नर्सरी में पौध को तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। अभी प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल होता है।

# मोतीझील में लगे दीपावली बाजार में पहुंची महापौर, दुकानदारों से वार्ता कर पूछी गुणवत्ता



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मोतीझील प्रांगण में लगे दीपावली बाजार में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस मौके पर दुकानदारों ने बताया कि त्योहारों की खरीदारी करने को महिलाएं और युवाओं में बड़ी दिलचस्पी है। बाजार में आई महापौर प्रमिला पाण्डेय ने दुकानों पर पहुंच दुकानदारों से बातचीत की। प्रांगण में लगे किचन किंग के स्टॉल पर महापौर प्रमिला पाण्डेय ने डायरेक्टर शिवम पटेल से वार्ता कर मसालों के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए किचन किंग मसालों की प्रशंसा की। इस मौके पर डायरेक्ट शिवम पटेल ने बताया कि किचन किंग के द्वारा गरम मसाला, सब्जी मसाला, हल्दी पाउडर धनिया पाउडर सहित सभी प्रोडक्ट छोटे तथा बड़े पैकेट में उपलब्ध है। बर्रा से आई ग्रहणी संगीता शर्मा ने किचन किंग मसाले के द्वारा स्टॉल पर लगे गेम को खेलकर गिफ्ट प्राप्त किया। डायरेक्टर शिवम पटेल से पूछे जाने पर कि कुछ माह पूर्व ही जांच में कई बड़ी कंपनियों के द्वारा मसालों में गुणवत्ता ना होने की बात सामने आई थी। इस सवाल के जवाब पर डायरेक्टर शिवम पटेल ने खुले तौर पर कहा कि किचन किंग मसाले देश के मसाले है तथा किचन किंग हर ग्रहणी के रसोई की शान है। गुणवत्ता की बदौलत ही किचन किंग ने बाजार में अपनी अलग पहचान बना रखी हैं।

# सांसद रमेश अवस्थी बने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सलाहकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



केंद्र सरकार ने विभिन्न विभागों में समितियों का गठन किया है। इसी कड़ी में सांसद रमेश अवस्थी को संसद में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किया गया है। कमेटी का कार्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देश के प्रत्येक नागरिक को छूता है। सांसद को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कमेटी का सदस्य नामित किए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय नेतृत्व के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी एवं सुरेश गोपी का आभार प्रकट करते है तथा उनके द्वारा व्यक्त विश्वास से सम्मानित महसूस कर रहे है। यह नियुक्ति सांसद अवस्थी के अनुभव और क्षेत्रीय विकास में उनके योगदान को देखते हुए की गई है।

इससे पहले, इन्हें संसद की सबसे महत्वपूर्ण समितियों में से एक भारत सरकार के कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्रीज मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी में सदस्य नामित किया जा चुका है। वह व्यापार, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श और नीतियों की निगरानी करेंगे। कमेटी व्यापार और वाणिज्य से संबंधित नीतियों की समीक्षा करती है।

# न्यू कानपुर सिटी के लिए केडीए ने खरीदी 13.30 करोड़ की जमीन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर में केडीए ने शुक्रवार को न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए 13.30 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी। जमीन बेचने वालों में बिल्डर सहित 11 काश्तकार शामिल हैं। उन्हें डीएम सर्किल रेट से चार गुना ज्यादा मुआवजा दिया गया। तत्काल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान भी किया गया। लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़ी न्यू कानपुर सिटी योजना को धरातल पर लाने की कड़ी में भूमि बैंक अनुभाग एवं न्यू कानपुर सिटी के नोडल अधिकारी, विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह ने 11 काश्तकारों नारायन, डाल्फिन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आनंद कुमार गुप्ता, आनंद रेजीडेंसी, कांतिदेवी, रमेश चंद्र, मदन मोहन, आलोक कटियार, बदहू, अंकित सिंह आदि से लगभग 1.52933 हेक्टेयर जमीन खरीदी। जानकारी के लिए सर्किल दर के चार गुना मूल्य अर्थात् तेरह करोड़ तीस लाख उन्सठ हजार एक सौ साठ रूपये के डिमांड ड्राफ्ट दिए गए। इस मौके पर भूमि बैंक अनुभाग की तहसीलदार डा अर्चना शर्मा, रामनाथ, नायब तहसीलदार मौजी लाल, अमनी संतोष कुमार, रामलाल आदि मौजूद रहे। विशेष कार्याधिकारी ने बताया कि अगले चरण में 30 काश्तकारों से 3.1 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी। इसका 16 करोड़ मुआवजा दिया जाएगा।कानूनी तरीके से अर्जित की जाएगी न देने वालों से भूमि~ विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि जो काश्तकार सहमति से अपनी जमीन प्राधिकरण को नहीं बेचेंगे उनकी जमीन अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार कानून 2013 व नियमावली 2016 के अंतर्गत अधिग्रहित की जाएगी।

# गैंगस्टर ने दरोगा को धमकाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में दिनदहाड़े बिल्डर की थार गाड़ी पर फायरिंग करने वाले गैंगस्टर गोपाल सचान ने हनुमंत विहार थाने के दरोगा को हड़काया है। गैंगस्टर ने दरोगा पर पत्नी के साथ नजदीकी बढ़ाने का आरोप लगाया है। गैंगस्टर और दरोगा के बीच फोन पर हुई बहसबाजी के दो ऑडियो वायरल हैं। इसमें गैंगस्टर ने दरोगा को फोन कर धमकाते हुए कहा-तू मेरी पत्नी को रोज-रोज क्यों फोन करके बात करता है। आधे-आधे घंटे बात करता है। पत्नी से पूछ रहा था कि करवा चौथ कैसे मनायाज तू आकर मना लेता पत्नी के साथ करवाज। गोपाल सचान नाम है याद रखना ठीक नहीं होगा। वहीं, मामले में गैंगस्टर की पत्नी ने दरोगा पर थाने में हाथ पकड़ने का आरोप लगाया।

नौबस्ता के राधापुरम त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के पास रहने वाले चांदपुर फतेहपुर के राहुल पटेल बिल्डर हैं। पास ही उनका ऑफिस भी हैं। उनका जरौली में रहने वाले गैंगस्टर गोपाल सचान से प्रॉपर्टी का विवाद है। 8 अक्टूबर को हनुमंत विहार सब्जी मंडी के पास गोपाल काले रंग की स्कॉर्पियो से आया और थार से जा रहे राहुल को रोककर उसकी गाड़ी पर गोली चला दी।

**हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज**

गोली शीशे के नीचे टकराकर डैशबोर्ड में जा धंसी। तब से गोपाल फरार है। राहुल ने हनुमंत विहार थाने में गोपाल सचान, अमन सचान और सनी उमराव के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी मामले की जांच थाने के दरोगा अभिनव चौधरी कर रहे हैं।

**दरोगा को फंसाने की कोशिश कर रहा है आरोपी**

आरोप है कि इसी जांच के बहाने दरोगा अभिनव चौधरी ने आरोपी की पत्नी से कॉल के बहाने नजदीकी बढ़ाने की कोशिश की। वहीं मामले में डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि गोपाल दरोगा को फंसाने की कोशिश कर रहा है। कुछ गलत है तो उसके सबूत लाकर दें, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**गैंगस्टर और दरोगा के बीच की पहली ऑडियो कॉल**

दरोगा हेलो कहां हो..कब आओगे?

गैंगस्टरः अभी तो नहीं आया, लेकिन आज आ जाऊंगा, मेरी पत्नी से बार-बार क्यों बात करते हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत, जीआरपी पुलिस ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



- जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रेलवे स्टेशन के निकट स्थित विद्यालयों में आयोजित किया गया। जहां बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, आत्मरक्षा और जागरूकता बढ़ाना था। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बच्चों को रेलवे स्टेशन और यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने के सुझाव दिए, साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के कुछ बुनियादी तरीके भी सिखाए। उन्होंने आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर और पुलिस सहायता की जानकारी साझा की।

शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के बारे में जानकारी दी गई। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें और अपने अधिकारों की सुरक्षा कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों और शिक्षकों ने पुलिस के साथ संवाद किया और विभिन्न सवाल पूछे, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

इस अवसर पर जीआरपी पुलिस ने सभी से आग्रह किया कि वे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने में संकोच न करें।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह, एस आई खालिद, हेड कांस्टेबल आसिफ़ खान आदि लोग मौजूद रहे।

 ▶ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## कांग्रेस बचा रही अपनी लाज



*हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अपने साथी दलों के सामने नरम पड़ गयी है। इसे समझने के लिए महाराष्ट्र के आने वाले विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव काफी हैं। महाराष्ट्र में जिस दिन महाविकास अघाड़ी के दलों में अंतिम रूप से सीटों का बंटवारा हुआ, उसके दो दिन पहले तक अलग तरह की खबरें आ रही थीं। कहा गया कि कांग्रेस राज्य में बड़ा भाई का दर्जा बरकरार रखेगी। सीट शेयरिंग का यह फार्मूला आ रहा था कि कांग्रेस 105 से 110 क्षेत्रों में चुनाव लड़ सकती है। दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) को 90 से 95 और शरद पवार वाली एनसीपी को 75 से 80 सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी। यह उम्मीद लंबे समय तक बरकरार नहीं रही। जब समझौता हुआ तो तय हो गया कि तीनों में से कोई बड़ा-छोटा नहीं है। कांग्रेस भी अपने साथी दलों के बराबर ही है। प्रत्येक दल को 85 सीटें मिलीं और शेष सीटों पर ये पार्टियां मित्रवत अपने प्रत्याशी उतार सकती हैं। यानी बाकी सीटों पर ये आमने-सामने हो सकती हैं। जो भी हो, कांग्रेस पर दबाव साफ दिख रहा है और वह राज्य में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों के बराबर आ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए छोटे-बड़े की बात तो लंबे समय से पृष्ठभूमि में जा चुकी है। वहां किसी तरह से अस्तित्व बचाए रखने का लक्ष्य है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ देशभर में उपचुनाव भी हो रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान कराया जाना था। कानूनी अड़चनों के चलते एक क्षेत्र मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हो रहा है। बाकी बची 09 सीटों में से कांग्रेस ने पहले 05 सीटों की मांग रखी थी। यह कुल 10 में आधा-आधा का फार्मूला था। लोकसभा चुनाव में सपा के साथ समझौते में मिली 17 में से कांग्रेस 06 पर जीत कर उत्साह में थी। यह अति उत्साह में बदलता तब दिखा, जब हरियाणा में उसने सपा के साथ समझौता नहीं किया। अब सपा को मौका मिला उत्तर प्रदेश उपचुनाव में। उसने कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट देने का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस को यह दोनों सीटें हार वाली लग रही थीं। उसने प्रयागराज की फूलपुर पर भी अपनी दावेदारी की किंतु सपा टस से मस नहीं हुई। अंततः कांग्रेस ने अपनी प्रतिष्ठा बचाते हुए 'भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को महत्व' के नाम पर उत्तर प्रदेश में उपचुनावों से अलग रहने का फैसला कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्य प्रभारी अविनाथ पाण्डेय और विधायक दल नेता अराधना मिश्रा ने इस निर्णय को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मोर्चा के हक में किया फैसला कहा है। इसके विपरीत स्पष्ट है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में उम्मीद से कम रह गयी कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहती। उसे उप चुनाव से अधिक 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की चिंता है। उपचुनाव से अलग रहने के फैसले को अब वह सपा से दोस्ती और अपने संविधान बचाओ मुहिम के लिए त्याग बता रही है। झारखंड में तो वह हेमंत सोरेन सरकार का अंग ही है। वहां उसका दूसरे नंबर पर रहना तय था। तेजस्वी यादव ने भी अंततः मुख्यमंत्री सोरेन से बात कर मोर्चे में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह झारखंड में भी कांग्रेस ने मोर्चे में बने रहने के लिए नरम रुख ही अपनाया है। कुल मिलाकर उसे यह बात समझ में आ गयी है कि विपरीत स्थितियों में विनम्रता ही सहायक होती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियत भरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे।

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश



**ललित गर्ग**

**कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है।**

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी। गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं।



**गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है।**

### एक्सप्रेस कविता

*बेवफाई मैं किसी से करता नहीं*
*सच्चा प्यार भी कभी मरता नहीं।*
*जो अपना सुरूरे मिजाज रखता है*
*वो अपनी हद से कभी गुजरता नहीं।*
*जाम पीकर देखिये सियासत का कभी*
*ता जिंदगी ये नशा कभी उतरता नहीं।*
*पैरों पर झुकती है उसी के दुनिया*
*जो जोखिम उठाने से डरता नहीं।*
*बहाना पड़ता पसीना बेहद हर पल*
*बुरा वक्त यूं तो कभी संवरता नहीं।*
*अजब-गजब मंजर देखे मैंने यहां*
*वक्त है कि ये कभी रुकता नहीं।*
*शीश मेरा ईश्वर के अलावा संजीव*
*किसी के सामने कभी झुकता नहीं।*

**संजीव ठाकुर**

### एक्सप्रेस ज्ञान

*फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि इस बार शुरूआत शून्य से नहीं अनुभव से होगी!*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 31:49 तक |
| नक्षत्रः | मघा 12:21 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | ब्रह्मा, 30:36 |
| सूर्योदयः | 06:34 |
| सूर्यास्तः | 17:36 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 16:13-17:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### सेंकते हम रोटी !

*छोटी छोटी घटना पर ।*
*सेंकते हम रोटी ।।*
*करनी राजनीति है ।*
*बात नहीं ये छोटी ।।*
*कोशिश हमारा है ।*
*टूट न जाए क्रम ।।*
*रहना हमको ज़िदी ।*
*ना इसमें हो भ्रम ।।*
*होंगे लाख जलील पर ।*
*ना लाना बदलाव ।।*
*जनता ने ठुकरा कर ।*
*दिया बराबर घाव ।।*
*मुद्दों की हम खोज में ।*
*है लाना हर हाल ।।*
*भले लाख हम पर ।*
*उठते हों सवाल ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बालों का झड़ना रोकने के लिए जरूर आजमाएं आयुर्वेदिक उपाय

**आजकल** की तेजी से बदलती लाइफस्टाइल, प्रदूषण, तनाव और अनियमित खानपान के कारण बालों के झड़ने की समस्या से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर उम्र के लोग इस परेशानी से जूझ रहे हैं। बालों का झड़ना हमारी सेहत से भी जुड़ा हुआ है, ऐसे में अगर समय रहते इसका ध्यान नहीं दिया जाए, तो यह समस्या गंभीर रूप भी ले सकती है, जिससे गंजापन या बालों का पतला होना शुरू हो जाता है। बालों के झड़ने के कई कारण होते हैं, जिनमें हार्मोनल बदलाव, पोषक तत्वों की कमी, तनाव और बालों की देखभाल में की गई गलतियां प्रमुख हैं। इसके अलावा, कई बार हेयर केमिकल्स और हीट स्टाइलिंग टूल्स का अधिक प्रयोग भी बालों की जड़ों को कमजोर कर देता है। आयुर्वेद में बालों के झड़ने का समाधान प्राकृतिक रूप से करने पर जोर दिया गया है। इसमें जड़ी-बूटियों, तेल और संतुलित आहार के माध्यम से बालों को पोषण और मजबूती प्रदान करने के तरीके बताए गए हैं।



**बालों का झड़ना रोकने के लिए तेल:** बालों के झड़ने को रोकने और उन्हें मजबूती देने के लिए अमरबेल, आम की गुठली, गुड़हल के फूल, कलौंजी और मेथी दाना एक बेहतरीन आयुर्वेदिक उपाय हैं। इन सभी सामग्रियों को बराबर मात्रा में लेकर पीस लें। फिर इसे चार गुना पानी में उबालें, जब तक कि पानी एक चौथाई न रह जाए। इसके बाद इसमें तिल या नारियल का तेल मिलाकर इतना पकाएं कि सारा पानी उड़ जाए। इस तेल को छानकर रख लें और सप्ताह में 2-3 बार अपने बालों की जड़ों में लगाएं। इससे बालों की जड़ों को गहराई से पोषण मिलता है और बालों में रूसी और फंगल इंफेक्शन की समस्या से राहत मिलती है।

**तिल, नारियल और कद्दू के बीजों का मिश्रण:** बालों और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए तिल, नारियल और कद्दू के बीज का मिश्रण बेहद फायदेमंद है। 100 ग्राम तिल, नारियल और कद्दू के बीज को हल्का सा भून लें और फिर इसमें 100 ग्राम आंवला पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण का सेवन दिन में 2-3 बार करें।

**नींद और वजन:** अच्छी नींद और स्वस्थ वजन बनाए रखना भी बालों की सेहत के लिए आवश्यक हैं। अगर आपका वजन ज्यादा है, तो उसे नियंत्रित करने की कोशिश करें और रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। नींद पूरी न होने से तनाव बढ़ता है, जो बालों के झड़ने का प्रमुख कारण है। इसके अलावा, वजन नियंत्रण करने से शरीर में हार्मोनल संतुलन बेहतर होता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।

**फायदेः** तनाव कम होता है, जिससे बालों का झड़ना रुकता है। शरीर में आवश्यक हार्मोन का स्तर सामान्य रहता है, जो बालों की ग्रोथ में सहायक होता है। स्किन भी हेल्दी रहती है और उम्र बढ़ने के लक्षण धीरे आते हैं।

**निष्कर्षः** बालों की देखभाल के लिए आयुर्वेद में कई कारगर उपाय मौजूद हैं। इन उपायों का नियमित रूप से पालन करने से बालों की क्वालिटी में सुधार आता है और झड़ने की समस्या कम होती है। आयुर्वेदिक नुस्खों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बालों पर बिना किसी केमिकल के प्राकृतिक रूप से असर करते हैं। बालों को जड़ों से मजबूत करने और उनकी ग्रोथ बढ़ाने के लिए आप भी इन आयुर्वेदिक उपायों को अपनाकर फायदा पा सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# मोदी की रूस यात्रा का महत्व



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर वार्ता से पूर्व द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने जुलाई में मॉस्को में अपनी आखिरी बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के साथ भारत-रूस संबंधों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम की समीक्षा की।**

**ब्रिक्स** शिखर सम्मेलन के साझा घोषणा पत्र में भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों को सर्वाधिक महत्व दिया गया। इसका कारण है कि भारत ने वसुधा को कुटुंब मानते हुए शिखर सम्मेलन में प्रस्ताव पेश किए थे। रूस यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व के हिंसक तनाव ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद को निरर्थक साबित कर दिया है। इसके अलावा आतंकवाद के मुद्दे पर भी सुरक्षा परिषद साझा रणनीति बनाने में विफल रही है। चीन सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है। वह आतंकवादी मुल्कों को खुला संरक्षण प्रदान करता है। अमेरिका भी रूस यूक्रेन युद्ध और मध्यपूर्व विवाद में एक पक्ष के साथ है। रूस युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल है। ये सभी सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य है। इनको वीटो पावर है। जाहिर है इनके भरोसे विश्व में शांति कायम नहीं हो सकती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्ताव करता रहा है। यह प्रस्ताव ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के साझा घोषणा पत्र में शामिल किया गया। इसके अलावा भारत आतंकवाद, पर्यावरण आदि विषय भी उठता रहा है। इनसे संबंधित भारत की के प्रस्तावों को भी साझा घोषणा पत्र में स्थान दिया गया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कजान घोषणा को स्वीकार किया गया। जिसमें संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों की जरूरत पर जोर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए सदस्य देशों की आकांक्षाओं का समर्थन किया गया है। वित्तीय क्षेत्र में सहयोग भी घोषणा का महत्वपूर्ण अंग है जिसमें राष्ट्रीय मुद्रा में भुगतान भी शामिल है। जलवायु परिवर्तन संबंधी विषय में इसमें शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स में जनहित पर केन्द्रित सहयोग का आह्वान किया था। इस पर भी सहमति बनी। मोदी ने विस्तारित ब्रिक्स संगठन पर भी सर्वग्रही विचार प्रस्तुत किए। ब्रिक्स अब तीस ट्रिलियन डॉलर से अधिक अर्थव्यवस्था वाला संगठन बन गया है। यह संगठन विश्व की जनसंख्या के चालीस प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व व्यापार संगठन में सुधार के लिए ब्रिक्स देशों के बीच आम राय बनी है। कृषि क्षेत्र में व्यापार को सुगम बनाने, सुरक्षित आपूर्ति प्रणाली, ई-कॉमर्स और विशेष आर्थिक जोन से आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। इसके प्रस्ताव भी नरेंद्र मोदी ने किए थे। संगठन के अंतर्गत सहयोग बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्ध है। स्थानीय मुद्राओं में देशों के बीच व्यापार के प्रयास प्रगति पर है। स्थानीय मुद्रा में व्यापार और एक दूसरे के देशों में असानी से भुगतान से आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। भारत में बना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस यूपीआई बहुत सफल हुआ है। इसे कई देशों में अपनाया गया है। रूस की अध्यक्षता में ब्रिक्स ओपन कार्बन मार्केट पाटरनर्शिप पर सहमति बनी है। भारत में भी हरित विकास,जलवायु लचीला बुनियादी ढांचा और हरित ऊर्जा अपनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इंटरनेशनल सोलर अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर,मिशन लाइफ यानी पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल,एक पेड़ को मां के नाम जैसी पहल दी गई है। कॉप ट्वेंटी एट के दौरान हमने ग्रीन क्रेडिट जैसी महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। भारत में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को तेजी से बढ़ाने के लिए स्पीड-शक्ति पोर्टल बनाया है। इससे एकीकृत योजना और कार्यान्वयन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास में मदद मिली है। लॉजिस्टिक लागत कम हुई है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस संगठन के प्रारंभिक पांच सदस्य देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा चार नए सदस्य देश ईरान, यूएई, इथोपिया और मिस्र भी शामिल हुए हैं। सउदी अरब को संगठन की सदस्यता मिलने के बाद भी वह आधिकारिक रूप से इसमें शामिल नहीं हुआ है। विस्तारित ब्रिक्स के पहले शिखर सम्मेलनमें भारत, रूस,चीन,दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के साथ ही नए सदस्य देशों में ईरान, इथोपिया, यूएई और मिस्र के नेता शामिल हुए। भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थक है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स एक विविधतापूर्ण और सर्वसमावेशी मंच है तथा यह विभाजनकारी नहीं बल्कि लोगों की भलाई के लिए प्रेरित समूह है। विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। विश्व में नार्थ-साउथ और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। ऐसे में ब्रिक्स सकारात्मक भूमिका का निर्वाह कर सकता है। आतंकवाद और युवाओं में बढ़ते उग्रवादी विचारों के प्रभाव की चुनौती ने निपटना होगा। आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए हम सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा।

**ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए। महंगाई की रोकथाम, फ़ूड सिक्योरिटी, ऊर्जा सिक्योरिटी, हेल्थ सिक्योरिटी,जल सुरक्षा सिक्योरिटी, सभी देशों के लिए प्राथमिकता के विषय हैं। टेक्नोलॉजी के युग में साइबर सिक्यूरिटी,डीप फेक, गलत जानकारी जैसी नई चुनौतियां बन गई हैं। ऐसे में ब्रिक्स को लेकर बहुत अपेक्षाएं हैं।**

# बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा ग्राम लठिया में आयोजित की गयी कृषक गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । खंभारखेडा खीरी




बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा के परिक्षेत्र के ग्राम लठिया में शरदकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषक प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहॉपुर के सहायक निदेशक डा0 परवीन कुमार कपिल, चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राज सिंह, उप प्रबन्धक (गन्ना) कमल कुमार, सहायक अधिकारी अनूप कुमार अवस्थी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे। कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व संचालक गन्ना समिति लखीमपुर विजय ब्रहम सिंह द्वारा की गयी।उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर से आये डा0 परवीन कुमार द्वारा प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों से प्रजाति का सही चुनाव, गन्ने की लाइन से लाइन दूरी कम से कम 4 फिट रखने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी तथा वैज्ञानिक तकनीकी अपनाने पर जोर दिया इसके अतिरिक्त कृषकों को गन्ने की फसल पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। किसानों को गन्ने की स्वीकृत किस्मों, बीज का उपचार (थायोफिनिट मिथाइल द्वारा) एवं भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), गन्ना उत्पादन तकनीक, सिंगल बड तकनीक द्वारा गन्ना पौध तैयार करने, शरदकालीन गन्ना बुवाई, ट्रेंच विधि, कार्बनिक खाद, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, गन्ना खेती के साथ सहफसली खेती से लाभ, पेड़ी गन्ना प्रबन्धन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबन्धित प्रजातियों अथवा अस्वीकृत एवं अन्य राज्यों की विकसित प्रतिबन्धित प्रजातियों की बुवाई कदापि ना करें। शरदकालीन गन्ना बुवाई में बुवाई से पूर्व बीज को फंफूदीनाशक एवं कीटनाशक से पूरी रात पानी के घोल में शोधित करके खेत को ट्राइकोडर्मा से शोधित करने के उपरान्त एक ऑख के टुकड़े की बुवाई करें। शरदकालीन गन्ना बुवाई में उन्नातिशील गन्ना प्रजातियों (को.0118, को. लख.14201, को.शा.13235, को. लख.16202, को.शा.18231 एवं जलप्लावित क्षेत्र हेतु को.शा. 13231 एवं को.लख.94184) का ही चयन करें और ट्रैन्च विधि के माध्यम से गन्ना बुवाई करें।

# थाना समाधान में जन समस्याओं व शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए

- मुस्कान अभियान के तहत खोए हुए 50 मोबाइल फोन को मोबाइल स्वामियों को वितरित किये

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



थाना समाधान दिवस कोतवाली देहात में जन समस्याओं एवम शिकायतों को एक-एक कर सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित को प्रदान किये गए। इस अवसर पर मुस्कान अभियान के तहत थाना जनपद सीतापुर द्वारा खोए हुए 50 मोबाइल फोन की बरामदगी की गई, जिसमें आज-18 मोबाइल स्वामियों को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा प्रदान किये गए। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र सभी जनपद वासियों से निवेदन किया कि साइबर फ्रॉड आदि से सम्बंधित शिकायतों को साइबर थाने में दर्ज कराएं। पुलिस द्वारा हर संभव मदद के साथ शिकायतों का समयबद्ध गुणत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मोबाईल बरामदगी की कार्यवाही को लेकर पुलिस विभाग की सराहना करते हुए बेहतर कार्य करने हेतु पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया।

देहात कोतवाली में जन समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने के बाद जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र थाना हरगांव में जनसमस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश राजस्व व पुलिस विभाग को दिए।

त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्थाएं बनाए रखने के कड़े निर्देश संबंधित को प्रदान किया।

> जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं को भी शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। आपसी झगड़ों से बचने व विवादों से संबंधित निर्णयों के इंतजार, संयम एवं धैर्य बनाये रखने हेतु दोनों पक्षों को समझाया। आगामी दिनों में हरगांव चीनी मिल चालू होने की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुये थानाध्यक्ष हरगांव को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चीनी मिल चालू होने के उपरान्त रूट डायवर्जन व ट्रैफिक पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि बाद में कोई परेशानी उत्पन्न न होने पाये।

# उर्से जाकिरी खाक सारी के मौके पर तीन दिवसीय विराट दंगल का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा के मोहल्ला सरैया मंडी रोड उर्से जाकिरी खाक सारी के मौके पर तीन दिवसीय विराट दंगल का आयोजन किया गया है। जिसके अध्यक्ष मोहम्मद इलियास रहे हैं । तीसरे के दिन के आयोजन में मुख्य अतिथि डॉक्टर जुबेर और विशिष्ट सगीर आलम सिद्दीकी, डॉ सुरेंद्र सिंह, क्रांति कुमार और अशफाक मंसूरी रहे।शुक्रवार को तीसरे दिन के आयोजन में अंतर राज्यीय स्तर के पहलवानों ने कुश्ती में दांव पेच दिखाएं हैं। दंगल में मेंटल पहलवान आगरा और नेवा नेपाली के बीच मुकाबले में नेवा पहलवान ने की दर्ज की है। दूसरी कुश्ती सनी केरल और गोलू पहलवान जम्मू के बीच हुई जिसमें गोलू विजई बने हैं। तीसरी कुश्ती मुकेश हरियाणाऔर मेंटल आगरा के बीच कुश्ती में मुकेश विजेता बने हैं। चौथी कुश्ती जावेद गनी और ब्लैक कोबरा पहलवान के बीच खेली गई जिसमें जावेद गनी विजेता बने हैं।

# तेंदुआ किसान के घर में घुसकर बछिया को दबोकर गन्ने के खेत में ले गया

- एक माह पूर्व धौरहरा में पकड़ा गया था तेंदुआ कई पालतू जानवरों को मार चुका है तेंदुआ

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के धूसाखुर्द घोसियाना में एक बार फिर तेंदुए ने हमला किया है। तेंदुआ किसान के घर में घुसकर बछिया को दबोकर गन्ने के खेत में ले गया। शुक्रवार रात ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने गांव में कॉम्बिंग शुरू कर दी है। वहीं इलाके में तेंदुआ होने से ग्रामीणों में दहशत है।

धौरहरा वनरेंज के धूसाखुर्द घोसियाना में एक माह तक शांत रहे तेंदुए ने फिर से शिकार करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार की देर रात तेंदुए ने किसान अब्दुल हसन के घर में घुसकर खूंटे से बंधी बछिया को खींच ले गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गांव में कॉम्बिंग शुरू कर दी। बीते दो माह पहले तेंदुआ इसी गांव के रामकुमार, और शरीफ घोसी सहित कई किसानों के पालतू जानवरों को मार चुका है। सितंबर माह में खेत पर गए शहजाद के पुत्र सद्दाम (18) अब तक लापता है। ग्रामीणों का मानना है कि युवक को तेंदुआ खा गया होगा। लेकिन अब तक शव बरामद न होने से वन विभाग मानने को तैयार नहीं है। इसी गांव में वन विभाग ने एक माह पूर्व पिंजरा और नाइट विजन कैमरे लगाए थे।

चालाक तेंदुआ पिंजरे में बंधी बकरी को भी खींच ले गया। बाद में धौरहरा में पकड़े गए तेंदुआ को लोग मान रहे थे कि यही तेंदुआ पकड़ गया है। शुक्रवार रात हमला कर तेंदुए ने फिर दहशत फैला दी है। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि गांव में टीम निगरानी कर रही है। पिंजरे लगाकर उसे पकड़ा जाएगा।

# शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कस्बे में बेकरी पर किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

दिवाली के मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ विश्राम रावत, विपिन कुमार सिंह, रमेश सिंह ने अपनी टीम के साथ कस्बे में बेकरी पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदा और बिस्किट के नमूने लिए।कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा की गई मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने में अलग-अलग स्थनों पर निरीक्षण किया। बेकरी व दुकानों से अलग अलग नमूने लिए गए। सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। डॉ विश्राम रावत ने कहा कि कोई भी खाद्य पदार्थ सामग्री लेने से पहले उसकी शुद्धता की जांच कर लें।

पैक्ड सामग्री लेने से पहले उसकी बेस्ट बिफोर एवं एक्सपायरी डेट की जांच परख कर ही उसे खरीदे। उन्होंने बताया कि दिवाली पर्व को लेकर अभियान आगे चलता रहेगा।

# सीएचसी अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



> टीबी उन जगहों पर आसानी से फैलती है जहाँ लोग भीड़ में इकट्ठा होते हैं या जहाँ लोग भीड़-भाड़ वाली जगहों पर रहते हैं। एचआईवी,एड्स से पीड़ित लोगों और कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले अन्य लोगों में टीबी होने का जोखिम सामान्य प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की तुलना में ज़्यादा होता है। फ़ेफड़ों में सक्रिय टीबी रोग के लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे शुरू होते हैं और कुछ हफ़्तों में बिगड़ जाते हैं। इनमें ये शामिल हो सकते हैं खाँसी,खांसी में खून या बलगम आना, छाती में दर्द। सांस लेने या खांसने के साथ दर्द होना,बुखार, ठंड लगना, रात का पसीना, वजन घटना,खाने की इच्छा न होना, थकान इत्यादि। किसी को भी टीबी हो सकती है, लेकिन कुछ कारक संक्रमण के जोखिम को बढ़ा देते हैं। अन्य कारक संक्रमण के सक्रिय टीबी रोग में बदलने के जोखिम को बढ़ा देते हैं।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावाँ में अतिमहत्वाकांक्षी राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य - 3 के तहत भारत के वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को देखते हुए कार्यक्रम में चिकित्साधिकारियों-कर्मचारियों ने क्षय रोग उन्मूलन में अपना उत्कृष्ट योगदान देने का विनिश्चय किया ताकि टी0बी0 हारेगा देश जीतेगा की अवधारणा को साकार किया जा सके। इस कार्यक्रम में सी एच सी अधीक्षक डॉ संतोष चौधरी, एमओटी0सी0 डॉ सर्वेश कुमार, एस टी एस श्री तपन सिंह, पी एम डबल्यू श्री रंजीत कुमार समेत अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कई क्षय रोगियों को गोद लिया गया एवं डालमिया चीनी मिल जवाहर पुर के एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा 25 क्षय रोगियों को पोषण किट मुहैया करायी गयी ताकि उनके उपचार एवं समुचित देखभाल के साथ साथ पौष्टिक आहार की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा सके। साथ ही भारत सरकार के द्वारा प्रति क्षय रोगी को उनके पोषण भत्ता स्वरूप रू 500 से बढ़ा कर रू 1000 दिया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार का इनामिया करीमुल्ला हुआ गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना भीरा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शाजहांपुर जिले के थाना खुटार के गांव टाहा खुर्द कला निवासी करीमुल्ला उर्फ मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। थाना भीरा पुलिस लूट-चोरी के मामले में उसकी तलाश कर रही थी। उस पर सीतापुर, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में 26 अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

सीओ गजेंद्र गौतम ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा टीम के साथ गश्त पर थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव चक पसियापुर के पास शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के गांव टाहा खुर्द निवासी करीमुल्ला उर्फ मुकेश पुत्र हिकमत अली उर्फ हरिओम को घेर लिया। उसने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए शातिर अपराधी के खिलाफ सीतापुर, लखीमुर खीरी और शाहजहांपुर के विभिन्न थानों पर लूट, चारी समेत 26 अपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह मुकेश के नाम से फर्जीआईडी बनवाकर करीब सात साल से गांव चक पसियापुर में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

# सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज के दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ एसडीएम शिखा शुक्ला ने किया

जन एक्सप्रेस । श्रीश रस्तोगी




महमूदाबाद। सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज के खेल मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय 17वें क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ एसडीएम शिखा शुक्ला, विशिष्ट अतिथि एचडीएफसी महमूदाबाद के शाखा प्रबंधक शशि शेखर पाण्डेय, सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष नरेश चंद्रा, डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने दीप प्रज्जवलन व झंडी दिखाकर किया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने मौजूद विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद दिवस न केवल छात्रों की खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि यह एक ऐसा दिन है जो हमें अनुशासन, टीम वर्क, और खेल भावना का महत्व सिखाता है। छात्रा प्रिया, साक्षी और जूली ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों को गॉर्ड ऑफ़ ऑनर दिया। शाखा प्रबंधक शशि शेखर पाण्डेय ने बताया कि खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वे न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। खेल के माध्यम से हम धैर्य, संघर्ष, और आत्म-विश्वास जैसे गुणों को विकसित करते हैं। सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने कहा कि छात्र पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से खेल में भाग लें। हर खेल में हार या जीत से बढ़कर खेल भावना होती है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

इस अवसर पर सेठ रामगुलाम पटेल मेमो इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, उप प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, कार्यालय अधीक्षक वीरेंद्र कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश कुमार, कोऑर्डिनेटर एवं फील्ड ऑफिसर उमेश कुमार, सीनियर वर्ग प्रभारी सर्वेश कुमार, जूनियर वर्ग प्रभारी भूमिका गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर/मेला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



ग्राम सिंगहा खुर्द में 315पशुओं का उपचार और निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्यामसुंदर पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। जिला लखीमपुर खीरी के विकास खंड निघासन के ग्राम पंचायत सिंगहा कला के प्राथमिक विद्यालय सिंगहा खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।जिसके बाद गाय की पूजा,अर्चना की गई।इस शिविर में कुल 315 पशुओं का उपचार किया गया, जिसमें गाय, भैंस, सांड, बकरी आदि शामिल थे। पशुओं की विभिन्न चिकित्सा सेवाएं जैसे बांझपन चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, शल्य चिकित्सा, और बधियाकरण की गईं। इसके अलावा, निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया जागरूकता कार्यक्रम पशुपालकों को एम्बुलेंस सेवा 1962 के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर सुविधा मिल सके। जिसमें उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इंद्रदेव सिंह माहर ने पशुधन बीमा, टीकाकरण, और टैगिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन में प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान प्रतिनिधि यदुवेंद्र कुमार नेकू अवस्थ, फार्मासिस्ट डॉक्टर सियाराम राना, पशुधन प्रसार अधिकारी मोहन सिंह राना, मनोज कुमार पशु मैत्री पलविंदर सिंह, रोहित कुमार, जितेन यादव, शुगर पाल यादव, दिनेश कुमार यादव, हरेंद्र सिंह, दीपचंद्र सोनी, जितेंद्र सिंह, गुलाब सिंह राना और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधुत विभाग के संविदाकर्मियों द्वारा 28 अक्टूबर को सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, लखीमपुर खीरी। को विधुत विभाग के संविदा कर्मियों ने सत्याग्रह में भाग लेने के का किया अनुरोध बताते चलें कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/ संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों के हो रहे शोषण, उत्पीड़न एवं हो रही छटनी के विरोध में प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोखले मार्ग तखनऊ कार्यालय पर 28 अक्टूबर 2024 को सत्याग्रह करने का निर्णय लिगा गया है, जिसमें आपके कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे बिजली के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/189A/2024–25 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ में 10 नं0 एल.एच.बी. ई.ओ.जी. ए.सी कोचों के आर.एम.पी.यू. से पुराने इवैपोरेटर एवं कन्डेनसर कॉयल को अलग करना, नवीन की आपूर्ति, फिटिंग, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य के स्कोप के अर्न्तगत प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रु. 56,06,483.97 |
| ग | धरोहर राशि | रु. 1,12,100/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड़ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 18.11.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 18.11.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद |

- निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है।
- मैनुअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- निविदाकर्ता द्वारा निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा।
- डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः– विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/189A/2024–25, दिनांक 26.10.2024
3338/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मां भगवती का विशाल नवम जागरण बड़ी धूमधाम से गया मनाया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ त्रिलोकी नाथ के पास
मां भगवती का विशाल नवम जागरण प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ा धूमधाम से मनाया गया मानसी म्यूजिकल ग्रुप मुरादाबाद द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां का आयोजन किया गया जागरण अध्यक्ष, प्रवीण कश्यप ने बताया कि गायक श्याम दीवाना खटीमा ने भजन गया , भोले ओ भोले तू रूठा जग झूठा मेरे यार को मनादे, अशोक बरेली ने भजन गया, यह सच है कि भगवान है गुंजन शर्मा पीलीभीत ने भजन गया मां मुरादे पूरी कर दे हलवा बाटूंगी, सुंदर-सुंदर झांकियां उत्तराखंड द्वारा दिखाई गई इस मौके पर प्रवीण कश्यप, महंत, सावन भारद्वाज, लालू गुप्ता, प्रशांत गुप्ता लकी, शिवम गुप्ता पहाड़ी गुप्ता, अनुपम मिश्रा आदि लोग भक्त मौजूद रहे।

# 31अक्टूबर को ही मनाया जाएगा दीपावली पर्व

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

दीपावली पर्व किस दिन मनाया जाएगा इसको लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। देवकली तीर्थ के श्रीमती चंद्रकला आश्रम संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद जी महाराज ने स्पष्ट कर दिया है कि धर्म शास्त्रों के अनुसार दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा। महंत प्रमोद जी महाराज का कहना है कि 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस, 30 अक्टूबर बुधवार को नरक चतुर्दशी(हनुमान जयंती),छोटी दीपावली,31 अक्टूबर गुरुवार को दीपावली का त्यौहार मनाया जाएगा।1 नवम्बर शुक्रवार को स्नान-दान अमावस्या होगी,

2 नवम्बर को अन्नकूट(गोवर्धन पूजा), 3 नवम्बर को भ्रातृ द्वितीया(भइया दूज) का त्यौहार मनाया जाएगा।31अक्टूबर को शाम 3ः11बजे से 1नवम्बर को सायं 5.12 बजे तक अमावस्या रहेगी। उनका कहना है कि दीपोत्सव के समय यदि प्रतिपदा दिख जाए तो उस दूषित तिथि का त्याग कर देना चाहिए। आषाढ़ी पूर्णिमा, रक्षाबंधन, होली और दीपावली को कभी भी प्रतिपदा से विद्ध नहीं करना चाहिए वरना धन धान्य का क्षय होता है। इसके अतिरिक्त स्कंदपुराण के द्वितीय भाग वैष्णवखंड के कार्तिकमहात्म्य के10वें अध्याय दीपावली कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा महात्म्य नामक अध्याय के श्लोक क्रमांक 11 में भगवान श्री ब्रह्माजी ने स्पष्ट कह दिया है कि अमावस्या विद्ध बलि प्रतिपदा तिथि में मोहवशात् माङ्गल्य कार्य के लिए अनुष्ठान करने से सारा धन नष्ट हो जाता है।उनका यह भी कहना है कि व्रतराज में तो यहाँ तक कहा है कि प्रदोष व रात्रि में अमावस्या होने से 31 अक्टूबर की रात्रि को ही दीपावली है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

उ.प्र.शासन एवं खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के द्वारा जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, प्रतियोगिता के अंतिम दिन फुटबाल बालक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। आज के प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र संयुक्त रूप से रहे। सर्वप्रथम संजीव कुमार सिंह प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा मुख्य अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वारा विजेता,उपविजेता टीमों को पुरस्कार स्वरूप चेक प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का संचालन सुरेन्द्र कुमार, ताइक्काण्डो प्रशिक्षक के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक सुमित आदि रहे। इस मौके जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक विवेक सिंह, देवेन्द्र कुमार पाल, राहुल गुप्ता एवं खेल कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अतं में मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को अपना आर्शीवचन में मेहनत व लगन से खेलने एवं सीतापुर का नाम प्रदेश एवं देश में रोशन करने हेतु प्रेरित किया। सेमीफाइनल मैच में पहला सेमीफाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम स्पोर्टस स्टेडियम टीम के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्टस स्टेडियम टीम ने 4-0 से विजय प्राप्त किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच आरएमपी बनाम।

# किसानों का धरना पांचवे दिन भी जारी

## आंदोलनकारी किसानों ने किया बड़े आंदोलन करने का ऐलान, किसान संगठनों ने 4 को ट्रैक्टर रैली करने का किया ऐलान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जनपद में बनाए जा रहे ह॥ 727 देवरिया बाईपास एवं ह॥ 727क्क सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में पड़री चौराहे पर, बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना शनिवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरना में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सुबास लाल श्रीवास्तव,जिलाध्यक्ष ब्यास यादव ने शामिल होते हुए समाजवादी पार्टी के तरफ से समर्थन किया। सपा राष्ट्रीय सचिव सुबास लाल श्रीवास्तव ने बताया कि किसानों के इस बड़े आंदोलन को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संज्ञान में लिया है और उन्होंने कहा है कि मैं बहुत जल्द ही आंदोलनकारी किसान प्रतिनिधियों से मिलूंगा।






### सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने लिया संज्ञान, विपक्ष ने दिया समर्थन- त्रिपाठी

भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान नेताओं ने भाजपा के देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया,बरहज विधायक दीपक मिश्रा, पथरदेवा विधायक एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही,विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, बांसगांव सांसद व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान,सलेमपुर के सांसद रमाशंकर राजभर उर्फ विद्यार्थी को पत्रक देकर किसानों को न्याय दिलाने के लिए मांग किया गया मगर सलेमपुर के सांसद को छोड़कर किसी भी जनप्रतिनिधी ने कोई पहल नहीं की।

### किसानों की मांगों को शासन प्रशासन कर रहा अनसुना- विनय सिंह सैंथवार

किसानों को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि ह॥ 727 देवरिया बाईपास, ह॥ 727क्कसलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन,भूमि बचाओ संघर्ष समिति,किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर द्वारा विगत डेढ़ वर्षों से लगातार आंदोलन किया जा रहा हैं मगर जिला प्रशासन,शासन द्वारा किसानों की मांगों को अनसुना किया जा रहा हैं।

### जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली कर किया जाएगा आंदोलन तेज- शाही

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने कहा कि किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर बड़ा ट्रैक्टर रैली कर किसानों के आंदोलन को तेज किया जाएगा। धरने को किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर के अध्यक्ष प्रेमचन्द यादव,भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश सचिव विनोद गुप्ता,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह,भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह,जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला सलाहकार मदन चौहान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयकरन शाह,चन्द्रदेव सिंह, डाक्टर राजेश मिश्रा,सुग्रीव मिश्रा,राजनाथ यादव, मधुसूदन अतुल सिंह,सन्नी सिंह,सचिन यादव,राजन कुमार,संजय सिंह इत्यादि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।*उधर बैतालपुर बरारी मोड़ पर किसानों ने अजय मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में धरना दिया । धरने में मधुसुदन यादव,कृष्ण कांत त्रिपाठी,रामचंद्र यादव, रामप्यारे, विपिन मणि अरुण मणि ,भरत मणि, सूर्य प्रकाश मणि, सुरेश मणि त्रिपाठी, संजय मणि इत्यादि लोग शामिल हुए।

# हाईकोर्ट के जज ने आद्रवन लेहड़ा देवी मंदिर में टेका मत्था, किये पूजा अर्चना



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के खंडपीठ लखनऊ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह शनिवार को आदिशक्ति मां लेहड़ा वाली के दरबार में पहुंचें और दर्शन कर मां लेहड़ा वाली के दरबार में मात्था टेका और पूजा अर्चना कर लेहड़ा देवी का आशीर्वाद लिया।न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह ने सबसे पहले लेहड़ा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात मंदिर के मुख्य पुजारी से आशीर्वाद लिए और घंटों तक वार्ता किया। इस दौरान उन्होंने मां लेहड़ा देवी के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने फरेंदा दीवानी न्यायालय परिसर का निरीक्षण भी किया। न्यायमूर्ति ने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिवक्ताओं से वार्ता किया। उन्होंने दीवानी परिसर का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त कर नये बिल्डिंग के निर्माण तथा अतिरिक्त जज की नियुक्ति की जाएगी। न्यायालय के लिए 10 एकड़ भूमि पर भी चर्चा करते हुए प्रस्ताव लिया गया हैं।उन्होंने कहा कि वादों के तेजी से निस्तारण में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# गोरखपुर जिले में जिम्मेदारों की मेहरबानी से मनरेगा योजना में लूट की खुली छूट

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जहाँ एक तरफ सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत काम दे रही है जिससे कामगार अन्यत्र जगहों पर पलायन न करे। वही ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों का जि़म्मेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नही किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है। ऐसा ही मामला गोरखपुर जनपद के विकासखंड गोला में प्रकाश में आया है जहां मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की हाजिरी लगा लाखों का गोलमाल किया जा रहा है। जन एक्सप्रेस की टीम ने ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में हो रहे मनरेगा कार्यों की पड़ताल की तो चौकाने वाला सच सामने आया।




### 10 दिनों में 16 सौ मजदूर दिवस की गई लूट

ग्राम पंचायत पकड़ी में 15 से 25 अक्टूबर के बीच तरैना पुल से ईट भट्टे तक मिट्टी कार्य कराया जा रहा है लेकिन कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं दिखा न ही श्रमिक, जबकि प्रतिदिन 19 मस्टरोल क्रमशः 5580/5581/5582/5583/5584/5585/5586/5587/5589/5590/5591/5592/5593/5594/5595/5596/5597/5571/5572 व हाजिरी प्रतिदिन 160 लोगो की लगाई गई है। कुल दस दिनों में लगभग 1600 श्रमिकों की हाजिरी लगी है ।

### बिना काम किए घर बैठे मजदूरों की धड्डुले से अपलोड की जा रही हाजिरी

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिरकार बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई ?
घर बैठे सैकड़ो श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखो का गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो तक कार्यवाही सीमित रहती है या दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी होगी।

### बोले डीसी मनरेगा, जांच कर करेंगे कार्रवाई

डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव ने मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि यह मामला गंभीर है हम जल्द ही जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिना भेदभाव सभी को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ - सुधीर राव



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत ब्लॉक हाटा में सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव और संयुक्त खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता लाभ उठा रही है बिना भेदभाव से पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को बताया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सतीश गुप्ता, राधेश्याम ,सत्येंद्र पटेल रितेश सिंह,जनार्दन राय, रिया शर्मा, श्रेयांश राय ,विश्वजीत सिंह ,अजय प्रताप यादव, बृजेश राव , सुनील बेलदार,ब्रजेश कुमार,उपेंद्र कुमार जायसवाल,विनोद सिंह, विजय राय,अवनीश जायसवाल,विनय राय आदि उपस्थित रहे।

# बहादुर यादव महिला महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत समारोह हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस । भटनी**



उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचल के नामचीन महाविद्यालयों में शुमार जनपद की आदर्श नगर पंचायत भटनी में अवस्थित बहादुर यादव महिला महाविद्यालय में बीए, बीएससी ,बीकाम प्रथम सेमेस्टर की नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत के लिए महाविद्यालय की बीए, बीएससी,बीकाम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा स्वागत समारोह महाविद्यालय के रमणीय परिसर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भटनी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सपा नेता रमाशंकर यादव रहे। विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार सिंह प्रबंधक अरविंद आई टी आई, डब्लू लाल श्रीवास्तव प्रबंधक केज़्के पब्लिक स्कूल, अखिलेश यादव ग्राम प्रधान , मुसाफिर यादव ,आरज़्के आर्या रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार यादव ,निदेशिका ममता यादव एवं प्राचार्य डॉक्टर राम मनोहर के द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण ,अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया ।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान एक-दूसरे को तिलक लगाकर परिचय प्राप्त किया। प्राचार्य डाक्टर राम मनोहर यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया ।इस दौरान डॉक्टर.अनूप कुमार, डॉक्टर.कंचन मिश्रा, तारा ठाकुर, वीरेन्द्र प्रताप विश्वकर्मा,प्रतिभा पटेल, स्कन्द तिवारी,सीमा यादव, राजीव कुमार शर्मा,दिवाकर यादव, मनोज शर्मा,प्रभात कृष्ण, कविलाषआर्य,दुर्गेश यादव, शिवशंकर मौर्य, राहुल यादव, मार्कण्डेय, इन्द्रजीत आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना से बने भवन की चाबी को समूह को किया गया हैंडओवर

**जन एक्सप्रेस । पनियरा ( महराजगंज)**

विकास खंड पनियरा के ग्राम सभा जंगल बड़हरा में शनिवार को समूह की महिलाओं को हैंडोवर किया गया वर्किंग शेड भवन।अब नहीं देना होगा हाउसिंग रेंट।

खबर के अनुसार उक्त गांव में डीएम व सीडीओ महराजगंज के निर्देशानुसार खण्ड विकास अधिकारी पनियरा एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के सौजन्य से 19लाख 22 हजार की लागत से मनरेगा योजना के तहत समुह की महिलाओं के लिए वर्किंग शेड का निर्माण किया गया था।जिसे शनिवार को समूह के सदस्यों को भवन हैंड ओवर किया गया।अब समूह की महिलाएं अपना काम अपने भवन में करेंगी।पहले



किराए के मकान में रहकर टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर ,हैंड वॉश आदि चीजें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्वयं उत्पादन कर मार्केट में सप्लाई करती थी। अब यह लोग अपने निजी भवन में उत्पादन कर मार्केट में सप्लाई कर सकेंगी। इस मौके पर एपीओ अवनीश शुक्ला ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, रोजगार सेवक कलामुद्दीन, समूह की अध्यक्ष सरोज देवी ,सुनीता देवी ,राधिका देवी व कोषाध्यक्ष रिंकू देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर में छात्रा से छेड़खानी, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, पीड़िता हैरान, परेशान



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के तिवारीपुर क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी और परिवार को धमकाने के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी का एक रिश्तेदार दरोगा है, जिसके चलते पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करने में ढिलाई बरत रही है और समझौते का दबाव बना रही है। पीड़िता ने एसएसपी से लगाई मदद की गुहार पीड़िता ने हाल ही में एसएसपी से मामले की शिकायत की। इसके बाद, लगभग तीन महीने की देरी के बाद, गुरुवार को उसका मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किया गया। यह ध्यान देने योग्य है कि ऐसे मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की निर्धारित अवधि 60 दिन है। एसएसपी ने मामले की जांच की जिम्मेदारी एसपी सिटी को सौंप दी है।

### छात्रा के पिता ने की थी शिकायत

दरअसल, तिवारीपुर इलाके की 17 वर्षीय छात्रा को स्कूल से लौटते समय बार-बार एक युवक, कार्तिक यादव परेशान कर रहा था। आरोपी ने एक बार उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाने का प्रयास भी किया। लगभग तीन महीने पहले, आरोपी छात्रा की कॉलोनी तक पहुंच गया और उसके भाई को जान से मारने की धमकी देकर उससे बातचीत करने लगा। जब छात्रा के पिता को इस बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी ने छात्रा की फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर उसे उसके रिश्तेदारों और परिचितों को भेजना शुरू कर दिया।

### पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठते हैं

हालांकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया, लेकिन गिरफ्तारी के बजाय उन्हें बदनामी का डर दिखाकर समझौते का दबाव बनाया गया। इस दौरान, पुलिस ने तीन महीने तक छात्रा का मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज नहीं कराया। बताया जा रहा है कि आरोपी का एक रिश्तेदार पुलिस में दरोगा है, जिसके कारण पुलिस की निष्क्रियता संदेह के घेरे में है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि तिवारीपुर पुलिस आरोपी के समर्थन में सक्रिय है और उन्हें बचाने की कोशिश कर रही है।

### न्याय की उम्मीद

जब पुलिस ने कार्रवाई में कोई प्रगति नहीं दिखाई, तो पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार को छात्रा का बयान दर्ज किया गया।

"एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि इस मामले में बयान दर्ज करने में लापरवाही हुई है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधिक कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।"

# नवागत बीईओ ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



फाजिलनगर विकासखंड के नवागत बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने शनिवार की दोपहर महुअवां कारखाना न्याय पंचायत के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान विभाग द्वारा विद्यालयों के कायाकल्प हेतु निर्धारित उन्नीस पैरामीटर पर प्रधानाध्यापकों से जानकारी हासिल की गयी तथा शिक्षकों को नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

रुदवालिया स्थित जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पर पहुँचे बीईओ ने नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति तथा निपुण लक्ष्य को लेकर विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की जानकारी ली।विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं बनाए जा रहे विज्ञान प्रयोगशाला की तारीफ की। यहाँ कार्यरत पांच शिक्षक,दो शिक्षामित्र तथा दो अनुदेशक में से एक अनुदेशक अवकाश पर थे। यहां बच्चों से सवाल भी किए एवं 600 मीटर दौड़ की तहसील विजेता प्रतिभा को सम्मानित भी किया। शिक्षकों ने भी बीईओ के प्रथम आगमन पर सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय सेमरा महासोंन कायाकल्प को लेकर कराए गए टाईलिकरण,मल्टीपल हेंडवाशिंग,शौचालय,एमडीए,एसएमसी बैठक,तथा विभिन्न कक्षाओं में हुए नवीन नामांकन की जानकारी हासिल की। यहां बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की सलाह दी गई। प्राथमिक विद्यालय महुआरी का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों की डाटा फीडिंग,परख ऐप से बच्चों का आकलन,डीबीटी,कायाकल्प आदि शासन की प्राथमिकता में है।इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाए।शिक्षक नामांकन के सापेक्ष उपस्थित एवं शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर भी सजग रहें।

# विधायक निधि से बनी सड़कों का आयोजित हुआ लोकार्पण समारोह

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



कुशीनगर विधायक पीएन पाठक द्वारा शनिवार को विधायक निधि से बने आधा दर्जन गांवों में आरसीसी सड़क का लोकार्पण किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही नितियों और योजनाओं को गिनाया ।

सखवनिया में सामुदायिक भवन का लोकार्पण महुआडीह देवी मंदिर पर सीसी रोड और खड़ंजा का लोकार्पण भरवलिया में सीसी रोड का लोकार्पण, अमरपुर में सीसी रोड का लोकार्पण, परेवाटार में सीसी रोड का लोकार्पण किया गया ।

इस दौरान मौजूद लोगों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक पीएन पाठक ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे विधान सभा क्षेत्र के हर गांव को पक्का सड़क निर्माण कार्य किया जाए और पूरे प्रदेश में कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र एक अलग पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि हर गांव में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है कार्यकताओं के मान सम्मान में कोई समझौता नहीं किया जाएगा इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता रामायण कुशवाहा रूद्र प्रकाश सिंह शैलेन्द्र सिंह राजकुमार यादव शिबलू सिंह राजेश कुमार राजेंद्र प्रसाद संतोष कुमार सुदामा रामनरेश त्रिपाठी संजय राव आदि मौजूद रहे।

**सख्ती** | अनेकों एसेंस मिलाकर तैयार किया जा रहा था वनस्पति घी

# फूड विभाग की टीम ने नकली घी फैक्ट्री पर की छापेमारी

■ मिलावटखोरों की अब खैर नहीं, की जाएगी कड़ी कार्रवाई- डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटखोरो पर शिकंजा करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने शनिवार तड़के सुबह ही शासन के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह के निर्देशन व मुख्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में फूड विभाग टीम मिलावटखोरों के अड्डे पर छापेमारी की कार्रवाई की, विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है शनिवार को टीम ने नकली घी की फैक्ट्री पर छापेमारी कार्रवाई की । तहखाना के अंदर चल रहे इस अवैध कारोबार के ठिकाने पर टीम जब दबिश देने पहुंची तो वहां पर सिर्फ कर्मचारी ही मौजूद थे पहले तो फूड विभाग के अधिकारियों को कर्मचारी अंदर आने नहीं दे रहे थे गेट फांद कर फूड विभाग के अधिकारी जब अंदर पहुंचे थे उनके होश उड़ गए शहर में इतने बड़े पैमाने पर अवैध वनस्पति घी की फैक्ट्री चल रही थी टीम ने पांच नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा है और फैक्ट्री को सील कर दिया है।



### नहीं बख्शे जाएंगे मिलावटखोर,की जाएगी सख्त कार्रवाई

सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) डॉक्टर. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आगामी त्यौहार दीपावली ,छठ पर्व को लेकर विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है टीम ने शनिवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के गायत्रीपुरम कॉलोनी में श्री कृष्णा डेयरी फार्म के नाम से एक प्रतिष्ठान संचालित है जहां पर ऊपर पनीर ,खोवा, पेड़ा तैयार किया जा रहा था और अंदर तहखाना में नकली घी की फैक्ट्री चल रही थी जिसके प्रोपराइटर मेघन कुमार यादव पुत्र ईश्वर यादव के नाम से यह फैक्ट्री चल रही थी। फैक्ट्री में प्रथमदृष्टया वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर तैयार किया जा रहा था जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है ।फिलहाल फैक्ट्री को सील कर नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी । आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा शासन की मंशा है कि आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध हो शासन के दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यवाही की जा रही है यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
ह्य11

## फास्ट फॉरवर्ड

### गोरखपुर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक पक्षालिका सिंह

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप-2024 का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खेलमंत्री गिरीश चंद्र यादव के साथ कार्यक्रम में विधायक बाह रानी पक्षालिका सिंह भदावर शामिल हुई चंपल चैंपियनशिप कार्यक्रम में रोइंग फेडरेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राजलक्ष्मी सिंह देव तथा गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला के साथ सम्मिलित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### जुआ-सट्टा खेलने वालों को पुलिस ने दिलाई शपथ दी कड़ी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** दीपावली त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क दिख रही है।पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गोड़ पुलिस कमिश्नरेट आगरा के निर्देशन में अभियान शनिवार को थाना प्रभारी बसई अरेला अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में विगत 05 वर्षो के जुआ, सट्टा,अवैध शराब, अवैध शस्त्र अपराधो में संलिप्त अपराधियों को थाने पर बुलाकर पुनः अपराध नही करने की और जुआ सट्टा नहीं खेलने की शपथ दिलाई गई एवं उनके साथ बैठक कर चेतावनी देते हुए उक्त अपराधो में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना पुलिस को प्रदान कराने की हिदायत दी गई।

### विद्युत केबल बदलने का चला कार्य, बाधित रही बिजली

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा पिनाहट क्षेत्र मे शनिवार को विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा पुरानी जर्जर विद्युत केबल को बदलने का कार्य किया गया। सुबह से शाम तक कस्बा में कई जगह पुरानी विद्युत केबल लाइन को बदला और उसकी जगह नई विद्युत केबल लगाई गई। वहीं विद्युत केवल लाइन बदलने के दौरान कस्बा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित रही जिसके चलते विद्युत उपकरण भी नहीं चल सके बिजली नहीं आने के कारण लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

### बसई अरेला और पिनाहट में थाना दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शनिवार को थाना बसई अरेला और पिनाहट परिसर में दिवस का आयोजन किया गया जिसमें फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे अधिकारियों द्वारा मामलों को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। बसई अरेला में थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी और पिनाहट परिसर में थाना प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग की भी टीम पहुंची दोनों थानों में लोगों की जन शिकायतों को सुना गया। और लोगों की शिकायतों का निस्तारण भी किया गया।

### खेत और कुआं पर अवैध कब्जा करने का आरोप, विरोध में व्यक्ति से मारपीट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी रामकरण शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण शर्मा ने शनिवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को अवगत कराया की वह अपने घर पर खाना खा रहा था तभी उसके छोटे भाई की पत्नी और उसके साले घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे खेत और कुआं पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा दबंगई दिखाते हुए मारपीट शुरू कर दी जिससे वह चोटिल हो गया। आरोपी धमकी देकर चले गए पूर्व में भाई की पत्नी के बुलाने पर उसके साले आए और दबंगई दिखाते हुए मारपीट कर चुके हैं। लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू है उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

### उधार के रुपए मांगने पर दबंगई, झगड़ा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा क्षेत्र के मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास निवासी बृजमोहन पुत्र रामसनेही ने शनिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि दोपहर में वह अपने ताऊ के लड़के जयप्रकाश से उधर के रुपए मांगने के लिए गया था तभी जयप्रकाश और संजय ने रुपए देने से इनकार कर दिया और दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर उक्त लोग लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गए जमकर अभद्रता की गई। पीड़ित किसी तरह वहां से निकलकर थाने पहुंचा और पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**थाना समाधान दिवस में जनमानस की समस्या सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग को दिए आवश्यक निर्देश-आकांक्षा सिंह**

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**




यमुनानगर के अन्तर्गत थाना कोरांव में उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ।उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने फरियादियों की फरियाद सुनकर विभाग के अधिकारियो को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी नहीं तो जनमानस की समस्याओं पर गम्भीरता से विचार कर पीड़ित परिवार को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलवाने का कार्य करे राजस्व विभाग।थाना समाधान दिवस में राजस्व सम्बन्धित शिकायत को लेकर एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोगो को सोचना चाहिए कि एक शिकायत को लेकर पीड़ित परिवार तहसील व थाना का चक्कर लगाए तो अच्छा लगेगा आज के बाद अगर किसी भी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी नहीं तो अपनी आदत को सुधार ले और समय से निस्तारण कराकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाए।और किसी भी शिकायत प्रार्थना पत्र पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जन शिकायत को लेकर गम्भीरता में दिखाई दिए उपजिलाधिकारी कोरांव वही पुलिस सम्बन्धित शिकायत को लेकर इंस्पेक्टर कोरांव नितेन्द्र कुमार शुक्ल से जानकारी कर पुलिस विभाग को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।इंस्पेक्टर कोरांव ने कहा कि राजस्व विभाग के मामले पुलिस टीम पूरी तरह से तैयार है।इस मौके पर इंस्पेक्टर कोरांव नितेन्द्र कुमार शुक्ल ने जन शिकायत को लेकर पुलिस टीम को निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने का कार्य करे पुलिस।इस दौरान थाना एसाई राम संजीवन मौर्य मनोज सिंह चौकी प्रभारी बड़ोखर राजकुमार साहू एवं पुलिस टीम के साथ राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय में चोरों ने किया हाथ साफ



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भडसार में शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य लाल बहादुर ने देखा कि कार्यालय का ताला खुला हुआ है चोरों ने कार्यालय के दरवाजे की कुंडी को काटकर कार्यालय में रखें एमप्लीफायर बैटरी चार्जर मशीन बैटरी स्पीकर माइक केबल स्पीकर साउंड प्रोजेक्टर तौल मशीन और विद्युत उपकरण सहित कई सामानों को चोरी कर लिया प्रधानाचार्य लाल बहादुर ने कोतवाली अकबरपुर पहुंचकर? अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दी।

## त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी टाण्डा डा0 शशि शेखर तथा सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर्व के अवसर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा विशेष अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए अपमिश्रण के संदेह पर मिठाई, बेसन, खोआ इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 07 नमूनें संग्रहित करते हुए खाद्य विश्लेषक, उ0प्र0 की प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित किया गया

उपरोक्त नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त अपमिश्रण पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध विधिक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, श्रीमती मनीषा सिंह, दिनेश कुमार राय, चन्द्र प्रकाश यादव, ओम प्रकाश, पुरन्दर यादव तथा आदर्श प्रताप सम्मिलित रहें।

# दीपावली पर शुरू हो रहा ऐतिहासिक बटेश्वर मेला, ऊंट और घोड़े पहुंचे

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



बटेश्वर मेला 29 अक्टूबर से शुरू होगा। मेला शुरू होने से 4 दिन पहले ही घोड़े-घोड़ियों की खूबी और खूबसूरती के आधार पर खरीद फरोख्त शुरू हो गई है। अभी तक मेले में 25 हजार से 3 लाख रुपये की कीमत तक के नकुली, पंजाबी, अबलक घोड़े-घोड़ी मेले में पहुंचे हैं। खूबसूरती, चाल, चपलता और नाच के आधार पर कीमतें तय हो रही हैं। बदांयू के बब्बू के नकुली घोड़े की कीमत 3 लाख रुपये है। 15 महीने के नकुली घोड़े के अभी दांत नहीं निकले हैं। चाल और नाच में माहिर घोड़े के 2.30 लाख रुपये तक के मेले में खरीददार मौजूद हैं। औरैया के सुधीर के घोड़े की दौड़ के पारखी कायल हैं। उन्होंने घोड़े की कीमत 1.50 लाख रुपये रखी है। 90 हजार तक के खरीददार मौजूद हैं। भले ही मेला शुरू नहीं हुआ है। लेकिन घोड़े-घोड़ियों की बिक्री शुरू हो गई है। बरेली के राजकुमार ने 75 और 1.10 लाख रुपये के दो घोड़े खरीदे हैं। उन्हें वापसी के लिए पशु रजिस्ट्रेशन शुरू होने का इंतजार है।ऊंटों का मेला भी आबाद होने लगा है। लेकिन मेले में जिला पंचायत ने अभी तक पानी का इंतजाम नहीं किया है। लाइटें लगवा दी हैं। लेकिन फिर भी व्यापारी और किसान अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। मांडवा के अर्जुन सिंह 20 ऊंट लेकर तथा इरादत नगर के पूरन सिंह आदि 8 ऊंट लेकर बटेश्वर मेले में पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में पानी और प्रकाश तक का इंतजाम नहीं है। निजी नलकूपों से खरीद कर ऊंट और अपनी प्यास बुझा रहे हैं। मुजफ्फर नगर के कादिर घोड़े लेकर आए हैं।

# मण्डलायुक्त ने महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।उन्होंने सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे हनुमान मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण किया तथा वीकली माइक्रो प्लान के सापेक्ष इस हफ्ते अभी तक कितना कार्य पूर्ण कराया गया है उसकी जानकारी ली।कार्यों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष धीमी पाए जाने पर उन्होंने लेबर बढ़ाते हुए उसे पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इसी क्रम में उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर 110 मीटर लम्बाई में पक्के घाट दशाश्वमेध घाट से गंगा तिराहा दारागंज तक नागवासुकि एप्रोच रोड अमिताभ बच्चन पुलिया से नागवासुकि सम्पर्क मार्ग तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 3800 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क तथा रसूलाबाद घाट से गंगेश्वर मंदिर तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 4000 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।कई स्थानों पर कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने डब्ल्यूएमएम एवं जीएसबी बिछाने के कार्यों में लेबर बढ़ाते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए तथा सभी कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने गंगा नदी के तट पर गंगा की धारा को अविरल रखने के दृष्टिगत कराए जा रहे ड्रेजिंग वर्क का भी निरीक्षण किया तथा थर्ड पार्टी के अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रोफाइलिंग करते हुए उनके समक्ष एक आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## एसडीएम और एसीपी की अध्यक्षता में लगा थाना दिवस, व्यापारियों के साथ की बैठक



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

शनिवार को थाना खेरागढ़ में थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम संदीप यादव और एसीपी इमरान अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। थाना दिवस में 4 शिकायतें आईं जिसमें से मौके पर राजस्व से संबंधित 2 शिकायतों का निस्तारण हुआ। वहीं थाना सैंया पर एसीपी देवेश कुमार की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित हुआ जिसमें 4 शिकायतें आईं और मौके पर 1 शिकायत का निस्तारण हो सका। थाना खेरागढ़ परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक की गई जिसमें एसडीएम संदीप यादव और एसीपी इमरान अहमद ने दीपावली त्यौहार को लेकर कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों के साथ चर्चा की और सर्राफा व्यवसायियों ने धनतेरस के दिन पुलिस को कस्बे और सर्राफा बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने की कहा जिस पर एसीपी इमरान अहमद ने बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। वहीं एसीपी इमरान अहमद ने कहा कि कस्बे में आतिशबाजी की बिक्री न हो और आतिशबाजी की बिक्री पर पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी खेरागढ़ देवकरण सिंह, सैंया उपेन्द्र श्रीवास्तव और लेखपाल सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने दी भजन, मनमोहक नाटक और रंगारंग कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



नई तहसील के निकट स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भजन, मनमोहक नाटक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्कूल प्रबंधन और अध्यापक व अध्यापिकााओं की जमकर वाहवाही बटोरी। स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी ने दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के 'अप्पो दीपः भव' का संदेश दिया।

नगर के अग्रणी जैनिथ पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली महोत्सव की धूम रही। स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी और प्रबंधक नीलम राठी ने प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश और माता लक्ष्मी के चित्रों के आगे दीप प्रज्जवलन करके दीपावली महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजन, प्रेरक नाटक, और रंगारंग कार्यक्रम पूरे दिन दीपावली महोत्सव में अध्यापक-अध्यापिकाओं, स्टॉफ और स्कूल प्रबंधन को गुदगुदाते रहे। प्रेरक, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक रंगारंग कार्यक्रम दीपावली महोत्सव के आकर्षण का केन्द्र बने रहे। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी ने कहा कि एक बार गौतम बुद्ध के शिष्य आनंद ने उनसे पूछा था कि जब पृथ्वी पर आप जैसा मार्गदर्शक नहीं होगा तो हम अपने जीवन की राह पर कैसे आगे चल सकेंगे। इस पर महात्मा गौतम बुद्ध ने कहा था कि अप्पो दीपः भव। मतलब, अपना दीपक खुद बनो। स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी ने कहा कि जीवन में इंसान को अपने ही प्रकाश श्रोत के सहारे चलना पड़ता है। उन्होंने समझाया कि यदि हम दूसरे के प्रकाश श्रोत के सहारे चलेंगे तो हो सकता है कि उसकी मंजिल आ जाए या वह किसी मोड़ पर दूसरी और मुड़ जाए और हमारी राह में अंधेरा ही अंधेरा हो जाए। उन्होंने कहा कि वैसे भी कोई किसी दूसरे का सदैव के लिए मार्ग प्रशस्त नहीं कर सकता। इंसान को अपना दीपक स्वयं बनना पड़ता है। फिर किसी का अंधानुकरण भी तो कदापि उचित नहीं हो सकता। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों और स्टॉफ को दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं दी और बुराईयों के अंधकार को दूर करने का संकल्प लेने का आहवान किया। दीपोत्सव समारोह को सफल बनाने में प्रधानाचार्या गीता डैंग और उपप्रधानाचार्या बबीता शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

## आगरा के ताजमहल में पहुंचे परमहंस बोले, प्राचीन शिव मंदिर है ताजमहल



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

अयोध्या की तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य आज ताजमहल देखने के लिए पहुंचे. उन्होंने यहां पर्यटक की तरह प्रवेश किया. हाथ में दंड लेकर पहुंचे परमहंस को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई. उन्होंने ताजमहल को प्राचीन शिव मंदिर बताया और कहा कि वह इसीलिए दर्शन करने यहां आए हैं. उन्होंने शाहजहां को रेपिस्ट कहा. उन्होंने कहा कि वह शाहजहां का नाम भी नहीं लेना चाहते, क्योंकि उसने अपनी ही बेटी से शादी की थी. उसके साथ संबंध बनाया था. वो एक रेपिस्ट है आचार्य ने कहा कि एएसआई चीफ ने कहा था कि अगर आपके धर्म दंड में कुछ नहीं है तो आप इसे ताजमहल में ले जा सकते हैं. मेरा मानना है कि अगर मुस्लिम टोपी पहनकर ताजमहल में जा सकता है तो हम धर्मदंड लेकन क्यों नहीं जा सकते.उन्होंने लव जिहाद पर भी कहा कि अगर हिंदू लड़की लव जिहाद में फंसती है तो वह जीते जी नरक में चली जाती है. हमारे सनातन में तो महिला को देवी का दर्शन दिया जाता है. इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं कोई विवाद करने नहीं आया हूं, जैसे सब जा रहे हैं, वैसे हम भी जा रहे हैं. हम शांति से जाएंगे और शिव मंदिदर के दर्शन करके लौट आएंगे।

## जिला स्तरीय वाणिज्य बंधु समिति एवं जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई नेशनल चैंबर के सभागार में

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

चेंबर भवन में जिला स्तरीय वाणिज्य बंधु समिति तथा 1ः00 बजे जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक चैंबर भवन में आयोजित की गई। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता जिलाधिकारी महोदय श्रीमान अरविंद मल्लप्पा बंगारी, आईएएस द्वारा की गई जिला स्तरीय वाणिज्य बंधु की बैठक में (1) कृषि उत्पादन मंडी समिति में जिन दुकानों को जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव के लिए जिस अवधि के लिए अधिकृत किया गया था उस अवधि के लिए दुकानदारों को किराया छूट/किराया माफ किए जाने तथा दुकान खाली कराए जाने के संबंध में (2) ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक पार्किंग की समस्या (3) नामनेर चौराहे पर बड़े वाहनों से जाम लगने की समस्या (4) एमजी रोड पर मेट्रो का कार्य प्रस्तावित होने से एमजी रोड पर यातायात परिवर्तित करने के संबंध में (5) संजय प्लेस में वर्ष 2023 में जनकपुरी के स्थल/मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स के खराब हो जाने (6) लोहा मंडी थाने के बराबर खतैना ड पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने की समस्या (7) लोहा मंडी में प्रतिष्ठान बंद होने के बाद रात्रि में पुलिस अगस्त लगाने के लगाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरा में साइट सी आगरा के मुख्य मार्ग पर राममोहन नगर की पुलिया से लगभग दो ढाई किलोमीटर तक मार्ग सीवर लाइन के उपरांत सड़क की मरम्मत न किए जाने / गुणवत्ता अत्यंत खराब होने के संबंध में (2) औद्योगिक क्षेत्र फाउंड्री नगर आगरा के समीप चार पुलिया रोड से केके नगर को जाने वाली जीर्ण-शीर्ण रास्ते के जीर्णोद्धार के संबंध में (3) औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरा साइट सी आगरा में नए लग रहे अनधिकृत खोखे एवं तखूत को हटाए जाने के संबंध में (5) बोदला बिचपुरी रोड पर स्थित औद्योगिक इकाइयों में विद्युत आपूर्ति में ट्रिपिंग की समस्या के संबंध में (6) श्रम विभाग के पोर्टल पर औद्योगिक इकाइयों का रजिस्ट्रेशन कराई जाने हेतु कैंप के आयोजन की मांग के संबंध में (7) औद्योगिक क्षेत्र फाउंड्री नगर से केके नगर की ओर जाने वाले मार्ग विद्यापुरम क्षेत्र में साफ सफाई हुआ प्रकाश व्यवस्था के संबंध में (8) चार पुलिया से यमुना की ओर जाने वाले असुरक्षित नाले की बाउंड्री वॉल बनाने एवं उसकी पटरी पर इंटरलॉकिंग कराई जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

# महाराष्ट्र और झारखंड में फहरेगा भाजपा का परचम

- भाजपाई बोले, विपक्षी पार्टियों के नेता नाहक दिन में जीत के सपने देखने लगे है

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**






महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा की सरकार बनेंगी। 23 नवंबर के चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में रहेंगे और 25 नवंबंर को दोनों प्रदेशों में भाजपा का परचम लहराएगा। यहां पॉटरी नगरी के भाजपा नेताओं का दावा है कि हरियाणा की तरह महाराष्ट्र और झारखंड में भी भाजपा की सरकारें बनेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने नाहक दिन में जीत के सपने देखने शुरू कर दिए हैं। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक सर्वेन्द्र पंडित ने कहा कि भाजपा नेतृत्व करिश्माई है। महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया कि दोनों प्रदेशों में भाजपा बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है और दोनों प्रदेशों में भाजपा की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तरह इन दोनों प्रदेशों में भी विपक्षी गठबंधन को मतदाता नकार देंगे और भाजपा सरकार बनाने में सफल रहेगी। नगर के युवा उद्यमी और भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकित गुप्ता ने कहा कि विपक्ष की तरह दिन मे सपने देखने का हक सभी को है। लेकिन विपक्षी पार्टियों के नेता कुछ अधिक ही सत्ता सुख भोगने के सपने देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की शिंदे सरकार की लाड़ली बहना योजना की लोकप्रियता ने विपक्षी पार्टियों के नेताओं की आंखों की नींद गायव कर रखी है। इसी लिए वह दिन में सपने देखने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र और झारखंड दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनेगी। मानवाधिकार और भृष्टाचार निवारण संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राज कुमार गुप्ता ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने बीते दस वर्ष के कार्यकाल में लोगों के कल्याण के लिए कई दर्जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया है। गरीब और जरूरतमंद सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और वह खुश हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेता सरकार की आलोचना करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष महाराष्ट्र और झारखंड में सरकार बनाने का सपना देखना छोड़ दे। उन्होंने दावा किया कि दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनेंगी। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और श्रीभक्त हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष डीसी गुप्ता कांटे वालों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर नेतृत्व के 23 वर्ष बेमिसाल हैं। देश के लोगों को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने भाजपा की पराजय के जमकर गीत गाए थे। लेकिन क्या हुआ। चुनाव परिणाम आए तो कांग्रेस हवा मे उड़ गई और नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की बहुमत की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार महाराष्ट्र और झारखंड दोनों प्रदेशों में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी और बहुमत की सरकार बनाएंगी।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम-एसपी ने समस्याओं को सुनकर समाधान करने का दिया निर्देश

- ग्राम प्रधानों ने पानी की टंकी सहित अन्य समस्याओं का डीएम को सौंपा ज्ञापन
- थाना समाधान दिवस के अवसर पर अधिकांश जमीन संबंधी आए प्रार्थना पत्र

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**





हजारा। भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के थाना हजारा में थाना समाधान दिवस के मौके पर जनपद पीलीभीत के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर अधिनिस्थो को समाधान करने का निर्देश दिया है। अभी तक के थाना समाधान दिवस के इतिहास में यह पहला मौका था जब जिला के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर पहुंचकर समस्याओं को सुना है।

शनिवार को भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के थाना हजारा में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें पीलीभीत जनपद के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय हजारा थाना पहुंचे जहां फरियाद एवं अन्य लोग पहले से ही मौजूद रहे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के लिए अधिनिस्थों को दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया है। जमीन संबंधी एक अन्य प्रार्थना पत्र के संबंध में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने प्रतिवादी की राइफल थाने में जमा कराने का निर्देश थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह को दिया है साथ ही लाइसेंस की रिपोर्ट तलब किया है। समाधान दिवस के मौके पर ग्राम चौकीदार बब्बन प्रसाद, छोटेलाल, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, अमन कुमार आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए समाधान कराने की गुहार लगाया है।

शनिवार को थाना समाधान दिवस के मौके पर थाना हजारा में अधिकांश जमीन संबंधी प्रार्थना पत्र आएं जिसका निराकरण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया है।

थाना समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय पूरनपुर उपजिलाधिकारी अभिजीत प्रताप सिंह पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी पूरनपुर खंड विकास अधिकारी श्रीश वर्मा पूरनपुर एडीओ पंचायत अजय देवल ग्राम विकास अधिकारी प्रेम शंकर हजारा थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह लेखपाल आशिष कुमार निषाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव चौधरी पदम सिंह पूर्व प्रधान रामाज्ञा प्रसाद सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पानी की टंकी निर्माण दायी संस्था व ठेकेदार के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

शनिवार को थाना समाधान दिवस के मौके पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांवों में भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी एवं पाइपलाइन का कार्य वर्ष 2021 से चल रहा है मगर ट्रांस शारदा क्षेत्र में कहीं भी पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है इतना ही नहीं ठेकेदार के द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की सड़कों के खड़ंजा व इंटर लॉकिंग उखाड़ दिया गया है मगर उसे सही नहीं कराया जा रहा है जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा का सामना करना पड़ रहा है।शिकायत करने वालों में ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, इकबाल सिंह पाले, मनोज सिंह, रामकृपाल वर्मा, शमशेर आलम, सूर्यभान मदेशिया, सत्यप्रकाश सिंह, राधेश्याम राव, परमजीत सिंह, महेंद्र सिंह, सहीम अहमद आदि शामिल रहे।

### कटान पीड़ितों के लिए आवासीय भूमि दिलाने की डीएम से किया मांग

थाना समाधान दिवस के मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से अशोकनगर गांव के शारदा नदी कटान पीड़ितों ने ग्राम प्रधान नीलम देवी के पति सूर्यभान मदेशिया के नेतृत्व में आवासीय भूमि दिलाने की मांग किया है।यहां बता दें कि वर्ष 2007 में शारदा नदी ने कटान करते हुए गांव का वजूद मिटा दिया था तब से सैकड़ों परिवार आज भी वन विभाग की जंगल की भूमि पर झोपड़ी डालकर गुजर-बसर करने को विवश हैं।

# नवागत थानाध्यक्ष के लिए चुनौती से कम नही घुंघचाई थाना




- छह माह भी नहीं टिक पा रहे थानाध्यक्ष, बीस माह में हटाए गए छह प्रभारी
- कुछ विवादास्पद कार्यशैली तो कुछ गैर जनपद स्थानांतरण

**जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा**

> उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का हर संभव निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। पुलिस और जनता के बीच परस्पर संवाद से अपराध पर काबू पाने का प्रयास किया जाएगा।सभी ग्रामीण आपसी भाई-चारे से रहे।
>
> **दीपक कुमार, थानाध्यक्ष घुंघचाई।**

**पूरनपुर।** थाना प्रभारियों के लिए घुंघचाई थाना बड़ी चुनौती बना हुआ है।नियंत्रित अपराध के बाद भी तबादले को लेकर थाना जोन में सुर्खियां बटोर रहा है।खास बात यह है कि कोई भी प्रभारी यहां छह माह नहीं टिक पा रहा है।नवागत एसओ के लिए भी यह थाना चुनौती से कम नहीं है।आतंकवाद के बाद से घुंघचाई में थाना निर्माण की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2020 में जनपद की घुंघचाई चौकी को उच्चीकृत कर मॉडल थाना की मंजूरी दी थी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जनवरी 2023 में भवन को पुलिस के हैंडोवर कर दिया गया था। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए एक जनवरी 2023 को राजेन्द्र सिरोही को घुंघचाई थाना की कमान सौंपी गई थी। सात जून को उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था।जिसके बाद आठ जून को इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई। उनकी मनमानी के कारण उन्हें हटाया गया था। उनकी हालत यह थी कि वह न तो रिपोर्ट दर्ज करते थे ओर न ही विधि सम्वत कार्रवाई करते थे। मात्र दो माह में ही इनका स्थानांतरण कर दिया गया था। 26 अगस्त को इंस्पेक्टर रामसेवक राजवंशी की तैनाती की गई। गैर जनपद स्थानांतरण होने के कारण दस अक्टूबर को इनका भी स्थानांतरण कर दिया गया था। दस अक्टूबर को कपिल कुमार को थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सफेदपोश से अभद्रता के बाद 13 जनवरी को उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया था।13 जनवरी को इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। विवादास्पद कार्यशैली को लेकर 11 जून 2024 को इनका भी स्थानांतरण कर दिया गया।

11 जून को एसपी के पीआरओ रहे विशेष कुमार को घुंघचाई थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई।गैर जनपद स्थानांतरण के बाद भी जिले में थाना पर तैनाती की शिकायत के बाद पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर इन्हें भी हटा दिया गया। 21 अक्टूबर को जहानाबाद की शाही चौकी प्रभारी दीपक कुमार को घुंघचाई थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बोर्ड की बैठक के दौरान मरौरी ब्लॉक प्रमुख, बरखेड़ा विधायक में हुई तीखी नोंकझोंक

- 59 हजार के गबन को लेकर दोनों के बीच में जमकर हुआ हंगामा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



मरौरी ब्लॉक में आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। हंगामा के दौरान ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा और विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के बीच तीखी नोक झोंक हुई। बहस की वजह पिछली बैठक में फर्जी तरीके से उपस्थित दिखाकर निकल गई सरकारी धनराशि रही। सीडीओ द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार बैठक में पिछली बैठक की पुष्टि को लेकर हंगामा शुरू हो गया और पिछली बैठक में 59 हज़ार के गबन में दोषी पाई गई ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा पिछली बैठक की पुष्टि की चर्चा शुरू होते ही आग बबूला हो गई और क्षेत्रीय विधायक पर बरसने लगीं। फिलहाल हंगामों के बीच बैठक में कोई भी प्रस्ताव पास न हो सका ।मरौरी ब्लॉक में 10 जुलाई को बोर्ड की बैठक बुलाई गई। लेकिन जिले भयंकर बाढ़ के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा भी इसी दिन था। जिस वजह से विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने बैठक को स्थगित करने के निर्देश दिए थे लेकिन विधायक के निर्देशों को अनदेखा करते हुए। बैठक बुला ली गई और फर्जी तरीके से लोगों की उपस्थिति दिखाकर बैठक का कोरम पूरा कर दिया गया। जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने बैठक की जांच करने के आदेश दिए जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने दो सदस्य टीम गठित कर बैठक की जांच कराई जांच में 182 लोगों का मानदेय निकल गया जबकि 123 लोगों की उपस्थिति की पुष्टि हुई जिसके साथ 59 ग्राम प्रधान और बीडीसी मेंबरों का फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर मानदेय निकल गया था।

सीडीओ ने बैठक की पुष्टि करने के लिए दोबारा से विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे जिस क्रम में शनिवार को मरौरी ब्लॉक में बोर्ड बैठक बुलाई गई और बैठक में सभी प्रधान बीडीसी मेंबर के साथ जनपद स्तरीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए सीडीओ के आदेश के अनुसार जब पिछली बैठक की पुष्टि की चर्चा शुरू हुई तो 59 हजार के गबन में दोषी पाई गई ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपने ऊपर आरोप साबित होता देख सदन में आग बबूला हो गई और बैठक में उपस्थित विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के साथ नोक झोंक करने लगी जिससे हंगामा शुरू हो गया और बैठक की कार्यवाही हंगामा में तब्दील हो गई।

इसके बाद जनपद स्तरीय अधिकारी बैठक की कार्यवाही को शुरू करने और हंगामय को रोकने में जुट गए अंत में जिलाधिकारी पीलीभीत के द्वारा फर्जी तरीके से निकल गए 59 हज़ार को मारौरी ब्लॉक की ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा मारौरी क्षेत्र पंचायत के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

# घर में सो रही नाबालिग से जबरन दुष्कर्म



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

रात में मानसिक मंदति मां के साथ सो रही किशोरी को घर में घुसे गांव के ही युवक ने दबोच लिया।किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया।विरोध पर मुंह दबा दिया।कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी गई है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई हरियाणा मजदूरी करने गए हुए है। भतीजा राजस्थान में कंबाइन चला रहा है। घर मे मानसिक मंदति भाभी 15 वर्षीय भतीजी के साथ रहती है। शुक्रवार रात लगभग दो बजे गांव का ही युवक घर में घुस आया। चारपाई पर सो रही भतीजी को बलपूर्वक दबोच लिया।किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया।विरोध पर मुंह दबाकर धमकाया। किशोरी के शोर शराबा करने पर युवक मौके से फरार हो गया।घटना से सहमी दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने रात मे ही जानकारी स्वजनों को दी। पीड़ित किशोरी के चाचा की ओर से कार्रवाई के लिए घुंघचाई थाना पुलिस को तहरीर दी गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम बदलते ही मरीजों का अस्पताल में लगा तांता

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

इस समय मौसम बदलते ही लोगों के शरीर में कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो गयी हैं। सरकारी अस्पताल में पर्चा बनवाने वालों की लम्बी कतार लगी रहती है। 1 बजे के बाद पर्चा न बनने के कारण कई मरीज बिना दवा लिये ही घर वापस लौट जाते हैं।

मौसम बदलते ही डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया, शर्दी, खांसी जैसी कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो गयी हैं। सरकारी अस्पताल में दवा लेने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मरीज सुबह 8 बजे से ही पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लग जाते हैं। 1 बजे के बाद पर्चा नहीं बनाये जाते हैं जिससे कई मरीज बिना दवा लिये ही घर वापस लौट जाते हैं। डाक्टरों से दवा लिखवाने के बाद दवा काउंटर पर मरीज लाइन में लगते हैं। कई लोगों को दवा ही नहीं मिल पाती है तब तक काउंटर भी बंद कर दिया जाता है।

सरकार एक ओर सरकारी अस्पतालों में मरीजों को समुचित इलाज किये जाने के लिए करोड़ों रुपये चार्च कर रही है तो वहीं सरकारी अस्पताल में सुविधाओं का अकाल है। जिससे मरीजों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# बालाजी आईटीआई में दीक्षांत समारोह का आयोजन रोजगार मेले में 144 प्रतिभागियों का चयन



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शनिवार को बालाजी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों के द्वारा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक के द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभाराम्भं किया गया। संस्थान के छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किये। फिटर प्रथम वर्ष से प्रियंका वर्मा ने कक्षा एवं मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका वर्मा को पुरूस्कार स्वरूप रू0 11000/ की धनराशि संस्थान के संरक्षक हरिओम चौधरी जी द्वारा प्रदान की गयी।फिटर द्वितीय वर्ष से रामऔतार ने कक्षा में प्रथम स्थान, इलैक्ट्रिशियन प्रथम वर्ष से विमल कुमार ने प्रथम स्थान एवं इलैक्ट्रिशियन द्वितीय वर्ष चन्द्र पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं अपने परिवार जनों का मान बढाया। दीक्षांत समारोह में सभी छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।इस समारोह में सत्र 2015-2017 के छात्र प्रदीप निसाद जोकि रेलवे में कार्यरत कर्मचारी हैं।संस्थान में उपस्थित होकर अपने अनुभवों को संस्थान के साथ साक्षा किया।समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी, विवेक एवं अन्य सभी अतिथिगणों में ग्राम प्रधान सैदपुर, शशुभम मौर्य, सेल्स प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा प्रदीप तथा पैराकमाण्डो सतीश कुमार एवं संस्थान के संरक्षक हरिओम चौधरी तथा संस्थान के प्रधानाचार्य विकास सक्सेना ने अपने आर्शीवाद वचनों से संस्थान के छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। और कार्यक्रम के साथ ही बालाजी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न कंपनियों ने संस्थान में आये प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया एवं उनका चयन किया। इस रोजगार मेले में 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर इस रोजगार मेले को सफल बनाया। साक्षात्कार में सफल 144 प्रतिभागियों का चयन विभिन्न कम्पनियों में हुआ। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ से नरेश सिंह, प्रेम प्रकाश श्रीवास्वत, प्रभात गंगवार, अभिषेक कुमार, संतोष दुबे, तेज बहादुर वर्मा, केशव राठौर, भगवान स्वरूप, प्रसून मिश्रा, अनुराधा सक्सेना, शमा खान, अनीता शर्मा, नेहा पाल, विमला देवी, पारूल चौधरी (यंग प्रोफेशन), सेवायोजन कार्यालय पीलीभीत से वरिष्ठ सहायक आशीष राना तथा यंशवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को जरूरत होगी तो आधी रात भी उनके लिए उपलब्ध रहूंगा: ए के शर्मा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप मे ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एव जिला प्रभारी मंत्री ए के शर्मा एव विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया रहे। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया।

मुख्य अतिथि ए के शर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियां परिवारवादी पार्टियां हैं, भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ता की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। जब भी आपको जरूरत होगी आधी रात मे भी जौनपुर के कार्यकर्ताओ के लिए उपलब्ध रहुगा, अयोध्या में राम, नौजवानों को काम, किसानों को सही दाम, महिलाओं का सम्मान यही हमारा मूल मंत्र है। हमारी पार्टी राष्ट्र सर्वोपरि के लिए कार्य करती है, बाकी पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करते हैं। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत मजबूती के साथ खड़ा है। भारत को विकसित बनाने के लिए मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आवाहन किया भारत माता अखंड बने, राष्ट्र मजबूत हो, भारत विकसित बने, लक्ष्मी जी हमेशा कमल के फूल पर बैठकर आती है कभी भी पंजा और साइकिल पर बैठकर नहीं आती। इसलिए आप लोग मोदी और भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहे। विपक्ष देश में बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की घोषणा कर रहा हैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर उनकी सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है कश्मीर में फिर से पुरानी व्यवस्था बहाल करने की घोषणा करने वाली राजनीतिक पार्टी के नेता देश का भला कभी नहीं कर सकते है। उन्होने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कमजोर मन से नहीं बल्कि मजबूत मन के साथ संगठन के कार्य में जुटे, क्योंकि बीजेपी की ताकत उसके कार्यकर्ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली सरकार की प्राथमिकता है उत्तर प्रदेश में बेहतर-कानून का राज कायम करने की हमारी सरकार ऐसे तत्वों पर जो गैरकानूनी काम करते हैं, अराजकता करते हैं, जिनकी समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है, कठोर कार्रवाई कर रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि देश की लगभग 1,500 छोटी-बड़ी पार्टियों में भाजपा इकलौती पार्टी है, जो संगठन के संविधान के अनुसार चलकर प्रजातांत्रिक मूल्यों को जीते हुए चल रही है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसमें हरेक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की बदौलत आज संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। इस गौरव में जमीनी स्तर के हरेक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्र ने की। उक्त अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी विधायक गण श्रीवास्तव मनोज दुबे सुधाकर उपाध्याय मंडल प्रभारी गण मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

# राजगीर मिस्त्री आत्महत्या कांड: समाजवादी पार्टी नेता पहुंचे पीड़ित के घर न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज कोतवाली परिसर में राजगीर की मौत की घटना पर विपक्ष के नेता भी सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शनिवार को ग्राम बड़ौना निवासी मटरु बिंद की पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत पर मटरु बिंद के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी लिया। रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

प्रदेश समाजवादी पार्टी द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सांसद संत कबीर नगर

लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू, स्थानीय सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व मंत्री राज नारायण बिंद, श्यामनारायण बिंद, मिथिलेश यादव? आदि रहे।

प्रतिनिधि मंडल ने मृतक मटरु बिंद की पत्नी निनका देवी व पुत्री पूजा से घटना के बावत जानकारी ली। शैलेन्द्र यादव ललई कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हम लोगों को भेजा गया है। रविवार को रिपोर्ट अध्यक्ष को सौंपा जायेगा। परिवार कों आर्थिक मदद दी जायेगी। वहीं कानूनी लड़ाई लड परिवार को न्याय दिलाया जायेगा। पूरी प्रशासनिक मशीनरी पीड़ित परिवार के खिलाफ काम कर रही है। जिस तरह से आनन फानन ने अंतिम संस्कार किया गया वह शक को और भी पुख्ता करता है। वहीं पोस्टमार्टम के वक्त तीन डाक्टर की टीम मौजूद रहीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ स्वयं पोस्ट मार्टम हाउस पहुंच लिपापोती किया। शव को इस लिए पुलिस ने अंतिम संस्कार करा दिया कि कहीं दूबारा करने की नौबत आता तो सारा पोल खुल जाता।

मालूम रहे कि 35 हजार रुपए की उचक्कागिरी में हिरासत में लिए गए मटरु बिंद की शनिवार को कोतवाली के शौचालय में फंदे से लटकता शव मिला था। जिस कों परिजन व ग्रामीण पुलिसिया उत्पीड़न में मौत बता चक्का जाम समेत विरोध दर्ज किया था। पुलिस प्रशासन भी कांड से हक्का बक्का रह गया। आनन-फानन में जिलाधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक कई थाने की फोर्स लें कोतवाली पहुंच गये। परिजनों व ग्राम प्रधान से घंटों बंद कमरे में वार्ता की। हालांकि शव को बगैर किसी को सूचना दिए जौनपुर कोतवाली भेज दिया गया था। साथ ही पत्नी व पुत्री को अंतिम समय में चेहरा भी देखने नहीं दिया गया। आनन-फानन में दबाव बना पुलिस ने दाह संस्कार करा दिया गया। जिसके चलते परिजनों व ग्रामीणों में भारी रोष है। पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मिथिलेश यादव, जसीम खान, नोमान अहमद आदि पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर 6 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव उमराखानसिंह निवासी रामपाल पुत्र स्व. गिरधारी लाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी व उसके भाई मोहन स्वरूप,रामगोपाल पुत्रगण गिरधारी लाल कृषि भूमि गाटा सं. 54/0.202 ग्राम मधुपुरी में सहखातेदार है जिसमे प्रार्थी ने अपने हिस्से में उत्तरी मेड़ पर एक वर्ष पहले 50 पेड़ पापुलर के लगाए और हरे भरे खड़े थे। जिन्हें गांव के भगवान दास,नरेश चन्द्र,रामकिशोर,रामौतार,टिंकू,ज्ञानी ने दिनाक 1 जुलाई 2024 को समय करीब 2:30 बजे वाका और फावड़े से काटकर गिरा दिया। मेड़ फावड़े से काट रहे थे तभी मेरा पुत्र हरेन्द्र स्कूल से लौट कर घर बापस आ रहा था।

# सचिव के खिलाफ अभिलेख में हेराफेरी, सरकारी खाद को प्राइवेट दुकान पर बेचने के आरोप मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




महराजगंज क्षेत्र के सहकारी समिति गद्दोपुर के सचिव और पिकअप ड्राइवर के खिलाफ अभिलेखों में हेराफेरी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। ए डी सी ओ सहकारिता तहसील बदलापुर प्रभारी प्रेमचंद ने प्रार्थना पत्र दिया की थानाध्यक्ष महराजगंज द्वारा सूचना दी गई कि 25 अक्टूबर को जब मैं थाना परिसर में पहुंचा तो एक पिकअप वैन यू पी 72 ए टी 8801 पर 43 वैग इफको डी ए पी लदी खड़ी थी।जिसका ड्राइवर पुलिस की कस्टडी में है।ड्राइवर कमलेश कुमार निवासी संवसा थाना महराजगंज ने बयान दिया की राहुल पांडेय के कहने पर रात्रि 2.30 बजे और गद्दोपुर सहकारी समिति के स्टोर की चाभी लेकर 43 बोरी खाद मजदूरों से लदवाकर उन्हीं की दुकान महराजगंज में ले जा रहा था इस बात से स्पष्ट है समिति के सचिव अश्वनी पांडेय (राजन पांडेय) पुत्र कृष्णकांत पांडेय( छोटेलाल पांडेय) की संलिप्तता है।समिति के वितरण रजिस्टर और पास मशीन से हुए वितरण की जांच की गई तो दिनांक 23अक्टूबर को 200 बोरी डी ए पी आवंटित की गई थी।वितरण रजिस्टर के अनुसार 177 कृषकों को और पास मशीन के अनुसार 85 कृषकों को खाद वितरित की गई है।अभिलेखों की जांच से स्पष्ट हो गया है कि अभिलेखों में हेराफेरी करके खाद की कालाबाजारी बाहर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दिया है

# कुंभ क्षेत्र से सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाकर इतिहास मिटा रही भाजपा-अखिलेश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने सम्राट हर्षवर्धन को लेकर यूपी सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा प्रयागराज के संगम क्षेत्र से महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा को कुम्भ मेले से पहले हटवा कर सरकार ने कन्नौज समेत पूरे देश का अपमान किया है। ये लोग इतिहास को मिटाने के प्रयास में जुटे हैं।
मैनपुरी से सैफई जाते वक्त सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला कुछ समय के लिए एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कट के पास रुका। यहां उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से बात की। अखिलेश यादव ने कहा कन्नौज के राजा हर्षवर्धन न पूरे देश पर शासन किया। वह महादानी सम्राट थे और उनका इतिहास कुम्भ मेले से जुड़ा है। पहले संगम क्षेत्र में लगी महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा को हटा दिया। जंब समाजवादियों ने इसका विरोध किया तो सरकार दूसरी जगह पर प्रतिमा लगाने की बात कहे रही है। उन्होंने कहा सरकार इतिहास मिटाने का काम कर रही है। सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा को भी इसी मंशा के साथ हटाने का काम किया गया। ऐसा कर के सरकार ने कन्नौज वासियों और पूरे देश का अपमान किया है। अखिलेश यादव ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर संगम क्षेत्र में सम्राट हर्षवर्धन की विशाल, भव्य और कीमती प्रतिमा लगाने का काम करेंगे। खाद की किल्लत के सवाल पर उन्होंने कहा यूपी से भाजपा सरकार की विदाई होने वाली है, इसलिए भाजपा के बड़े नेता बड़ी दलाली में लिप्त हैं और छोटे नेता छोटी-छोटी दलाली कर के जेबें भरने में लगे हैं। यही वजह है कि किसान परेशान हैं और सरकार के लोग अपने मे मस्त हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है। यूपी में भी उनकी ही म भाजपा का सरकार ह। यूपा म मा उनका हा सरकार है। समिति पर भाजपा के लोगों का कब्जा है, फिर आखिर खाद क्यों नहीं मिल रही। समय आने पर यही किसान सरकार को सबक सिखाने का काम करेंगे।

# महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने लगाया दिवाली मेला





जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर के तत्वावधान में प्राचार्य रीतू सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5 की 90 दिवसीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत करियर एवं कौशल विकास कार्यक्रम को मूर्त रूप देते हुए ÷दीपावली मेला÷ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने स्टॉल लगाकर अपने हस्त कौशल का परिचय दिया किया। मेला देखने के लिए छात्राओं के परिवार की बालिकाओं व महिला सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। मेले में भेलपुरी, चाट भंडार, इत्र वाटिका, बच्चों के खेल, लकी ड्रा, आलू सोया, पानी पूड़ी, मिठाइयों की दुकाने, आदि लगभग 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। ग्राहकों की संख्या भी 100 से अधिक रही। प्राध्यापकों ने भी इस मेले का आनंद उठाया। छात्राओं ने जहां एक और अपने कौशल का प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर दीपावली से पूर्व अपने जेब खर्च हेतु धन भी अर्जित किया। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी श्री शैलेंद्र कुमार ने छात्राओं के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा इसे कौशल विकास का क्रियान्वित रूप बताया तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नए कदम की पहल के रूप में परिभाषित किया।
गृह विज्ञान प्रवक्ता श्रीमती अंबरीन फातिमा ने इस मेले की थीम तैयार की तथा छात्रों को उत्साह से प्रतिभागी करने के लिए प्रेरित किया।
शिक्षा शास्त्र प्रवक्ता डॉ नेहा मिश्रा ने छात्राओं के स्टॉल लगाने में उनकी मदद की।
प्राचार्य रीतू सिंह ने प्राध्यापकों एवं छात्राओं को इस कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम करियर एवं कौशल विकास की दिशा में अद्भुत प्रयोग है।
छात्राओं ने प्राचार्य रीतू सिंह तथा अन्य सभी प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया और कहा कि यदि हमें अवसर मिले तो हम लोग बहुत कुछ करके दिखा सकते हैं।
इस अवसर पर प्रेम प्रकाश यादव, अजीत, किरण सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# उज्ज्वला योजना के तहत वर्ष में दो निशुल्क सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करें- डीएम



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की बैठक के दौरान कहा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारत सरकार की एक बहुत ही महत्त्वाकांक्षी योजना है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन अन्त्योदय पात्र गृहस्थी परिवारों की महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेन्डर रिफिल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिलेन्डर का वितरण करते समय सुरक्षात्मक उपायों के बारे में भी लाभार्थियों को अवगत करायें। समस्त एजेंसी यह सुनिश्चित करें, कि गैस गोदाम के आस-पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। कहा कि अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। कहा कि ऐसे लाभार्थी, जिनके आधार प्रमाणित नहीं हैं, उनकी सूची एलपीजी वितरकों को उपलब्ध कराई जाये। अवशेष लाभार्थियों के आधार प्रमाणन की कार्यवाही की जाये। कहा कि जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो जायेगा लाभ उन्हीं को मिलेगा, इसलिये अवशेष लाभार्थी अपनी नजदीकी गैंस एजेंसी पर जाकर आधार प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।
बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024 तक तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक 1-1 कुल 02 सिलेन्डर का निःशुल्क वितरण किया जाना है। जनपद में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के 104969, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के 34386, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के 32923 कुल 172278 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया है।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम- एसपी ने गुरसहायगंज थाना में सुनी जनशिकायतें



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने थाना गुरसहायगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मतदाता पुनरीक्षण के लिए राजनैतिक दलों के साथ बैठक



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

उपजिलानिर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मतदाता पुनरीक्षण होना निर्धारित है। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के ऐसे युवा छात्र/छात्रायें जो दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें। बताया कि यह अभियान दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत 09, 10, 23, 24 नवम्बर को विशेष तिथियां निर्धारित है। इन विशेष तिथियों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने बूथ पर मतदाता सूची एंव फार्म के साथ उपस्थित रहेगें। कहा कि दिनांक 06 जनवरी 2025 को विधानसभावार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार अर्हता तिथि 01.01. 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन दिनांक़ 29 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय, कलेक्ट्रेट से आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली का एक सेट हार्ड कॉपी व सॉफ्ट कॉपी अवश्य प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभावार कुल स्थापित 1522 मतदेय स्थलों पर अपने दल के बूथ लेविल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दे ताकि बीएलओ एवं बीएलए का आपस में समन्वय स्थापित हो जाये द्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेविल एजेन्ट्स द्वारा एक बार में 10 तथा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में कुल 30 फार्म घोषणा पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। कहा कि इस मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जितनी नयी शादियां हुई है उन सभी महिलाओं का नाम मतदाता सूची में अंकित हो जाना चाहिए। इस मौके पर अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



नेहरू युवा केंद्र, कन्नौज के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जनता आदर्श इंटर कॉलेज नेरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक पंकज यादव व प्रधानाचार्य प्रीति यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को माइ भारत के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार के लिए माय भारत प्रिंटेड नोटबुक, पेन और कैप का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी राजेंद्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नीलम राजपूत, द्वितीय खुशी व तृतीय स्थान प्रियंका रही। विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। युवाओं को एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व बताते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

## बाइकों की भिड़ंत के बाद पत्थर से टकराया युवक, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। चकलवंशी। भदेवना चौराहे के पास बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार सड़क किनारे लगे पत्थर से टकरा गया। हेलमेट न लगा होने से सिर में गंभीर चोट आ गई। सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरा बाइक सवार भाग निकला। गंगाघाट कोतवाली के देवाराकला गांव निवासी सनी (30) पुत्र लक्ष्मीनारायन खेती करता था। शुक्रवार दोपहर तीन बजे वह गाजर का बीज लेने बाइक से जा रहा था। परियर-जगदीशपुर मार्ग पर भदेवना चौराहे के पास एक अन्य बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई।


# नाजायज 15 किलो गांजा सहित पति पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थानाअध्यक्ष की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए शुक्रवार की दोपहर बाद स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना व इलेक्ट्रनिक साक्ष्यो की मदद से घेरा बंदी कर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी इसी दौरान दो एयरबैग टांगे महिला और पुरुष दिखाई दिया।
पूछताछ करने पर कन्नौज निवासी आरिफ पुत्र स्वश्र मोहम्मद शाह 30 वर्षीय व नूरी पत्नी मोहम्मद आरिफ निवासिनी 25 वर्षीय मोहल्ला सुल्तानपीर हाजीगंज थाना व जिला कन्नौज से तलाशी लेना शुरू किया। तो बैग में लगभग 15 किलो नाजायज गांजा निकला।
इसके बाद थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को घटना के बारे में जानकारी दी। बाद में आरोपित पति-पत्नी नाजायज गांजा के साथ मु0अ0सं0 180/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया।
गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम थाना स्थानीय टीम, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव, शरद तिलारा प्रभारी स्वाट टीम थाना, उ0नि0 राहुल कुमार, हेका शैलेन्द्र यादव, हेका0 सत्यवीर अवाना, उ0नि0 दयाशंकर सिंह, का0 रोहित कुमार, उ0नि0 शादाब खान, का0 चयन कुमार जादौन, उ0नि0 अरुण कुमार राठी म0का0 पूनम यादव, उ0नि यूटी0 विशाल कुमार शर्मा, हेकां रामजस (सर्विलांस टीम) कां0 5346 अकबर खॉ, हे0कां0 बिजेन्द्र (सर्विलांस टीम)।
बिल्हौर एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने थानाध्यक्ष सहित टीम की क्षेत्रीय लोग ने सराहना की है।

# खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल ने नष्ट कराई साढ़े 13 लाख की मिठाइयां



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

दीपावली पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के क्रम में आज प्राप्त अभिसूचना के आधार पर जनपद के गुरसहायगंज के टाढा ग्राम में रविकांत के आवासीय परिसर में स्थित मिठाई निर्माण प्रतिष्ठान की उप जिलाधिकारी, छिबरामऊ थाना गुरसहायगंज की पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापे में जांच की गयी। छापे के दौरान निरीक्षण परिसर में अत्यंत अस्वास्थ्यकर लगभग तीस क्विंटल डोडा बर्फी, सफेद बर्फी मिठाई, लाल रंग की बर्फी मिठाई को तैयार करते हुए एवं ट्रे में कटिंग के लिए रखी हुई पाई गई, साथ ही काफी खराब हो चुकी कालातीत मिठाइयां भण्डारित पायी गयी। अपमिश्रण का संदेह होने पर 1-डोडा बर्फी, 2-सफेद बर्फी मिठाई, 3-लाल बरफी मिठाई,4- पेड़ा मिठाई के साथ निर्माण में प्रयोग किये जा रहे, 5- स्किम्ड मिल्क पाउडर, 6-सूजी, 7-सोया रिफाइंड एवं 8-स्टार्च पाउडर, आदि के एक-एक नमूने, कुल 8 नमूने संग्रहित करते हुए शेष स्टॉक को सीज करके खाद्य कारोबार कर्ता प्रतिनिधियों की अभिरक्षा में दे दिया गया, जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग रू0 6,00,000/- है। 30 कुन्तल दूषित मिठाई, जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग रू0 7,50,000/- है, नियमानुसार नमूना संग्रह उपरांत जे0सी0बी0 के द्वारा गहरे गढ्ढे में दबा कर नष्ट करा दिया गया। बिना खाद्य लाइसेन्स प्राप्त किये कारोबार करने के कारण तत्काल प्रभाव से उसके परिसर पर नियमानुसार एक नोटिस चस्पा करते हुए खाद्य करोबार को अग्रिम आदेशों तक के लिए बंद करा दिया गया। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाने की पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है। अभियान दल मे सहायक आयुक्त खाद्य उमेश प्रताप तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, अनिल कुमार राठौर एवं अरविन्द कुमार साहू द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

# ककवन विकासखंड अधिकारी की लापरवाही के चलते 2 दिन से मृत पड़ी गाय नहीं हट सकी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील के विकासखंड ककवन के अधिकारियों ने तो लापरवाही की हद ही पार कर दी। पिछले दो दिनों से मृत पड़ी गौवंश मिंटू सर्कल स्कूल के पीछे एक खेत पर बीमारी हालत में पड़ी थी उसका दो दिन तक इलाज हुआ इसके बाद उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद भी ककवन खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। गौवंश की दुर्गंध इतनी बढ़ गई कि उसमें कीड़े पड़ गए और बदबू आसपास के गेस्ट हाउस और समीप में लगे मिंटो सर्किल स्कूल के अंदर भी पहुंचने लगी। स्कूल बस के ड्राइवर ने बताया कि थोड़ी देर तक तो बच्चे सुबह बर्दाश्त करते रहे लेकिन 11ः00 बजे के आसपास जैसे हवा का झोंका आया। आधा दर्जन बच्चों ने उल्टियां करना शुरू कर दिया। प्रबंधक ने बच्चों की छुट्टी कर दी। सभी बच्चों को अपने घरों को भिजवाया लेकिन उन्होंने उल्टी कर रहे बच्चों का कहीं पर कोई उपचार नहीं कराया। प्रबंधक ने बताया कि जल्दबाजी में घर भिजवा दिया है उपचार नहीं हो सका है। लेकिन बच्चों का हाल-चाल सबके ठीक है और उन्होंने यह भी बताया कि मरी हुई गाय को उठवाने के लिए कई बार विकासखंड के अधिकारियों को फोन किया लेकिन उन्होंने एक न सुनी। थक-हार कर मैंने स्वयं 1400/- रू देकर जेसीबी मंगवा कर गौवंश को उचित स्थान पर मिट्टी में दफना दिया है। शनिवार की सुबह ककवन विकास खंड अधिकारी शिव नरेश राजपूत से फोन नं 9140818945 पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो बजते ही डॉक्टर सहित समस्त स्टाफ ड्यूटी से नदारत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य ककवन में दो बजतें ही स्टाफ चला जाता है। जबकि मरीजों की लंबी लाइन इन दिनों बीमारियों के चलते लगी रहती है शनिवार को कई बार शिकायत मिलने के बाद जब दोपहर 2ः42 पर जन एक्सप्रेस संवाददाता ने पहुंचकर हकीकत जानी तो पैथोलॉजी रूम खुला हुआ था। पंखे और लाइट चालू थी, वहीं पर बरामदे में आधा दर्जन मरीज डॉक्टर के आने का इंतजार करते हुए मिलें। लेकिन डॉक्टर के सारे कमरों में दरवाजे की कुंडी रोज की तरह लगी हुई थी, जब मरीजों से पूछा आप लोग क्यों बैठे हैं डॉक्टर तो नहीं है उन्होंने बताया कि हम लेट हो गए दूर से आए हैं कभी कबार मिल जाते हैं आज वह भी नहीं है अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के लिए आवास भी बने हुए हैं। परिसर में वही खाना खाने चले गए होंगे हम देखते हैं ऐसा कभी नहीं होता है अस्पताल डॉक्टर से कभी खाली नहीं रहता है आकस्मिक सेवाएं 24 घंटे जारी रहती हैं। समझने वाली बात यह है। कि जहां एक और प्रदेश सरकार प्रदेश में अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर संकल्पित है वही डॉक्टर का ऐसा रवैया कहीं ना कहीं केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के स्वप्न को धूमिल करते हुए नजर आ रहें हैं।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय जानकी कुंड परियर में खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

परियर। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जानकी कुण्ड परियर में न्याय पंचायत स्तर पर, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए उच्च प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों पूर्व माध्यमिक विद्यालय जानकी कुण्ड की मैराथन दौड़ में जीत हुई। परियर संयुक्त स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय जानकी कुंड में संपन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बेबी केयर हॉस्पिटल कल्यानपुर चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ ए के कृष्णावत, आदर्श द्विवेदी, ने फीता काट कर किया। इसके पशचात माँ सरस्वती का पूजन अतिथियों का सम्मान प्रा स्तर बालक वर्ग 50मी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें अखिलेश सैदापुर प्रथम, नीरज मरौंदा सूचित द्वितीय स्थान,अंशु ने स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सान्या प्रथम, सिमरन द्वितीय स्थान व आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर स्तर में 100 मीटर में गौरव जानकी कुंड प्रथम 200 मीटर में अनूप जानकी कुंड प्रथम 400 मीटर में गौरव प्रथम 600 मी अनूप जानकी कुंड प्रथम रहा। कबड्डी खो- खो लंबी कूद समूह गान रिले रेस आदि का आयोजन भी किया गया। समूह गान में जानकी कुंड प्रथम, रिले रेस में मरौंदा मझवारा प्रथम रहा कार्यक्रम में आयुष्मान मल्टी सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल वेदांता अस्पताल के चिकित्सकों ने भी पहुंच कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कीड़ा प्रभारी अनुराग ब्लॉक पी.टीआई राजेद्र , खेल समिति के सदस्य वंदना राठौर, अनुपम शुक्ला, अर्पित सिंह राजू सिंह, सुरेंद्र कुमार, दीप्ति गोयल, आरती शुक्ला, गिरीश पांडे, रामनारायण, करुणेश त्रिपाठी, माया उपाध्याय, इंद्राणी देवी, वैदेही शुक्ला, अनीता त्रिवेदी, कोकिला देवी, दिनकर राव, मोहित गुप्ता राहुल सिंह अमित मिश्रा, ज्योति त्रिपाठी, अभय राज तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

# ईरान पर इजराइल का 100 मिसाइलों से हमला

## मिसाइल फैक्ट्रियों-सैन्य अड्डे को निशाना बनाया, 20 ठिकाने तबाह, 2 सैनिकों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान/तेल अवीव**

इजराइल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भी हमला हुआ है। हमले स्थानीय समयानुसार देर रात 2:15 बजे शुरू हुए और तड़के 5 बजे तक जारी रहे। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान पर हमला करने के लिए 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया। हमले में एफ-35 का भी इस्तेमाल किया गया। सीरिया में रडार ठिकानों पर इजराइल ने शुरुआती हमला किया। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया।



### रूस ने हमले से पहले ईरान को चेतावनी भेजी थी

स्काई न्यूज अरबिया के मुताबिक रूस ने ईरान पर हमले से पहले उसे चेतावनी दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले से कुछ घंटे पहले ईरान को सूचना दी गई कि उस पर कई चरणों में हमले किए जा सकते हैं। जराइल डिफेंस फोर्स ने रात में 2.30 बजे इसकी जानकारी दी। आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा- 1 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। ईरान और मिडिल ईस्ट में उसके सहयोगी 7 अक्टूबर 2023 से 7 मोर्चों पर हम पर हमले कर रहे हैं। हमें भी जवाब देने का हक है। अपनी रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे। हमले के बाद इजराइल, ईरान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने इजराइल का समर्थन किया है और कहा है कि यह ईरान के हमले का जवाब है। ईरान ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमले तेहरान, कुजेस्तान और ईलाम राज्यों में हुए। इसमें से कई हमले को हवा में ही रोक दिया गया, इसलिए बहुत कम नुकसान हुआ।

### इजराइली हमले में 2 ईरानी सैनिकों की मौत

ईरान की स्टेट न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक इजराइली हमले में कम से कम 2 ईरानी सैनिकों की मौत हो गई है। सऊदी अरब ने ईरान पर हमले की निंदा की है। सीएनएन के मुताबिक सऊदी ने इसे 'संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून' का उल्लंघन बताया है। हालांकि इस बयान में सऊदी अरब ने इजराइल का नाम नहीं लिया है। सऊदी ने सभी पक्षों से संभव बरतने की अपील की है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संघर्ष समाप्त करने को लेकर काम करने को कहा है।

### इजरायली हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन: सऊदी अरब

सऊदी अरब ने शनिवार को ईरान पर इजरायली सेना की कार्रवाई की निंदा की। रियाद ने कहा कि यह तेहरान की संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सऊदी अरब, क्षेत्र में निरंतर बढ़ते तनाव और संघर्ष के विस्तार को अस्वीकार करने के अपने रुख पर कायम है। बयान में कहा गया, राज्य सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने और तनाव को कम करने की अपील करता है और क्षेत्र में जारी सैन्य संघर्षों के परिणामों के बारे में चेतावनी देता है। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, प्रभावशाली और सक्रिय पक्षों से क्षेत्र में संघर्षों को समाप्त करने की दिशा में अपनी भूमिकाएं, जिम्मेदारियां निभाने की अपील की।

### ईरान में हवाई सेवाएं बहाल हुईं

ईरान में हवाई सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। इजराइली हमले के बाद इसे कुछ घंटे के लिए रोक दिया गया था। ईरान सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ने कहा कि 11 बजे तक एयर स्पेस बंद रखेगा। ईरान पर इजराइल हमले के बाद राष्ट्रपति प्रशासन की तरफ से बयान जारी हुआ है। इसमें कहा गया है कि इजराइल को अपनी हिफाजत करने का हक है। लेकिन राष्ट्रपति बाइडेन ईरान के न्यूक्लियर साइट्स और तेल भंडारों को निशाना बनाने का समर्थन नहीं करेंगे। क्योंकि इससे मिडिल ईस्ट में संघर्ष और बढ़ सकता है। अमेरिका इससे पहले भी इजराइल को इन जगहों पर हमले न करने की सलाह दे चुका है। हालांकि आज के हमलों के बाद इजराइल ने कहा कि उन्होंने सिर्फ ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### अमेरिका बोला, इजराइली हमले का जवाब न दे ईरान

अमेरिका ने ईरान से अपील की है कि वे इजराइली हमले का जवाब न दे। बीबीसी के मुताबिक अमेरिकी अधिकारी ने एक बयान में कहा कि अगर ईरान एक बार फिर से हमला करने का फैसला करता है तो इसके लिए हम तैयार हैं। ईरान को एक बार फिर से परिणाम भुगतना होगा और अमेरिका ऐसा होता देखना नहीं चाहता। बयान में आगे कहा गया है कि इजराइल और ईरान को अब एक-दूसरे पर हमले रोक देने चाहिए। अमेरिका लेबनान और गाजा में सीजफायर की कोशिश के लिए तैयार है। इसके साथ ही इजराल से बंधक बनाए गए लोगों की वापसी भी चाहता है।

### इजराइल बोला, 1 अक्टूबर के हमले का बदला लिया

ईरान में इजराइल के हमलों के बाद, आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगारी ने चेतावनी दी कि अगर ईरान फिर से हमला करने की 'गलती' करता है तो इजराइल उसका जवाब देगा। हगारी ने कहा कि हमने ईरान के हमले का बदला ले लिया है। हमने ईरान में उनके सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए। ईरान ने इजराइली हमले की पुष्टि की है। ईरानी एयर डिफेंस ने कहा कि इजराइल ने कुछ जगहों पर हमले किए हैं जिससे थोड़ा नुकसान हुआ है। ये हमले तेहरान, कुजेस्तान और ईलाम राज्यों पर किए गए। इसमें से कई हमले को हवा में ही रोक दिया गया।

### इजराइल बोला, हमले के बाद सुरक्षित लौटे फाइटर जेट्स

आईडीएफ ने कहा कि फाइटर जेट और स्पाई जेट की मदद से 1,600 किमी दूर हमला हुआ। ये हमले कई चरणों में हुए। हमले के बाद उनके विमान सुरक्षित वापस लौट आए। इस ऑपरेशन को 'पछतावे के दिन' नाम दिया गया। आईडीएफ ने कहा कि ये हमले ईरान के सैन्य ठिकाने, एयर डिफेंस साइट और बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों पर किए गए। 1 अक्टूबर और 14 अप्रैल को इजराइल पर हमले के लिए इन्हीं जगहों का इस्तेमाल किया गया था। ईरान ने 1 अक्टूबर को हमले के बाद इजराइल को पलटवार न करने की चेतावनी दी थी। ईरान ने कहा था कि अगर इजराइल ऐसा करता है तो वे इसका जवाब देंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची, 22 उम्मीदवारों के नामों का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। इसमें कुल 22 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए सबसे पहले 99 प्रत्याशियों के नाम घोषित किया गया था। इस तरह से भाजपा ने राज्य में अब तक कुल 121 प्रत्याशियों के नामों का एलान कर दिया है। भाजपा की दूसरी सूची में 22 उम्मीदवारों में सिर्फ एक महिला उम्मीदवार का नाम शामिल हैं। भाजपा ने धुले ग्रामीण विधानसभा सीट से राम भदाणे, मलकापुर से चैनसुख मदनलाल संचेती, अकोट से प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले, अकोला पश्चिम विजय कमलकिशोर अग्रवाल, वाशिम श्याम रामचरणजी खोडे, मेलघाट से केवलराम तुलसीराम काले गढ़चिरौली से मिलींद रामजी नरोटे, राजुरा से देवराव विठोबा भोंगले, ब्रह्मपुरी से कृष्णलाल बाजीराव सहारे, वरोरा से करण संजय देवतले और नासिक मध्य सीट से देवयानी सुहास फरांदे को उम्मीदवार बनाया गया है।

### एनसीपी शरद गुट ने जारी की 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची, अब तक 67 प्रत्याशी उतार चुकी पार्टी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी शरद गुट ने दूसरी सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में 22 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। बीड से संदीप क्षीरसागर, नासिक पूर्व से गणेश गीते और पिंपरी से सुलक्षणा शीलवंत को टिकट दिया गया है। एनसीपी शरद के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि अब तक दो सूची में 67 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्र से जीत हासिल करेंगे। जयंत पाटिल ने कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे, इसमें कांटेंगे वाले शब्द का क्या मतलब है? महाराष्ट्र में न तो लोग बंटेंगे और कटेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को पता है कि क्या काटना है? हम किसी को कटने और बंटने नहीं देंगे। महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे के मुद्दे पर जयंत पाटिल ने कहा कि अब कोई बैठक नहीं होनी है। सभी चर्चाएं फोन पर हो रहीं हैं। एमवीए में सीट बंटवारे को लेकर कोई फार्मूला तय नहीं है। केवल उम्मीदवारों की जीत की क्षमता को लेकर फैसले लिए गए हैं। कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी सभी 90-90 सीटों पर लड़ रही हैं। किसी की दो-तीन सीट ज्यादा और कम हो सकती हैं। हमारा प्रयास अपना बेहतर उम्मीदवार खड़ा करना है।

### फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मांगी मदद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मदद मांगी गई है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने में मदद के लिए एक्स, मेटा और अन्य प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है। वहीं जानकारी के मुताबिक फर्जी बम धमकियों के मामले में सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की तरफ से उचित परिश्रम अनुपालन में विफलता के मामले में परिणामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही भाजपा

### आप का बड़ा आरोप, वे धमकी दे रहे, जहां जाएंगे, वहीं करेंगे हमला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर हमला बोला है। आप नेताओं का आरोप है कि हमला करने वाले भाजपा के लोग हैं। इसमें मुख्य आरोपी भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित सहरावत है। आप का दावा है कि आरोपी की फोटो सोशल मीडिया में गृहमंत्री अमित शाह के साथ है। वहीं, दूसरा आरोपी भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री अरुण ध्राल है। आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि केजरीवाल से चुनाव न जीतने पर भाजपा ने अब उन्हें खत्म करने का रास्ता चुना है। इस वजह से उन्हें ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर जेल में डाला था। उनकी इंसुलिन रोकी, अब जान की दुश्मन बन गई है। भाजपा खुलेआम धमकी दे रही है।



संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस हमलावरों के सामने हाथ जोड़े खड़ी थी। शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। आप और केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि जहां जाएंगे, वहीं हमला करेंगे।

#### आप का अभियान जारी रहेगा: संजय सिंह

संजय सिंह ने दावा किया कि विकासपुरी में जो हुआ उसमें पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है। केजरीवाल पर हमला करने के बाद इन लोगों का मनोबल इतना बढ़ा है कि ये लोग वीडियो में खुलेआम कह रहे हैं कि जहां भी केजरीवाल जाएंगे, वहां उनके ऊपर हमले होंगे। सिंह ने कहा कि केजरीवाल को एक खरोंच भी लगती है या कुछ भी होता है तो इसके लिए जनता अपना बदला लेगी। उन्होंने कहा कि आप का अभियान जारी रहेगा, वह रुकेगा नहीं।

#### भाजपा को हमले की आलोचना करनी चाहिए थी

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जो पार्टी चुनाव हार रही होती है वो दूसरी पार्टी के नेता पर हमला करवाती है। भाजपा को केजरीवाल पर हमले की आलोचना करनी चाहिए थी लेकिन विजेंद्र गुप्ता और वीरेंद्र सचदेवा इसे सही ठहरा रहे हैं। ये जिन दो भाजपा के लोगों ने केजरीवाल पर हमला करने के बाद नाच रहे थे वो भाजपा की तरफ से पार्षद का चुनाव हार चुके हैं।

#### 'भाजपा केजरीवाल की राजनीति को रोक नहीं सकती'

आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल और उनकी राजनीति को रोक नहीं सकती। उन्होंने हरसंभव कोशिश की, लेकिन उन्हें रोक नहीं पाए, इसलिए बीजेपी अब केजरीवाल जी को रास्ते से हटाना चाहती है। कल भाजपा ने अपने दो गुंडे पदाधिकारियों को काम पर लगाया और उन्हें अरविंद केजरीवाल जी पर हमला करने के लिए कहा। भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं को खुद पर शर्म आनी चाहिए।



## डॉ. शिवम तिवारी को आचार्य नागराज नागप्पा शिखर सम्मान

■ हिन्दी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए किए गए पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापटनम के हिंदी विभाग के प्रो.जी सुंदर रेड्डी हिंदी सभागार में आयोजित सारस्वत समारोह में हिंदी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. शिवम तिवारी को आचार्य नागराज नागप्पा शिखर सम्मान-24 से सम्मानित किया गया. नई शिक्षा नीति के अनुरूप सीबीएसई एवं आईसीएसई की कक्षा 5 के पाठ्यक्रम में डॉ. तिवारी द्वारा जीवनी पर आधारित लेख को शामिल किया गया है. डॉ. संतोष द्वारा इग्नू से डॉ. तिवारी के साहित्य पर प्रोजेक्ट वर्क भी किया जा रहा है. साथ ही इनके साहित्य पर कई विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट कार्य लिए जा रहे हैं. सम्मान समारोह में चर्चित प्रवासी साहित्यकार डा. सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक (नॉर्वे), साहित्य भूषण प्रो. महेश दिवाकर, अवधि साहित्य संस्थान के अध्यक्ष प्रो. अर्जुन पांडेय, विशाखा परिषद के अध्यक्ष आचार्य एस. एम. इक़बाल, प्राचार्य एवं हिंदी विभाग के अध्यक्ष (आंध्र विवि) प्रो. ए. नरसिम्हा राव, पूर्व आचार्य एस. शेषारत्नम, हिंदी विभाग आंध्र विवि. की आचार्य जे. विजया भारती, सेंट जोसेफ महिला कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पी के जयलक्ष्मी, गायत्री विद्या परिषद कालेज फर डिग्री एण्ड पी जी कोर्सेस (ए) की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता, बी वी के डिग्री कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष मो. जेबुन्निसा, समाजसेवी शालिनी तिवारी, डॉ. के शांति, केंद्रीय शिक्षण मंडल के सहायक निदेशक आरुणि त्रिवेदी, भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन अनुराग राघव, गीतकार हरिनाथ शुक्ल हरि, डा. संतोष कुमार, डॉ. जे. पी. सिंह, युधिष्ठिर पांडेय एवं डा. नूरी राघव आदि विद्वान उपस्थित रहे. सम्मान स्वरूप शाल एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया. गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद के अन्तू निवासी, 23 पुस्तकों के लेखक, लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकार, बहुआयामी काव्य-प्रतिभा के धनी, केंद्र सरकार में पदस्थ एवं महज 32 वर्ष की उम्र में अनेक उपलब्धियों को अपने नाम कर चुके डॉ. शिवम तिवारी को यह सम्मान हिंदी विभाग, आंध्र विवि एवं विशाखा हिंदी परिषद द्वारा दिया गया।



## गाय के गोबर से बनाएं दिवाली के दिये, दिवाली को यूं इकोफ्रेंडली बना रहीं जयपुर की महिलाएं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

गोबर को अभी तक सिर्फ खाद व उपलों के रूप में उपयोग में लाया जाता था, लेकिन अब विश्व में गाय के गोबर की उपयोगिता सिद्ध हो चुकी है। अब देशभर में गोबर से बनी पूजा सामग्री को भी उपयोग में ला रहे हैं। हम आपको बता दे की पिछले आठ वर्षो जयपुर के मथुरावाला गांव की महिलाये गाय के गोबर से बने दीये बनाती आ रही। आपको ज्ञात होगा की भारतवर्ष में गाय को माँ भी माना जाता है। जयपुर के मथुरावाला गौशाला में गाय के गोबर से ये दीपक तैयार किए जा रहे हैं। चेतनाग्राम संस्थान की अध्यक्ष विभा अग्रवाल जी ने बताया की गुरु जी पंडित श्री राम आचार्य जी के सौ सूत्रों में से हमने स्वाबलंबन को चुना, जिसके परिणाम सवरूप चेयनाग्राम संस्थान के जरिये यह दीपक बनाए जा रहे हैं। जो की इन मथुरावाला गांव की महिलाओ की रोजी रोटी जरिया बनता जा रहा है और ये महिलाये अपने परिवार का पालन इसी के जरिये करने की कोशिश करती है। कहते है की दिवाली अन्धकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। गुरु जी पंडित श्री राम आचार्य जी कहते थे की दिवाली पर गोबर के दिए जलाने से माँ लक्ष्मी की विशेष कृपा मिलती है।

## वैश्विक दक्षिण के देशों का भारत पर भरोसा: जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भारत के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये देश किस तरह से अपने विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की मदद लेते हैं। जयशंकर ने तीन उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने किस तरह से इन देशों से समर्थन और भरोसा हासिल किया है।

### कई देशों को भारत से मिला पहला कोविड टीका

पुणे में एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए जयशंकर ने कहा, वैश्विक दक्षिण का मतलब क्या है? इसका मतलब उन देशों से है जो कभी उपनिवेश रहे हैं, जिन्होंने अपनी स्वतंत्रता हासिल की है या जो अभी विकासशील हैं। ये ज्यादातर निम्न आय वाले देश हैं। इन देशों का भारत पर उच्च स्तर का भरोसा व उम्मीद है और इसके कारण भी हैं। मैं आपको तीन उदाहरण दे सकता हूं। पहला, वैश्विक दक्षिण के लोगों को याद है कि कोविड-19 के दौरान जब विकसित देश टीकों का भंडारण कर रहे थे, तब कई देशों ने अपना पहला टीका भारत से लिया। भारत ने अपने लोगों को टीका लगाने के साथ-साथ दूसरे देशों को भी मदद की, जिसका वैश्विक स्तर पर गहरा भावनात्मक असर पड़ा।



### आज भारत के पास एक आत्मविश्वास है: जयशंकर

उन्होंने आगे कहा, दूसरा उदाहरण यूक्रेन का है और तीसरा जी-20 बैठक का है। अफ्रीकी संघ कई वर्षों से जी-20 में एक सीट चाहता था। हर बैठक के पहले दिन अफ्रीकी संघ से कहा जाता था कि चिंता मत करो, इस बैठक में हम आपके बारे में सोचेंगे लेकिन अंतिम कुछ नहीं होता था। अफ्रीकी देशों का मानना है कि भारत में संवेदना है, भारत की प्रतिष्ठा है और आज भारत के पास एक आत्मविश्वास है। उन्होंने बताया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी, तब यह तय किया गया था कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिलकर आगे की दिशा पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने कहा, अगर आज हम इस स्थिति में पहुंचे हैं, तो इसका एक कारण है कि हमने अपनी स्थिति पर डटे रहने और अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने के लिए ठोस प्रयास किए। हमारी सेना एलएसी पर अत्यधिक कठिन परिस्थियों में देश की रक्षा कर रही थी और उन्होंने अपना दायित्व निभाया, जबकि कूटनीति ने भी अपनी भूमिका निभाई।

#### चीन के साथ एलएसी पर गश्त को लेकर समझौते पर क्या कहा

विदेश मंत्री ने चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए हुए समझौते को सैन्य बल और प्रभावी कूटनीति का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता ऐसी परिस्थितियों में संभव जो जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। पुणे में छात्रों से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन के बीच रिश्तों को सामान्य होने में अभी भी समय लगेगा, क्योंकि भरोसे और सहयोग की भावना होनी जरूरी है।

### पहले सीमा पर बुनियादी ढांचे को किया गया था नजरअंदाज

पिछले एक दशक में भारत ने अपनी सीमा पर बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। उन्होंने कहा, पहले के वर्षों में सीमा पर बुनियादी ढांचे को वास्तव में नजरअंदाज किया गया था। आज हम हर साल पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहे हैं, जिसके परिणाम दिख रहे हैं और इससे सेना प्रभावी रूप से तैनात होने में सक्षम हो पा रही है।

## 50-50 करोड़ में विधायकों को खरीदने की कोशिश का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल के वन मंत्री और एनसीपी नेता ए के ससीन्द्रन ने शनिवार को कहा कि पार्टी विधायक थॉमस के थॉमस के खिलाफ लगे आरोपों पर पार्टी नेतृत्व उचित कार्रवाई करेगा। एनसीपी विधायक थॉमस के थॉमस पर विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश के आरोप लगे हैं। आरोपों की न्यायिक जांच की मांग पर ससींद्रन ने कहा कि इस संबंध में संबंधित व्यक्ति यानी सीएम पी. विजयन ही फैसला लेंगे। वन मंत्री की यह प्रतिक्रिया केरल की मीडिया रिपोर्टों पर उठे विवाद के एक दिन बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि राज्य के एनसीपी विधायक थॉमस के थॉमस, जो शरद पवार की पार्टी से संबंधित हैं, उन्होंने दो अन्य वामपंथी विधायकों को अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल होने के लिए 50-50 करोड़ रुपये देने की पेशकश की थी।

## गुजरात में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे पीएम, सी-295 सैन्य विमान का निर्माण होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात का दौरा करेंगे, जहां वह अपने स्पेन के समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर %टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स% का उद्घाटन करेंगे। यह कॉम्प्लेक्स सी-295 विमान के निर्माण के लिए बनाया गया है। इस कॉम्लेक्स को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएसीएल) के परिसर में बनाया गया है।

### 40 विमानों का भारत में होगा निर्माण

सी-295 परियोजना के तहत 56 विमानों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें से 16 विमान एयरबस के जरिए सीधे स्पेन से प्रदान किए जाएंगे। जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। टीएसीएल इन 40 विमानों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए पहील



निजी क्षेत्र की फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इस प्रक्रिया में विमान के निर्माण से लेकर असेंबली, परीक्षण और उसे सक्षम बनाने से लेकर डिलीवरी व रखरखाव तक के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का विकास शामिल होगा।

### परियोजना में योगदान देंगी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां

टाटा के अलावा इस परियोजना में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और भारत डायनामिक्स लिमिटेड जैसी प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां भी योगदान देंगी। साथ ही इसमें निजी एमएसएमई भी शामिल होंगे। अक्तूबर 2022 में प्रधानमंत्री ने वडोरा में फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) की आधारशिला रखी थी। दोपहर के अंत में प्रधानमंत्री वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस का दौरा करेंगे।

#### 2,800 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनकी लागत 2,800 करोड़ रुपये से अधिक होगी। उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में एनएच 151, एनएच 151ए और एनएच 51 के विभिन्न खंडों का चार-लेन बनाना और जूनागढ़ बाईपास शामिल हैं। जामनगर जिले के ध्रोल बाईपास से मोरबी जिले के अमरान तक चार-लेन बनाने की परियोजना का भी शिलान्यास करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)